


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 3 कारण क्यों हार्दिक पंड्या की नहीं बनती टी-20 वर्ल्ड कप में जगह ...

डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडेन को घेरा, कहा- मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी ... 12



वर्ष : 11 | अंक : 331 | पटना, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### मुर्मु, धनखड़, मोदी, बिड़ला ने दी भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रिपरिषद के विभिन्न सदस्यों, अनेक सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर रविवार को उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने संसद भवन परिसर में आयोजित समारोह में अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर की श्रद्धा सुमन अपर्तित किए। संसद भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी और समाज सुधारक डॉ अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कई केंद्रीय मंत्री, संसद सदस्य, पूर्व संसद सदस्य, अनेक गणमान्य व्यक्ति और समाज के विभिन्न वर्गों से आए बहुत से लोग शामिल थे। लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक और कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा और राज्यसभा के महासचिवों क्रमशः उत्पल कुमार सिंह और पी सी मोदी ने भी संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

### भारत ने ईरान इजरायल से की शांति की अपील

नई दिल्ली। भारत ने पश्चिम एशिया में इजरायल पर ईरान के हमले पर गहरी चिंता जताते हुए आह्वान किया कि वे हिंसा छोड़ कर कूटनीति एवं संवाद की दिशा में लौटें। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा, हम इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता से गंभीर रूप से चिंतित हैं जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। हम तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने, हिंसा से पीछे हटने और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम तेजी से बदलती स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। क्षेत्र में हमारे दूतावास भारतीय समुदाय के साथ निकट संपर्क में हैं। यह महत्वपूर्ण है कि क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनी रहे। रिपोर्टों के अनुसार ईरान ने 185 ड्रोन, 110 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें और 36 क्रूज मिसाइलें इजरायल पर दागीं जिन्हें ईरान, इराक और यमन से लॉन्च किया गया था।

### बागेश्वर में कार खाई में गिरी, चार युवकों की दर्दनाक मौत

बागेश्वर/नैनीताल। उत्तराखंड के बागेश्वर में रविवार को सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक कार के खाई में गिरने से चार युवकों की मौत हो गयी है। मृतकों में तीन एक ही गांव के रहने वाले हैं। शवों को बाहर निकाला गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल के अनुसार बालीघाट-धरमधर मोटर मार्ग पर आज सुबह ग्राम भाटनीकोट के पास एक अल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में जा गिरी। जिससे चार युवकों की मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन बल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ राहत व बचाव कार्य चलाया गया। चारों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। शवों को बाहर निकाल लिया गया है। मृतकों में तीन एक ही गांव जुनाइल दोफाड़ के हैं।

## लोस चुनाव : भाजपा ने मोदी की गारंटी नाम से संकल्प पत्र किया जारी, अगले पांच साल तक मुफ्त राशन

# युवा-नारी शक्ति, गरीब व किसान, विकसित भारत के चार स्तंभों पर फोकस

### आने वाले पांच साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की गारंटी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए रविवार को अपना संकल्प पत्र मोदी की गारंटी 2024 को जारी किया। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय के विस्तारित भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में यह संकल्प पत्र जारी किया है। संकल्प पत्र जारी होने के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने घोषणात्र की सुचिता को फिर स्थापित किया है।

ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ-युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा एवं गुणवत्ता और निवेश से नौकरी पर है। पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए मुफ़्त भोजन की योजना पांच साल और चलेगी ताकि वे किसी वजह से फिर से गरीबी के जाल में नहीं फंस जाएं। भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि 10 साल इस बात का प्रमाण है कि मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी होने की गारंटी है।



इस संकल्प पत्र में पार्टी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी ज्ञान-(गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति) को लेकर आगे बढ़ रही है और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रही है। एक व्यक्ति, जो आज भरोसे का पर्याय बन चुका है। क्योंकि मोदी की गारंटी ही गारंटी पूरी होने की गारंटी है। आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये है मोदी की गारंटी। इस संकल्प पत्र को तैयार करने के लिए विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा के दौरान के प्राप्त सुझावों, विभिन्न संस्थाओं एवं व्यक्तियों से प्राप्त सलाहों और नमो ऐप एवं ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त कुल करीब 15 लाख सुझावों को संकलित किया गया है। इन सुझावों की आर्थिक व्यवहार्यता का अध्ययन करने के बाद उनकी 360 डिग्री समीक्षा की गयी तथा चुने सुझावों को समेकित करके उन्हें 24 विषयों में वगीकृत किया गया। पुनः इनमें से दस विषयों को गरीब कल्याण एवं सामाजिक विकास के वर्ग में तथा 14 विषयों को विकसित भारत के वर्ग में रखा गया है। समारोह को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा श्री राजनाथ सिंह एवं भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा ने संबोधित किया।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक होगी सख्त कार्रवाई : मोदी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पार्टी के संकल्प पत्र को 140 करोड़ देशवासियों की एंबीशन (आकांक्षाओं) पूरा करने का मिशन बताया। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने की हमारी सोच से प्रेरित है। भाजपा लोगों को सम्मान के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन और नए अवसर देना चाहती है। उन्होंने एकसाथ राज्यों और केन्द्र में चुनाव और समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी।

**काल के विचारों को आगे बढ़ा रही पार्टीः जेपी नड्डा**

जेपी नड्डा ने आगे कहा,हम जानते हैं कि आज संकल्प पत्र का चित्रांकन होगा। लेकिन हम लोगों को ये भी ध्यान रखना चाहिए कि बीजेपी और जनसंघ काल से शुरू हुई एक असंबद्ध आधारित पार्टी के गुण, उन विचारों को लगातार छोड़े गए वाद्ययंत्र अधिष्ठान की यात्रा में हम सब लोग शामिल हैं। जब-जब चुनाव आता है, तब-तब हम सब लोग उसी तरह से विसवत यात्रा को आगे बढ़ाने का काम करते हैं।

### गैस कनेक्शन व पीएम सूर्यघर से जीरो बिजली बिल का वादा

संकल्प की खास बातें :आने वाले पांच साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की गारंटी। अगले पांच साल तक मुफ्त राशन, पानी और गैस कनेक्शन और पीएम सूर्यघर से जीरो बिजली बिल। आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज जारी रहेगा। मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर, स्वास्थ सेवाओं का विस्तार। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होगी, हर नागरिक को हाई क्वालिटी शिक्षा प्राप्त होगी। 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करेंगे। युवाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, हाईवैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप और टूरिज्म और खेल के जरिये लाखों रोजगार के अवसर मिलेंगे।

नारी तू नारायणी के तहत आगे 3 करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे। महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप को सर्विस सेक्टर से जोड़कर नए अवसर देंगे। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ओस्टियोपोरोसिस पर विशेष ध्यान देंगे। महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनाए जाएंगे। नारी वंदन अधिनियम को लागू करेंगे। बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश करेंगे। श्रीअन्न को सुपर फूड की तरफ स्थापित करेंगे। नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती से जमीन की सुरक्षा करेंगे। कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे। मछुआरों के लिए नाव का बीमा, फिश प्रोसेसिंग यूनिट, सैटेलाइट के जरिये समय पर जानकारी इन सब को मजबूत करेंगे। मछली पालकों को सी-वीड और मोती की खेती के लिए प्रोत्साहित करेंगे। गिग वर्कर्स, माइग्रेंट वर्कर्स, टैक्सी ड्राइवर, ट्रक ड्राइवर, ऑटो ड्राइवर, कुली और घर में काम करने वाले श्रमिकों ई-श्रम पर जोड़ कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देंगे।

हाईवे पर ट्रक चालकों के लिए आधुनिक सुविधाएं बनवाएंगे। भारत योग का ऑफिशियल सर्टिफिकेशन देगा। विश्वभर में तिरुवल्लूवर कल्चरल सेंटर के माध्यम से भारत की संस्कृति को विश्व में ले जाएंगे। भारत की क्लासिकल भाषाओं के अध्ययन की व्यवस्था उच्च शिक्षण संस्थाओं में करेंगे। 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित करेंगे। एकलव्य स्कूल, पीएम जनमन, वन उत्पादों में वैल्यू एडिशन एवं ईको टूरिज्म को बढ़ावा देंगे। ओबीसी, एससी, एसटी समुदायों को जीवन के हर क्षेत्र में सम्मान देंगे। भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की गारंटी। अर्बन हाउसिंग, ट्रांसपोर्टेशन, वाटर मैनेजमेंट, साफ हवा, कचरे के ढेर से मुक्ति और स्वच्छ पानी के लिए मिशन मोड पर काम होगा। विश्वभर में रामायण उत्सव मनाएंगे। अयोध्या का विकास होगा। 5जी नेटवर्क टेक्नोलॉजी का विस्तार करेंगे, 6 जी पर काम करेंगे। भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक सख्त कार्रवाई होगी।

परफॉर्म, रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म का मंत्र शासन के हर क्षेत्र में लागू होगा। भारतीय न्याय संहिता लागू होगी। वन नेशन, वन इलेक्शन के साथ ही कॉमन इलेक्टोरल रोल की व्यवस्था होगी। समृद्ध भारत के लिए विश्वकर्मा परिवारजन, एमएसएमई और छोटे ट्रेडर्स को स्किल सिखाने, क्रेडिट देने, और उनके उत्पादन को बाजार से जोड़ने की गारंटी।

भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की गारंटी। रेलवे में नई पटरियां जुड़ेंगी। नई वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनें आएंगी। वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनेंगे, आने वाले वर्षों में वेटिंग लिस्ट की समस्या खत्म होगी। नए एयरपोर्ट हाईवे, मेट्रो, अंडरवाटर मेट्रो का निर्माण जारी रहेगा। उत्तर, दक्षिणी पूर्वी भारत में बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की फिजिबिलिटी स्टडी शुरू होगी। नॉर्थ-ईस्ट में विकास यात्रा जारी रहेगी। तटीय, द्वीप, पहाड़ी हर क्षेत्र की विशेष जरूरतों के अनुसार मास्टर प्लान बनाने की तैयारी। भारत स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्वांटम, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वीकल टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनेगा। 2047 तक उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करेंगे। पेट्रोल आयात को कम करेंगे।

# बिहार के विकास में केंद्र सरकार से मिल पूरा रहा सहयोग : नीतीश

### मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से पंचायत अध्यक्षों से किया संवाद

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को वर्चुअल माध्यम से विभिन्न लोकसभा क्षेत्र के पंचायत अध्यक्षों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव सम्बंधित तैयारियों का जायज लिया साथ ही एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने हेतु पार्टी के तमाम पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर एवं बांका लोकसभा जिसमें 9 सांगठनिक जिलों के 90 प्रखण्ड इकाई एवं 1174 पंचायत इकाई के अलावे इन पांचों लोकसभा के प्रमुख साथियों सहित तकरीबन 5 हजार लोग इस वर्चुअल बैठक में शामिल हुए। साथ ही प्राथमिक इकाई के 14 लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना विचार रखा। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए को जीत दिलाने के लिए सभी लोगों को मजबूती से काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है इसलिए हमें पुनः नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सारी जगहों पर भी जाएंगे और आम लोगों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री ने राजद को भी निशाने पर लिया और कहा कि 15 सालों में उनलोगों ने कुछ नहीं किया। सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाने का काम किया। हमें मौका मिल तो हमनें बिहार की महिलाओं को पंचायती राज एवं नगर निकायों में 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। 2005 में बिहार का बजट 24 हजार करोड़ रुपये थे लेकिन आज वही बजट 2 लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। 2005 के बाद हिन्दू-मुस्लिम के बीच होने वाले झगड़े बिल्कुल बंद हो गए। श्री नीतीश कुमार ने अपील करते हुए कहा कि पिछली बार से बड़े अंतर से जीत हासिल करने का संकल्प लें। इस वर्चुअल बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी एवं राज्यसभा सांसद सह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार झा ने भी अपने विचार रखें। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधानपार्षद सह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह, डॉ नवीन आर्या चंद्रवंशी एवं मनीष कुमार मौजूद रहें।



# कितने लोगों की मिलेगी नौकरी, घोषणापत्र में जिक्र नहीं : तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भारतीय जनता पार्टी घोषणा पत्र पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तंज कसा है। रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बीजेपी के घोषणा पत्र में किसी के लिए कुछ नहीं है। मेनिफेस्टों में सिर्फ इधर-उधर की बातें कही गई हैं। तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी ने जो चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें युवाओं का कोई जिक्र नहीं किया गया है। देश में 60 फीसदी युवा हैं लेकिन उनके लिए बीजेपी के घोषणा पत्र में कुछ नहीं है। उसी तरह से देश में 80 फीसद किसान हैं और किसानों के बारे में कोई जिक्र नहीं किया गया है। कितने लोगों को नौकरी देंगी, इसकी चर्चा तक नहीं की गई है। बिहार के साथ-साथ और भी जितने गरीब प्रदेश हैं, उनको आगे बढ़ाने के लिए कुछ नहीं है, केवल इधर-उधर की बातें कही गई हैं। हमारा मानना है कि उसमें बिहार के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में बिहार के लिए कुछ भी नहीं है। न स्पेशल पैकेज का जिक्र किया गया और ना ही बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की बात कही गई। बिहार और उसकी तरह जो गरीब प्रदेश हैं बीजेपी उन्हें कैसे आगे बढ़ाएगी। किसान और युवाओं के लिए क्या करेंगे, इसका तो कई जिक्र ही नहीं किया गया है। महंगाई और गरीबी को कैसे खत्म करेंगे इसके बारे में भी कोई जिक्र उनके घोषणा पत्र में नहीं है। तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी के लोगों ने पिछले 10 सालों में क्या-क्या नहीं कहा लेकिन क्या किया यह सबको पता है। पांच साल तक मुफ्त राशन देने के बीजेपी की घोषणा पर तेजस्वी ने कहा कि फूड सिक्योरिटी बिल देश में कांग्रेस लेकर आई थी। ये अलग से क्या कर रहे हैं? केवल स्कीम का नाम बदल देना है और बिहार जैसे राज्यों पर भार डाल देना है। जितनी भी केंद्रीय योजनाएं हैं पहले राज्य सरकार को 10 फीसदी देना पड़ता था लेकिन आज पचास फीसदी हिस्सा राज्य को देना पड़ रहा है।

### घोषणा पत्र से महंगाई व बेरोजगारी गायबः राहुल

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब हैं। गांधी ने आज यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। गांधी ने कहा कि इंडिया समूह की योजना बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की पक्की नौकरी दी जाएगी। युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आएगा तथा कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में रोजगार क्रांति लाएगा। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर की जयंती है। भाजपा उनके बनाए संविधान को खत्म करने की स्पष्ट रूप से साज़िश रच रही है। प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाने के लिए मंच से खुद कुछ और बोलते हैं और अपने नेताओं से कुछ और बुलवा रहे हैं। रमेश ने कहा, उनका मकसद साफ है झ यदि इस बार उन्हें मौका मिला तो सबसे बड़ा खतरा बाबा साहेब के संविधान पर होगा।

# झंझारपुर से सुमन कुमार महासेठ होंगे वीआईपी प्रत्याशी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। महागठबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी ने अपने प्रत्याशी का एलान कर दिया है। मुकेश सहनी की पार्टी ने झंझारपुर सीट से पूर्व एमएलसी सुमन कुमार उर्फ सुमन कुमार महासेठ को प्रत्याशी बनाया है। वीआईपी ने यहां से सुमन कुमार को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने रविवार को बताया कि जल्द ही अन्य दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। बता दें कि सुमन कुमार को 2020 के विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।



# अमेरिका ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की

### बाइडन जी-7 देश के नेताओं के साथ करेंगे बैठक

प्रात : किरण

वाशिंगटन/एजेंसी। अमेरिका, कनाडा, संयुक्त राष्ट्र, जर्मनी आदि देशों ने इजराइल पर ईरान के हवाई हमले की निंदा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यहूदी राष्ट्र इजराइल के प्रति अमेरिका की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहरायी और हालात पर विचार विमर्श तथा आगे की कार्रवाई के लिए जी-7 देशों के नेताओं की एक बैठक बुलाने की बात कही। इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि शनिवार देर रात ईरान ने हमला किया और उस पर सैंकड़ों ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल तथा क्रूज मिसाइल दागीं। एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइल दागी गईं जिनमें से 99 प्रतिशत को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। बाइडन ने कहा, हमने लगभग सभी ड्रोन और मिसाइल को मार गिराने में इजराइल की मदद की। बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से शनिवार को फोन पर बात की। उन्होंने कहा, ईरान तथा यमन, सीरिया एवं इराक के उसके हमदर्दों ने आज इजराइल में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अप्रत्याशित हमला किया। मैं इन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि हमला खास ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया था। सीरिया में एक अप्रैल को हवाई हमले में ईरानी वाणिज्य दूतावास में एक शीर्ष कमांडर सहित आईआरजीसी के सात अधिकारियों के मारे जाने के बाद ईरान ने बदला लेने का प्रण लिया था। ईरान ने इस हमले के पीछे इजराइल का हाथ होने का आरोप लगाया था। हालांकि इजराइल ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। नेतन्याहू ने ईरानी हमले के बाद कैबिनेट की बैठक बुलाई और बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन से बात की। नेतन्याहू ने कहा कि बाइडन ने इजराइल की सुरक्षा के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई है। बाइडन ने कहा कि इजराइल की मदद करने के उनके निर्देश पर अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह क्षेत्र में विमान और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे थे।

## लोस चुनाव

### संसदीय प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी एवं महिला सशक्तिकरण के दावों की खुली कलई

# महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी देने में राजद अव्वल

रामाधार प्रसाद

### राजद के उम्मीदवारों की सूची में छह महिलाएं शामिल

पटना। संसदीय प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर सियासी दलों द्वारा बड़े- बड़े दावे किये जाते हैं। लेकिन जब साबित करने का मौका आता है तो सारे दावे फिसड्डी हो जाते हैं। लोकसभा चुनाव प्रत्याशियों की सूची जारी की जा रही है। सूची पर गौर करें तो महिलाओं की भागीदारी नगण्य है। महिला सशक्तिकरण को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाले सियासी दलों की मंशा उजागर हो गई है। एनडीए गठबंधन में ने सभी प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी कर दी है। सूची में एक भी महिला का नाम नहीं है। देश की सबसे बड़ी पार्टी की सूची में एक भी महिला को उम्मीदवार नहीं बनाया जाना हैरत करने वाली बात है। वहीं, जदयू ने 16 सीटों में दो महिला को प्रत्याशी बनाया है। सीवान सीट से विजय लक्ष्मी तो शिवहर से लवली आनंद चुनावी मैदान में हैं। लोजपा रामबिलास ने 5 सीटों में दो महिलाओं को टिकट दिया है। पार्टी प्रमुख चिराग ने वैशाली से वीणा देवी तो समस्तीपुर सुरक्षित सीट से बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी को मैदान में उतारा है। वहीं,पूर्व सीएम जीतन राम मांझी की पार्टी हम सेक्यलर व पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोकमोर्चा से एक भी महिला को मौका नहीं मिला है। दोनों पार्टी को एक-एक सीट मिली है, जहां से दोनों खुद चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन में राजद ने अपने कोटे के 23 में 22 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। राजद ने बड़ा दिल दिखाते हुए 6 महिला शक्ति को चुनावी समर में उतारा है। कांग्रेस ने 9 में तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया है। इसमें कोई महिला का नाम नहीं है। वाम दलों की ओर से भी महिलाओं को मौका नहीं मिला है। इंडिया गठबंधन में भाकपा माले तीन, भाकपा व माकपा एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को राजद ने अपने कोटे से तीन सीटें दी है। उम्मीदवारों को लेकर वीआईपी में माथापच्ची जारी है।



**राजद से सबसे अधिक छह महिला प्रत्याशी चुनावी समर में:** राजद ने इस बार के लोकसभा चुनाव में छह महिला शक्ति को चुनावी समर में उतारा है, जिनमें से पांच पहली बार लोकसभा का चुनाव में अपनी तकदीर आजमायेंगी। राजद के टिकट पर इस बार के चुनाव में 23 प्रत्याशी चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमायेंगे। राजद ने इस बार छह महिला शक्ति को चुनावी मैदान में उतारा है।

इनमें राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की दो पुत्री मीसा भारती, रोहिनी आचार्य, बीमा भारती, रितु जायसवाल, अनिता देवी और अर्चना रविदास शामिल है। इनमें मीसा भारती को छोड़ अन्य पांच महिला शक्ति पहली बार लोकसभा के रण मे अपनी तकदीर आजमा रही हैं। लालू-राबड़ी की पुत्री राज्यसभा सांसद मीसा भारती तीसरी बार पाटलिपुत्रा संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने जा रही है। इससे पूर्व मीसा भारती ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में पाटलिपुत्रा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों बार उन्हें भाजपा उम्मीदवार राम कृपाल यादव से हार का सामना करना पड़ा।

इस बार के चुनाव में भी मीसा भारती का मुकाबला पूर्व केन्द्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी राम कृपाल यादव से होगा। लालू-राबड़ी की दूसरी पुत्री रोहिणी आचार्य सारण संसदीय सीट, रूपौली की विधायक बीमा भारती पूर्णिया से, पूर्व मुखिया रितु जायसवाल शिवहर से, अनिता देवी मुंगेर और अर्चना रविदास जमुई (सु) सीट से पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी-अपनी किस्मत आजमायेंगी। वर्ष 2019 के चुनाव मे महागठबंधन में शामिल राजद के टिकट पर तीन महिला शक्ति पाटलिपुत्र संसदीय सीट से मीसा भारती,सीवान से पूर्व बाहुबली सांसद मोहम्मद शाहबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब, और नवादा से राजबल्लभ यादव की पत्नी श्रीमती विभा देवी ने चुनाव लड़ा लेकिन तीनों को कामयाबी नहीं मिली। इस बार के चुनाव में राजद ने पिछले चुनाव की तुलना में दुगनी छह महिला शक्ति को चुनावी मैदान में उतारा है, देखना दिलचस्प होगा कि इनमें कितनी महिला शक्ति जोर दिखाकर बाजी अपने नाम करने में सफल होती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सत्तुआनी पर बच्चों के बीच आइसक्रीम बांटा

पटना सिटी (प्राकि)। श्री राधे श्याम परिवार के द्वारा कोरोना कल से लेकर अब तक बच्चों के बीच कुछ ना कुछ पौष्टिक आहार से लेकर खाली-पीना कीजिए विपरीत की जा रही है यह सिलसिला पिछले हजार दिनों से ऊपर जा चुका है रविवार को सत्तुआनी के दिन भी बेगमपुर स्थित श्री जल्ला हनुमान मंदिर के पास राधे श्याम परिवार की संस्थापिका शोभा गुप्ता, संगीता झुनझुनवाला आदि ने बच्चों के बीच आइसक्रीम का वितरण किया। बच्चे भी अचानक आइसक्रीम मिलने से खासा खुश दिखे।

### खाजेकलां घाट पर मां गंगा की हुई आरती

पटना सिटी (प्राकि)। मां गंगा को निर्मल, स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए खाजेकलां घाट पर मां गंगा सेवा समिति द्वारा जन जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही नदियों एवं जल स्रोतों को प्रदूषण के जहर से बचाने की अपील की गई। वैदिक पूजन के बाद गंगा आरती का अनुष्ठान आचार्य अरुण झा ने किया। समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र विश्वकर्मा, सचिव संजीव आर्यन, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, रंजीत कुमार, पप्पू मेहता, पिंकू कुमार, सुरेश कुमार, दिलीप कुमार, विजय सोनी, मनोज कुमार, अमरेंद्र सिंह, ध्रुव कुमार, भोला कुमार, प्रकाश सिंहा, पुरुषोत्तम कुमार, अनिल कुमार आदि ने गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प करते हुए दीपदान कर मां गंगा की आरती उतारी।

### सादगी से मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती

फतुहा। रविवार को सम्मसपुर स्थित दलित विकास समिति के प्रांगण में टीम सोशल सर्विस के द्वारा दलित विकास समिति में अंबेडकर जयंती मनाया गया। संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व उपाध्यक्ष वसंत पासवान ने कहा कि बाबा साहेब दलितों के मसीहा थे हमें बाबा साहेब के बताए गए मार्ग पर चलने की जरुरत है। मौके पर महेंद्र पासवान, राजन पासवान, अनिल राज, गोलू, कुंदन, दलित विकास प्रभारी एवं अन्य लोगों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### छठ व्रतियो ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया

दानापुर खगौल नगर का अंतर्गत खगौल लख घाट पर छठ व्रतियो ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। व्रतियो ने भगवान भास्कर से सुख शांति की कामना की। छठ पूजा को लेकर घाट पर भक्तिमय माहौल था। हर तरफ छठ गीत सुनाई दे रहे थे। खगौल घाट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। स्थानीय नगर परिषद प्रशासन ने यहां घाट की साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर टीम को तैनात नजर आये। तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। दोपहर बाद से ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हुआ। शाम होते श्रद्धालुओं की भीड़ बढ गया। मुख्य पार्षद सुजीत कुमार, सुनील कुमार, अजय कुमार यादव चंदू प्रिंस, रंजन कुमार सिन्हा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे'

### पुरुषों की सोच बढ़ा रही महिलाओं पर परिवार नियोजन का बोझ

पटना। अगर मैं ऑपरेशन करके पड़ा रहा तो अंदर बाहर कौन देखेगा। कमाएगा कौन.. मेरे यहां परिवार नियोजन महिलाएं कराती है। मेरी मां ने भी कराया था, दो बच्चे हो गए अब पत्नी का भी ऑपरेशन करवा दूंगा। पटना में किराना दुकान चलाने वाले 32 वर्षीय गुड्डु साव की इस राय से आम पुरुषों की राय जुदा नहीं है। जिसे राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 के आंकड़े भी मानते हैं। इस सर्वेक्षण के अनुसार बिहार में 15 से 49 वर्ष के लगभग 50 प्रतिशत पुरुष यह मानते हैं कि परिवार नियोजन जैसी चीज महिलाओं का हिस्सा है। इसमें उन्हें दखल देने की जरूरत नहीं। वहीं 14 प्रतिशत पुरुषों का मानना है कि गर्भनिरोधक लेने वाली महिलाएं किसी न किसी अनैतिक कार्यों को अंजाम देती है। एनएफएचएस 5 के यह आंकड़े बिहार में न सिर्फ पुरुषों का एकतरफा रवैया बल्कि राज्य में पुरुषों के परिवार नियोजन के प्रति सोंच से भी वाकिफ कराती है। परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी भले ही चिंतनीय है पर तीन दशक पहले पुरुष निश्चित रूप से परिवार नियोजन में अभी के वेग से कहीं आगे थी।

# दो दिवसीय नेत्र रोग सोसायटी, पॉस्कॉन 2024 का वार्षिक सम्मेलन का हुआ आयोजन

## एम्स पटना में जल्द ही अत्याधुनिक नेत्र बैंक खोला जाएगा : निदेशक प्रो. (डॉ.) जीके पाल

प्रात :किरण संवाददाता



एम्स पटना के नेत्र विज्ञान विभाग ने 13 और 14 अप्रैल 2024 को ऑडिटोरियम परिसर में पटना नेत्र रोग सोसायटी, पॉस्कॉन 2024 का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में राज्य और बाहर के विभिन्न हिस्सों से लगभग दो सौ नेत्र रोग विशेषज्ञों ने विभिन्न प्रकार की आंखों पर वैज्ञानिक विचार-विमर्श में भाग लिया। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) गोपाल कृष्ण पाल ने सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में विभाग द्वारा किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जल्द ही एक अत्याधुनिक नेत्र बैंक खोला जाएगा जो पूरा होने के अंतिम चरण में है। मरीजों की अधिक भीड़ को देखते हुए एम्स पटना के विस्तार के दूसरे चरण में नेत्र रोग का केंद्र स्थापित किया जायेगा. बिहार ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष और पीएमसीएच, पटना के नेत्र विज्ञान विभाग के पूर्व प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) यू.पी. भदानी इस सम्मेलन के सम्मानित अतिथि थे।

डीन (शैक्षणिक एवं अनुसंधान) प्रो. (डॉ.) प्रेम कुमार और डीन (परीक्षा) एवं चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) अनूप कुमार ने भी अपना व्याख्यान दिया और इस आयोजन में अग्रणी रहने के लिए नेत्र विज्ञान विभाग के प्रयासों की सराहना की। वैज्ञानिक सम्मेलन. प्रतिष्ठित रंजन अखौरी व्याख्यान अरविंद आई हॉस्पिटल त्रियुवेनवेली तमिलनाडु के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ डॉ. आर. रामकृष्णन द्वारा दिया गया। उन्होंने विभिन्न प्रकार की ग्लूकोमा सर्जरी पर अपना व्यापक अनुभव साझा किया।

नव-संवहनी मोतियाबिंद पर संगोष्ठी में नई दिल्ली से आए अतिथि संकाय डॉ. देविन्द्र सूद, कोलकाता से डॉ. मनीष सिंह और गुरुग्राम से डॉ. शिबल भारतीय ने इसके प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। नई दिल्ली से अतिथि संकाय डॉ. प्रणिता सहाय ने अपवर्तक लेंस एक्सचेंज के विभिन्न पेशेवरों और विपक्षों पर चर्चा की। पीएमसीएच पटना के डॉ. अजय सिन्हा ने प्रोफेसर (डॉ.) राजेश कुमार तिवारी का कार्यकाल पूरा होने के बाद पटना ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। इस सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष और नेत्र विज्ञान के प्रमुख प्रो. (डॉ.) अमित राज ने स्वागत भाषण दिया और इन वैज्ञानिक विचार-विमर्शों में शोधपत्र प्रस्तुत करने में स्मातकोत्तरों के बीच बढ़ती लोकप्रियता और रुचि पर जोर दिया इस सम्मेलन के आयोजन सचिव प्रो. (डॉ.) ज्ञान भास्कर और वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष डॉ. सुजीत मिश्रा ने सचिव रिपोर्ट प्रस्तुत की और इस वर्ष के दौरान आयोजित विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस सम्मेलन के दौरान शहर के कई प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ जैसे डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. सुभाष प्रसाद, डॉ. नागेंद्र प्रसाद, डॉ. प्रणव रंजन, डॉ. नीलेश मोहन, डॉ. एस. के. रूंगटा, डॉ. अभिषेक केडिया, डॉ. वैज्ञानिक में विशाल किशोर, डॉ. अरविंद जयशवाल, डॉ. भिभूति प्रसन्न सिन्हा, डॉ. रंजना अखौरी और एम्स पटना नेत्र रोग विभाग से डॉ. सोनी सिन्हा, डॉ. भावेश चंद्र साहा, डॉ. देव कांत और डॉ. अमित कुमार ने हिस्सा लिया। विचार-विमर्श।

# एम्स पटना में अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। एम्स पटना के सभागार में निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) जी.के.पाल के मार्गदर्शन में बाबा साहेब अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। डीन (शैक्षणिक) डॉ. प्रेम कुमार, डीन (परीक्षा) और चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. अनुप कुमार, डीन (छात्र मामले) डॉ. पुनम भदानी, रजिस्ट्रार, डॉ. ज्योति प्रकाश, एनेस्थीसिया के प्रमुख, डॉ. उमेश भदानी, संपर्क अधिकारी डॉ. अरुण प्रसाद, अध्यक्ष एससी/एसटी कर्मचारी संघ के डॉ. अशोक रस्तोगी, डॉ. श्रीकांत भारती, डॉ. अनिल कुमार, निदेशक के ओएसडी, प्रिंसिपल नर्सिंग कॉलेज, श्री रतीश नायर, डॉ. प्रमोद मांझी, डॉ. संतोष निराला, सहित कई संकाय, नर्सिंग अधिकारी, कार्यालय कर्मचारी और अस्पताल के कर्मचारी. कार्यक्रम की शुरूआत गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत और उसके बाद दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

अध्यक्ष एससी/एसटी कर्मचारी एम्स पटना डीआर अशोक रस्तोगी ने संविधान निर्माण, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में बाबा साहब के योगदान पर बात की। डीन डॉ. प्रेम कुमार और डॉ. अनुप कुमार, एमएस और अन्य वक्ताओं ने सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और श्रमिक वर्ग के उत्थान के क्षेत्र में बाबा साहेब के महान योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम सुश्री कोट्टेश्वरी के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ।

# रामदेव महतो सामुदायिक भवन में गंदा पानी से बदबू व मच्छर






● मंगल तालाब की ओर निकलने वाला पानी निकासी का टूटा नाला को किया बंद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

यहां के हृदय स्थली मंगल तालाब और गुरु गोविंद सिंह पथ के बीच अवस्थित है रामदेव महतो सामुदायिक भवन एवं घसीटा राम ऐसी ऑडिटोरियम। मगर यहां की व्यवस्था से मंगल तालाब विकास समिति को कुछ लेना-देना नहीं है। यहां की पूरी व्यवस्था रामभरोसे चल रही है। लोगों के बीच मजबूरी है कि कम दर पर या अन्यत्र कहीं जगह नहीं मिलने पर विभिन्न समारोह आयोजित करने के लिए यहां बुकिंग कराते हैं। फिलहाल भवन के रखरखाव, बिजली, पंखा, एसी की बात छोड़ भी दें, जो पूरी तरह से ध्वस्त है, तो नीचे के कमरे की खिड़कियों के शीशे टूटे हैं, दरवाजा ढंग से बंद नहीं हो पाता है। शौचालय की स्थिति ठीक नहीं है। सब कुछ राम भरोसे चल रहा है। यहां सबसे बड़ी समस्या गंदा पानी के निकासी को लेकर है। दरअसल इस भवन का नाला बाहर के नाला से नीचा है। इस कारण से पानी का निकास नहीं हो पाता है। भवन परिसर में प्रवेश और निकास के दो रास्ते एक गुरु गोविंद सिंह पथ और दूसरा मंगल तालाब के पूर्वी छोर से है। पूर्वी छोर की ओर जल निकासी के लिए नाला का निर्माण किया गया था, मगर उसके टूट जाने पर बड़ा गड्ढा बन जाने से लोगों के लिए या खतरा बना हुआ था। अनेक दो पहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले असावधानी से गिरकर घायल हो चुके हैं। बाद में इस नाला को ही भर कर इसके अस्तित्व को समाप्त कर दिया गया। नतीजतन रामदेव महतो सामुदायिक भवन के नाला के पानी का निकास बंद हो गया है। अब नाला के लबालब भरे रहने, खाने-पीने के वेस्टेज सामान और गंदा पानी से नाला के लबालब होने से इससे निकलने वाला दुर्गंध लोगों को परेशान कर देता है। साथ ही साथ मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ गया है। मगर इस समस्या का निदान करने की दिशा में मंगल तालाब विकास समिति से जुड़े अध्यक्ष एडीएम स्तर के पदाधिकारी, सचिव सिटी एसडीओ, सदस्यों में स्थानीय जनप्रतिनिधि व गण्यमान्य लोग शामिल हैं, कोई सार्थक पहल नहीं हो पा रहा है। इसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं है। ऐसा भी नहीं है कि मंगल तालाब विकास समिति के पास फंड की कमी है। इसके फंड में खासा रुपया जमा है। पहले बड़ा जेनरेटर था। वह भी खराब पड़ा है। हां, एक नई बात जुड़ी है। परिसर को सीसीटीवी लगा कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक अच्छा प्रयास किया गया है, मगर बाकी सब राम भरोसे है।

# आज पूजा पंडालों में विराजित होंगी भगवती दुर्गा देवी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

वासंतिक नवरात्र में सोमवार को विभिन्न पूजा पंडालों में भगवती दुर्गा देवी की प्रतिमा विराजे होगी वैदिक अनुष्ठान के साथ उनकी प्राण प्रतिष्ठा और पूजा पाठ किए जाने के बाद हम भक्तों के दर्शन के लिए पट को लिया जाएगा। वहीं मध्य रात्रि को महानिशा पूजा का अनुष्ठान देवी मंदिरों में होगा। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी के महंत विजय शंकर गिरि, विकास गिरी व छोटी पटनदेवी में महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी व विवेक द्विवेदी ने बताया कि निशा पूजा की तैयारी हो गयी है। भक्तों ने रविवार को देवी के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा उपासना की। इस दौरान शक्तिपीठ मंदिर व अन्य देवी मंदिरों में वासंती देवी का कल्पारंभ, देवी बोधन व वेल्वा आमंत्रण अधिवास का अनुष्ठान हुआ। इसके अलावा गड़हा पटनदेवी, सर्वमंगला देवी मंदिर गुलजारबाग व अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में जयप्रकाश पुजारी, अमरनाथ बबलू और छोटू पुजारी की ओर से धार्मिक अनुष्ठान किया गया। पीतांबरा मंदिर गुड़ की मंडी, काली मंदिर मंगल तालाब में आचार्य शशिकांत मिश्रा व खाजेकलां के नीम घाट में मुन्ना बाबा के साथ अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना का अनुष्ठान पुजारी की ओर से किया गया। अदरक घाट पूजा समिति में बांसतिक पूजा उत्सव में महाषष्ठी पूजा, देवी बोधन आमंत्रण अधिवास व आरती और हाजीगंज मोड़ पर सबरंग क्लब में धार्मिक अनुष्ठान किया गया।

# डॉ बाबा साहेब की 133 वीं जयंती मनाई गई

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर. नगर के अंतर्गत डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर की 133 वीं जयंती रविवार को नगर में धूमधाम से मनाया गया बीबीगंज अंबेदकर भवन स्थित महादलित सामुदायिक भवन विकास मंच के सबका विकास की ओर से मनाया गया. सांसद रामकृपाल यादव , विधान पार्षद अनामिका सिंह ने बाबा साहेब के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर नमन किया. उन्होंने कहा कि भारत रत्न डा बाबा साहेब अंबेदकर ने समाज के वंचित वर्गो को मुख्यधारा में लाने के लिए किया गया उनका संघर्ष हर पीढ़ी के लिए एक मिसाल बना रहेगा.बाबा साहेब के बताये हुए मार्ग पर चलने की आह्वान किया. विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल ने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को शिक्षित कर समाज के मुख्य धारा कर विकास किया जा सकता है. मंच अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि बाबा साहेब समाज से छुआछूत समाप्त करना चाहते थे और पूरे जीवन इसका विरोध करते रहे. उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का मानना था कि समाज के हर व्यक्ति को समानता और सम्मान के साथ जीने का अधिकार है. साथ ही देश में रहने वाले सभी वर्गो के लिए सामाजिक व आर्थिक समानता को जरूरी बताया है. उन्होंने कहा कि बाबा साहेब देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के पक्षधर थे. उन्होंने कहा कि अंबेडकर जयंती को मनाने के पीछे का कारण जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से लड़ने में न्यायविद के समर्पण को याद करना है. डॉक्टर भीम राव अंबेडकर ने एक ऐसे भारत की कल्पना की जहां सभी नागरिकों को कानून के तहत समान माना जाए और उन्होंने ब्रिटिश शासन से भारत की आजादी के लिए अभियान भी चलाया था. भाजपा नेता शिला प्रजापति,मंच के सुरेश राम प्ररेणा कुमारी समेत आदि कार्यकताओं ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर नमन किया. वही सर्वजन कल्याण समिति अंबेदकर पथ पटना 14 के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी. जयंती समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार टिकल ने दीपक प्रवजलित कर शुभारंभ किया उन्होंने कहा कि भारत रत्न डा बाबा साहेब अंबेदकर ने समाज के वंचित वर्गो को मुख्यधारा में लाने के लिए किया गया उनका संघर्ष हर पीढ़ी के लिए एक मिसाल बना रहेगा मौके पर समिति के सचिव शशि कुमार सिंह रमेश चंद्र रमन एन के गुप्ता देवेंद्र कुमार लाल वीरेंद्र दास विष्णु देव प्रसाद कुमार विवेक कृष्ण मुखर्जी श्याम किशोर प्रसाद वीरेंद्र यादव अरुण सिंह उमेश प्रसाद मिथिलेश कुमार सिंह सहित बहुत सारे गणमान्‍ लोग मौजूद थे

# सतुआनी पर गंगा स्नान कर किया पूजा-अर्चना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



सतुआनी के मौके पर भक्तों ने गंगा में डूबकी लगायी और त्योहार को परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान भक्तों की भीड़ गंगा स्नान के लिए गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर जुटी थी। गंगा स्नान के बाद भक्तों ने पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु नर-नारियों ने सत्तू व मिट्टी का घड़ा और मौसमी फल के साथ अन्य सामग्री दान किया और सत्तू व गुड़ का प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी ओर सत्तुआनी पर सती सावित्री व सत्यवान मंदिर में महिलाओं ने की पूजा की। बभनगामा स्थित सती सावित्री व सत्यवान के मंदिर में सुहागन महिलाओं ने रविवार को पूजा-अर्चना की। धार्मिक आयोजन के तहत इस दौरान अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। लोगों ने बताया कि सोमवार को यहां संगीत और चैतार प्रतियोगिता का कार्यक्रम होगा। इसी रात यमुनापुर व धवलपुरा से अलग-अलग खप्पड़ लेकर लोग रानीपुर के बभनगामा स्थित सावित्री व सत्यवान की अति प्राचीन मंदिर पहुंचेंगे। यहां मंगलवार को तड़के लोग अपने शरीर में लोहा का तीर चुभो कर गीतों पर नाचते-झूमते आते हैं। इसे पंजरभोंकवा मेला के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि अब ऐसे लोगों की संख्या कम होती जा रही है।

# व्रतियों ने भगवान सूर्य की आराधना कर दिया सायंकालीन अर्घ्य





● गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की दिखी भीड़ व उत्साह

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चार दिनों के चैती छठ के अनुष्ठान का तीसरा दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पूरा हो गया। अब सोमवार की सुबह इस पर्व का समापन होगा। इसके बाद लोग नवरात्र और रामनवमी के अनुष्ठान को पूरा करेंगे। रविवार को अपराह्न करीब तीन बजे के बाद से ही लोग दौरा लेकर और व्रती के द्वारा रास्ते में दंडवत करते हुए गंगा नदी के विभिन्न घाट की ओर चल दिए। बैंड बाजा, डंके की गुंज से घाट गूंज रहा था। वहीं घरों से निकली महिलाएं व्रतियों के साथ चल रहे थे और छठ मैया के गीत गाते हुए उन्हें मनाने की कोशिश की जा रही थी। रास्ते में जगह-जगह व्रतियों के द्वारा दंडवत किया जा रहा था। लोग उनके शरीर को छूकर आशीर्वाद ले रहे थे। गंगा नदी पहुंचने के बाद व्रती पानी में उतरीं। डुबकी लगाकर कुछ देर तक उन्होंने भगवान सूर्य की उपासना और आराधना की। इसके बाद फल, बद्धि, आलता आदि से सजे सूप व्रती के हाथ पर सुहागन महिलाओं ने अंकुरित चना आदि देकर रखा। उसके बाद साथ में रहे परिवार के लोग, इष्ट मित्र, पड़ोसी एवं अन्य लोगों में भी अर्घ्य देने का काम किया। इसके बाद व्रती पूजा समाप्त होने के बाद वहां पर हुमाद, कपूर जला कर गंगा मैया की पूजा कर घर को लौट आए। कुछ व्रतियों ने अपने घर की छतों पर ही छठ का अनुष्ठान किया और सोमवार की सुबह की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं विभिन्न घाटों पर नगर निगम और प्रशासन के द्वारा व्यवस्था की गई थी, वहां पुलिस प्रशासन के अधिकारी, पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और बल की तैनाती की गई थी। साथ में सिविल डिफेंस के जवान की तैनाती थी। एसडीआरएफ के जवान गंगा नदी में गश्त कर रहे थे।

# बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को किया याद





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय संविधान के निमार्ता, समाज सुधारक एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को उनकी 134वीं जयंती पर विभिन्न राजनीतिक दलों व संगठनों के द्वारा याद कर मनाया गया। भाजपा लखन श्याम विद्रोही मंडल के द्वारा बागमालू खां, हरिजन कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में मनाया गया। संचालन राकेश कुमार चौधरी ने किया। इस दौरान बच्चों के बीच पाठन सामग्री कॉपी, कलम तथा बिस्किट का वितरण मंडल प्रभारी नित्यानंद चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में मंडल अध्यक्ष संतोष विद्रोही, मनोज चंद्रा, बलराम माथुरी, नैयर इकबाल, अनिल सिंह, ओंकार आनंद, मनोहर जी, अनुज सिन्हा, रामलगन दास, लालबाबू पासवान, इंद्रजीत यादव, संजय साव, शंभू दास, शंकर तांती, दिलीप रजक, राजू दास एवं सुरेश पासवान सक्रिय रहे। गायघाट व्यवहार न्यायालय के पास अंबेडकर गोलंबर पर जन संघर्ष मोर्चा, जनता सेवा समिति और महागठबंधन दल ने संयुक्त रूप से फूल माला चढ़ा जयंती मनाई। इस दौरान राजद के प्रदेश महासचिव प्रदीप मेहता, डॉ एकबाल अहमद, श्रवण मेहता, उमेश पंडित, दिलीप यादव, संजीत पुजारी, माले के अनय मेहता, शंभू प्रसाद, राजेश कुशवाहा, अशोक पासवान, दीपक शर्मा, अरुण स्वर्णकार, लालबाबू गुप्ता, दीना मेहता, रंजीत गुप्ता आदि उपस्थित थे। अंबेडकर व्यायामशाला समिति की ओर से मंगल तालाब स्थित शिव शक्ति मंदिर में बाबा साहेब के जीवन से जुड़े स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में पांच मोमबत्ती जला एवं चित्र पर पुष्प अर्पित कर भाजपा किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संचालन मनोज सोनवां एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रेम पासवान ने किया। मौके पर योगेन्द्र निराला, ओम प्रकाश, सत्यराज बाल्मीकि, अजय दास, शंभू कुमार, पिंकू सिन्हा, विनय प्रसाद, संजय अवस्थी आदि शामिल हुए। माले पटना साहिब एरिया कमेटी के तत्वावधान में गुलजारबाग लोकल कमेटी द्वारा डंका इमली अम्बेडकर गोलंबर, मालसलामी लोकल कमेटी द्वारा शरीफागंज दलित कॉलोनी स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर व चौक लोकल कमेटी द्वारा माले कार्यालय में उनके चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर मनाया गया। कार्यक्रम में भाकपा माले पटना साहिब एरिया कमेटी सचिव अनय मेहता, राजेश कुशवाहा, महेश चंद्रवंशी, मुजफ्फर आलम, राखी मेहता, सुरेश प्रसाद, आत्मा राम, चंद्रभूषण शर्मा, डॉ अलीम अख्तर, वाल्मिकी प्रसाद मंडल, संजय पासवान, लालबाबू रविदास, जगदीश प्रसाद निषाद, दीनानाथं मेंमेहता ,मनोज कुमार पंडित, विजय मेहता, शंभू यादव देवेंद्र सिंह, रविंद्र प्रसाद उमेश पासवान कांग्रेस दास, मेंहदी हसन, विद्या दास, डेरा महतो, शंभूनाथ मेहता, ललन यादव, राम नारायण सिंह , श्रवण सिन्हा, श्रवण मेहता, गोपाल वर्मा, मिथलेश सिंह, मोहम्मद हसनैन भीम जयसवाल, नागेंद्र कुमार,राजू कुमार, मनोहर लाल, बजरंगी प्रसाद, अजित कुमार यादव, रघुनाथ यादव, श्यामबाबू प्रसाद आदि ने भाग लिया। मनोयोग से पढ़ाई और लक्ष्य निर्धारित कर आप ज्ञान की ज्योति जला राष्ट्र निमार्ता बन सकते हैं। शिक्षा से विकास के सभी रास्ते खुल जाते हैं और समाज में प्रतिष्ठा मिलती है। यह बात राजकीयकृत नारायणी उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यक्षता करते प्राचार्य मो नसीरुद्दीन ने कही। विद्यालय परिवार के काजी रजा, रजनीश, आलोक व अन्य नेविचार व्यक्त किए।

# आरपीएफ ने चोरी के सामान के साथ चार लोगों को किया गिरफ्तार



प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। बीते शनिवार की शाम आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक विनोद विश्वकर्मा के नेतृत्व में कई अधिकारी और जवानों ने फतुहा-बंका घाट स्टेशन के बीच जेठुली गांव के पास सादे लिबास में रेलवे लाइन के किनारे से पेंड्रोल क्लिप की लाइनर, स्टापर, कटर चाबी और स्क्रू के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

जिसमें गिरफ्तार लोगों में रंजय कुमार उर्फ जैकी (28 वर्ष), अजय कुमार (23 वर्ष) और कबाड़ी दुकानदार धर्मेंद्र कुमार (42 वर्ष), सामान लाद रहे रविंद्र कुमार (30 वर्ष) है। उनके पास से तीनों बोरियों में 39 की संख्या में पेट्रोल क्लिप, लाइनर बरामद किया गया। आरोपितों में रंजय और अजय ने बताया कि हमलोग चोरी की रेलवे का लोहा जेठुली पानी फैक्ट्री के सामने स्थित धर्मेंद्र के कबाड़ी दुकान में बेचते हैं।

उसके बाद धर्मेंद्र के कबाड़ी दुकान में छापेमारी की गयी तो वहां से दुकान के सामने तीन पहिया मालवाहक वाहन की तलाशी ली गयी तो जेठुली के रविंद्र कुमार और कबाड़ी दुकानदार धर्मेंद्र कुमार को मालवाहक गाड़ी पर लदे सैकड़ों की संख्या में पेंड्रॉल क्लिप, लाइनर, स्टापर, कटर चाबी, व्हील ब्लॉक, दो फिट का रेल लाइन का टुकड़ा और स्क्रू के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसकी कीमत लगभग 31,408 रुपये है। वहीं एक आरोपित मनोज कुमार फरार हो गया। आरपीएफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# पटना के दीघा थाना में ह्यूमन राइट्स डिफेंडर की पहल पर हुआ सनहा स्वीकार

प्रात :किरण संवाददाता

पटना के दीघा निवासी राकेश झा ने ह्यूमन राइट्स डिफेंडर कार्यालय आकर लिखित आवेदन देते हुए अनुरोध किया कि उन्हें मदद किया जाय। आवेदन पर संज्ञान लेते हुए ह्यूमन राइट्स डिफेंडर की टीम ने वृहस्पतिवार को दीघा थाना जाकर सनहा स्वीकार कराया। उक्त जानकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रश्मि सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया गया कि आवेदन के माध्यम से राकेश झा ने बताया है कि उनकी पत्नी उन्हें प्रतारित कर रही है। उनकी पत्नी उन्हें छोड़कर 9साल की बच्ची के साथ किसी अन्य व्यक्ति के साथ रह रही है और बार बार उन्हें विभिन्न तरह से तंग कर रही है। श्री झा तंग आकर पटना के दीघा थाना जाकर आवेदन दिया। लेकिन थाना द्वारा कोई कारवाई नही की गई। परिणाम स्वरूप वह वार बार प्रतारित हो रहे हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रश्मि सिन्हा ने बताया कि ह्यूमन राइट्स डिफेंडर की टीम जिसमें संस्थापिका सह राष्ट्रीय महासचिव पूजा सिन्हा, उप संस्थापिका सह राष्ट्रीय महासचिव (एस सी/एस टी) आशा देवी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रश्मि सिन्हा, राष्ट्रीय सहायक सचिव किरण, राष्ट्रीय निगरानी सरिता देवी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष सुरज कुमार शामिल थे,

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैक्टर के चपेट मे आने से दो बाईक सवार गंभीर रूप से घायल

घोड़ासहनः तेज रफ्तार से आ रही मिट्टी लदे ट्रैक्टर की ठोकर से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये । घायल युवको को मोतिहारी ले जाया गया है ।जानकारी के अनुसार बिजई निवासी राजा हुसैन पिता अब्दुल मजीद व अजीत पासवान पिता कपिलदेव पासवान दीपही बैग फैक्टरी से काम करके घर लौट रहे थे तभी चंपापुर झौआ पुल के पास तेज रफ्तार से आ रही मिट्टी लदे ट्रैक्टर ने ठोकर मार दिया। इस दरम्यान हिरो होन्डा बाईक पर सवार उक्त दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये ।बाईक भी क्षतिग्रस्त हो गया। दोनो घायलो को गंभीर स्थिति मे मोतिहारी ले जाया गया है। स्वजनो के अनुसार ट्रैक्टर चालक व मालिक की पहचान कर ली गयी है जिसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की बात बतायी गयी है।

### विभिन्न मामलों में 34 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने बीते 24घंटों में विभिन्न मामलों में 34अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस अवधि में सघन वाहन चेकिंग के दौरान 22 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया है ।यह जानकारी एसएसपी कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है ।बताया गया है कि महिला उत्पीडन मामले में 2 ,पुलिस पर हमला मामले में 1 और शराब कांड में 13 गिरफ्तारियां हुई हैं। इस दौरान 8लीटर देशी और 23.31लीटर विदेशी शराब की बारामदगी की गई है। 2आग्नेयास्त्र 2कारतूस और 4वाहन भी जब्त किए गये हैं।

### अधिकतम तापमान हुआ 36डिग्री पार

मुजफ्फरपुर। आज का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.3डिग्री बढ़कर 36.6डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आज का न्यूनतम तापमान 22डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सुबह मेंसापेक्ष आर्द्रता 84 प्रतिशत रह जो दोपहर बाद घटकर 43प्रतिशत हो गई। पछिया हवा की गति 3.6किमी प्रतिघंटा रही

### देशी कट्टा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

बोचहा। थाने के घरभाडा गांव से देसी कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार किया गया है, यह गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के घरभारा गांव निवासी मो यासीन के घर से शनिवार की देर रात को हुई है ।युवक को बोचहा पुलिस ने एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक की पहचान घरभारा गांव के रहने वाले मो नौसाद के रुप में हुई हैं ।, थाना अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सुचना के आधर पर घरभारा गांव में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया है ।, पकड़े गए व्यक्ति के पास से देशी कट्टा दो कारतूस और एक मोबइल पुलिस ने जप्त किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बोचहा और अहियापुर थाने में उक्त व्यक्ति पर अपराधिक मामला दर्ज है। गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने अलग-अलग पंचायतों में किया लाभार्थी संवाद



विभूतिपुर, समस्तीपुर। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विभूतिपुर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग पंचायतों में लाभार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों से रूबरू हुआ। बता दें की केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय उजियारपुर लोकसभा से लगातार दो बार जीत हासिल किए। तीसरी बार भी उजियारपुर से चुनाव लड़ने की संभावना है। इसी कड़ी में रविवार को विभूतिपुर विधानसभा क्षेत्र के चकहबीब, केराई, महिषी, वाजिदपुर बम्बैया, कल्याणपुर उत्तर, माहम्मदपुर साकड़ा, कल्याणपुर दक्षिण में लाभार्थी संवाद आयोजित कर लोगों से रूबरू हुए। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता अरविंद कुमार कुशवाहा, चंद्रमणि प्रसाद सिंह, पंकज कुमार लाल, मनोज कुमार, अमन पाराशर सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

# ताजपुर में एक मकान में छिपकर रह रहे कुख्यात इनामी अपराधी को पुलिस ने दबोचा

## कई मामलों में चल रहा था फरार, पुलिस को थी लंबे अरसे से उसकी तलाश

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 25 हजार रुपए के इनामी कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान हलई थाना क्षेत्र के जोरपुरा निवासी संजीव सहनी के पुत्र अरुण सहनी के रूप में हुई है। इस संबंध में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी जिले के सरायरंजन, विद्यापतिनगर, घटहो एवं आसपास के थाना क्षेत्रों में दहशत का पर्याय का था। वह काफी समय से कई मामलों में फरार चल रहा था। उसके ऊपर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। पुलिस को काफी समय से उसकी तलाश थी। उन्होंने बताया कि बीते शनिवार की रात पुलिस को उसके ताजपुर थाना क्षेत्र के ताजपुर चौक स्थित एक मकान में छिपकर रहने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी के लिए निर्देशित किया गया। छापेमारी में उसे अरविन्द सहनी के घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ में गिरफ्तार अपराधी अरुण सहनी ने जिले के कई थाना क्षेत्र में हुए लूट व डकैती के कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसके विरुद्ध विद्यापतिनगर और सरायरंजन थाना में पूर्व से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस की छापेमारी टीम में तकनीकी शाखा प्रभारी पुनि अजीत प्रसाद सिंह व पुनि शिवपूजन कुमार, सरायरंजन थानाध्यक्ष रविकांत रवि, मुसरीघरारी थानाध्यक्ष फैजुल अंसारी, ताजपुर थानाध्यक्ष शनि कुमार मौसम, पुअनि शिम्पी कुमारी, पीएसआई अमित कुमार, सिपाही अरविन्द कुमार, तकनीकी शाखा के सिपाही कुंदन कुमार व चालक सिपाही कुंदन शामिल थे।

## महागठबंधन कार्यकताओं ने एक जुटता का फूंका बिगुल, बूथ जीतो, चुनाव जीतो अभियान का हुआ आगाज




समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

उजियारपुर लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के कार्यकताओं की बैठक शहर मौर्या गार्डेन होटल में की गई। महागठबंधन के सभी प्रखंड अध्यक्षों की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महागठबंधन के कार्यकताओं ने एक जुटता का बिगुल फूंकते हुए बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान की आगाज किया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए राजद के प्रखंड अध्यक्ष मो जाबिर हुसैन, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, माले के प्रखंड सचिव उदय राम, वीआईपी के प्रखंड प्रतिनिधि अमरेश सहनी, सीपीआई के अंचल सचिव विधानचंद्र राय, सीपीआई के अंचल सचिव विनोद समीर ने कहा कि इस बार महागठबंधन हर सीट पर जीत दर्ज करेगी। हम सभी हर बूथ जीत दर्ज करने के लिए मजबूती से कम कर रहे है। हर बूथ पर हमारे कार्यकर्ता एक एक मतदाताओं को जागरूक करने का काम करेंगे। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को लाने के लिए घर घर जाकर जागरूक करें। इस दौरान बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का प्रण लेते हुए जीत का दम भरा। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए आलोक कुमार मेहता ने कहा कि कार्यकर्ता की मेहनत ही जीत का दरवाजा है। अपने काम को लोगो तक सिर्फ पहुंचाए। मतदाता खुद जागरूक होंगे। मौके पर राजेश्वर महतो, नीलम देवी, विपिन सहनी, नंद किशोर महतो, सुनील केजरीवाल, राम बहादुर पंडित, हेमलता कुमारी, सोनू सिंह, पूंजय कुमार, चंदन प्रसाद, मो इंतखाब, संजय महतो, संतोष चौधरी, अरविंद राय, शंकर राम, महेश्वर राम, रामसेवक राय, मो फैज, उमेश राम, सन्नी समार्ट, मौसर्फ प्रवीण, ज्योतिमेहरा, सरिता कुमारी, सहित सभी महागठबंधन के पंचायत अध्यक्ष व प्रखंड कमिटी मौजूद थे।

## मनाई गई अंबेडकर जयंती



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत मुखिया राम सेवक साह के आवासीय परिसर में समारोह पूर्वक भारतीय संविधान के रचयिता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। अध्यक्षता मुखिया राम सेवक साह एवं संचालन राम ललित पासवान कर रहे थे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिभूतिपुर के पूर्व विधायक रामबालक सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल उपस्थित हुए। समारोह को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर नरेश प्रभाकर, यमुना प्रसाद सिंह, अमर सिंह, मंटून यादव, चांदनी देवी, चेतन कुमार, संजीत महतो, उमेश झा, रामचंद्र महतो, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, राजीव कुमार मिश्र, गोपाल प्रसाद, महादेव मिश्र, राजीव कुमार सिंह, पिंटू मिश्र, अशोक झा, जामुन महतो, रामदयाल सिंह, नकुल चौधरी, कमल महतो, धर्मदेव रजक, शिवदयाल राय, श्याम बाबू राय, जागेश्वर राय, अमित कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## छठ व्रतीयों ने तीसरे दिन दिया र्ग छठी माता से सुख समृद्धि निरोग्यता की कामना



प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। चार दिवसीय चैती छठ व्रत के तीसरे दिन छठ व्रतीयो ने छठी माता को अर्ग देकर अपने सुख शांति समृद्धि की कामना की। वही व्रत का समापन 15 अप्रैल उगते हुए सूर्य को अर्ग के बाद हो जाएगा। वही चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की खस्टी तिथि को मनाया जाता है। इसमें व्रत करने वाली महिलाएं निर्जला रहकर व्रत को करती है। वही 12 अप्रैल शुक्रवार से नहाए खाए के साथ शुरू हुआ था । जो 13 अप्रैल शनिवार को खरना पूजा हुआ। वही 14 अप्रैल रविवार को संध्या अर्ग दिया गया। जहां छठ घाट को साफ कर बहुत ही आकर्षक रूप से सजाया गया था। जहां छठ व्रत हुआ। वही 15 अप्रैल सोमवार को उदयमान सूरज को अर्ग के बाद में समापन हो जाएगा। आस्था का महापर्व छठ पूजा साल में दो बार मनाया जाता है। एक कार्तिक मास में और दूसरा चैत्र मास में। दोनों छठ व्रत का काफी महत्व है। इस व्रत को महिलाएं पूर्ण आस्था एवं स्वच्छता के साथ करती है। छठी माता की कृपा से सारी मुरादे पूर्ण होती हैं। वही छठ व्रति नीतू दुबे ने कहा कि छठ व्रत करने से सारी मुरादे पूर्ण होती है। मैं पिछले 5 वर्षों से व्रत को कर रही हूं, अगर कोई सच्ची श्रद्धा और प्रेम से पूजा करें तो छठी माता की कृपा से सुख ,शांति,समृद्धि ,निरोग्यता ,यश ,बल ,बुद्धि, विद्या, संतान ,ख्याति की प्राप्ति होती है। मौके पर नितेश्वर दुबे, अशोक तिवारी, रजनी तिवारी, पत्रकार शशांक मणि त्रिपाठी, मनीष त्रिपाठी, कशिश,आकृति,नमन, श्रीयांशी, दिव्यांशी, मिस्टी, सांवी, आर्यवीर, माया देवी, अनीता सिंह, रानी कुमारी के साथ-साथ भक्त मौजूद थे।

## दो पक्ष के बीच हो रहे जमीन विवाद को शांत करने पहुंचे शख्स को मारपीट कर किया घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

### लोहे के रॉड से वार कर तोड़ा पैर और सर भी फोड़ दिया, घटना में दो-तीन लोग आंशिक रूप से घायल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर में जमीन को लेकर हुए विवाद में बीच-बचाव करने गए शख्स को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए जाने का मामला सामने आया है। जिसे सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस व परिजनों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना रविवार की सुबह की बताई गई है। घायल की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर के स्व. राम अशीष राय के पुत्र अवधेश राय 45 वर्ष के रूप में हुई है। इस घटना में एक पक्ष के तीन अन्य लोग भी आशिक रूप से चोटिल हो गए हैं। घटना के संबंध में मुक्तापुर निवासी संजीत कुमार की पत्नी प्रियंका कुमारी ने बताया कि उनके पति बाहर रहते हैं और घर पर वह अपने बच्चों के साथ रहती है। उन्होंने बताया कि उनके पड़ोसी के साथ उनका जमीन का विवाद चल रहा है। उनके पड़ोसी ने उन्हें एक जमीन की खरीद करवायी थी। जिसके एवज में उन्होंने अपने उस पड़ोसी को आठ धुर जमीन भी दिया था, लेकिन वह और जमीन मांग रहा था। रविवार की सुबह जब वह अपने दरवाजे पर फूल के पौधों में पानी दे रही थी, उसी दौरान उस पड़ोसी ने उनके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इस दौरान उसने उनके व उनकी पुत्री के साथ हाथापाई भी की। घटना के दौरान हो रहे शोर-शराबा को सुनकर उनके आंगन के ही अवधेश राय बीच-बचाव करने पहुंचे थे। इससे आक्रोशित लोगों ने लोहे के रॉड से वार कर उनका दाहिना पैर तोड़ दिया और सिर फोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस को दी गई और उसके बाद घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इस संबंध में कल्याणपुर के अपर थानाध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। पुलिस टीम को मामले की छानबीन के लिए भेजा गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अपहरण की साजिश रचने वाले दिनेश गुप्ता को पटना से किया गिरफ्तार : एसडीपीओ

### विगत तीन दिन से डॉ का मामला पुलिस के लिए बना हुआ था सिरदर्द, हुआ फंडाफोड़



प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला नवगछिया के तथाकथित डॉक्टर ने खुद की झूठी अपहरण की नाटक रचने वाले रचनाकार दिनेश कुमार गुप्ता के झूठी अपहरण का भंडाफोड़ हो गया है। इस बाबत रविवार को नवगछिया एसडीपीओ ओम प्रकाश ने प्रेसवार्ता कर जानकारी साझा करते हुए बताया कि बीते दिनों विजय कुमार गुप्ता पिता बाबूलाल प्रसाद साकिन नयाटोला थाना नवगछिया के लिखित आवेदन के आधार पर उनके भाई का अपहरण ससुराल पक्ष द्वारा कर लिए जाने के आरोप में रंगरा थाना में मामला दर्ज किया गया था। वही कांड दर्ज होते ही भाई दिनेश कुमार गुप्ता की हत्या कर ससुराल पक्ष द्वारा शव को गंगा नदी में फेंक देने संबंधित आरोप लगाते हुए थानेदार के विरूद्ध आंदोलन करने की धमकी दी जाने लगी थी। जिससे गम्भीरता से लेते हुए उक्त घटना के उदभेदन के लिए नवगछिया पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा द्वारा अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष रंगरा एवं डीआईयू नवगछिया की टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर तकनिकी अनुसंधान करते हुए अपहृत दिनेश कुमार गुप्ता को पटना के एग्जीबिशन रोड के पास से बरामद कर लिया गया। घटना का कारण यह है कि दिनेश कुमार गुप्ता की शादी वर्ष 2023 में नेहा कुमारी उम्र 19 वर्ष पे शैलेश कुमार गुप्ता सा जहांगीरपुर वैसी थाना रंगरा जिला भागलपुर से हुई थी। शादी के वक्त लड़का के परिजनों ने लड़का को एमबीबीएस डॉक्टर बताया था, जब कि वह एक झोला छाप डॉक्टर था। शादी में लड़का को दहेज स्वरूप 08 आठ लाख रूपया एवं अन्य साजो सामान दिया गया और शादी के बाद लड़का एवं परिजनों द्वारा वधु पक्ष से 10 लाख रूपया की फिर से मांग की जा रही थी। जिसे मिलता ना देख लड़का एवं परिजनों द्वारा साजिश रचकर पहले लड़का को ससुराल भेजा गया, जहाँ से लड़का चुपके से पटना के लिए निकल गया और यहाँ परिजनों के द्वारा थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करा दी गई। इस तरह के झूठा कांड दर्ज कराने के आरोप में वादी पक्ष के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। गौरतलब हो कि अपने ही समाज मे ऐसे ऐसे दुर्जन दहेज दानवों के द्वारा चंद पैसों के लिए इस तरह का घृणित कार्य किया जाता है। विवाह पुर्व लड़का बेरोजगार होता है और उसे किसी पद का नाम देकर या लड़का के पिता होम गार्ड पद पर हैं तो इंस्पेक्टर बताते हैं, लड़का होटल में थाली धोते हैं तो होटल मैनेजमेंट करने की उपाधि देकर लड़की पक्ष से मोटी रकम दहेज के रूप में ले लेते हैं। समाज के लोगो को ऐसे लोगों की ओछी मानसिकता को परखकर मुंह मोड़ने की जरूरत है।

## मैंठी में पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ बढ़ रहा लोगों का आक्रोश




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के मैठी गांव में हुई पुलिस के द्वारा मारपीट का मामला काफी गर्म हो चुकी है। अब पीड़िता के समर्थन में मैठी गांव के अलावा आसपास के लगभग एक दर्जन गांव के लोग खड़े हैं। वहीं बीते एक सप्ताह से प्रतिदिन विभिन्न दलों के नेताओं का दौड़ जारी है। सभी एक स्वर में गायघाट थानेदार को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं। इस मामले को लेकर पीड़िता ने मानवाधिकार आयोग, कोर्ट परिवाद समेत सभी उच्च अधिकारी एवं राष्ट्रपति को लिखित शिकायत कर न्याय की मांग कर रहे हैं। शनिवार को पीड़िता से मिलने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष रंजन कुमार, जेडीयू के रामबाबू सिंह कुशवाहा, अनुपम कुमार, लोजपा रामविलास के चुलबुल शाही ने पीड़िता को उचित न्याय दिलाने की बात कही। भाजपा जिलाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया की गायघाट थानेदार लोकसभा चुनाव में एक विशेष पार्टी के सहयोग में जुटे हुए हैं। यह देखने को भी मिल रहा है। घटना के करीब दस दिन हो गए सभी दलों के नेता पीड़िता का हाल समाचार लेने पहुंचे, लेकिन अबतक राजद के एक भी कार्यकर्ता मैठी गांव नहीं आए। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत आज ही चुनाव आयोग से कर गायघाट थानेदार के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। विदित हो कि होली के दिन चौकीदार व ग्रामीणों में विवाद हो गया था। इसके बाद पहुंचें गायघाट थानेदार से भी ग्रामीणों की बकझक हो गई। इस मामले में थानेदार ने 14 नामजद व 25 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दायर किया था। इसके बाद नामजद सभी ग्रामीण गांव छोड़कर फरार है। बीते 3 अप्रैल की रात थानेदार पुरषोत्तम यादव दलबल के साथ नामजद आरोपी संतोष सिंह उर्फ भिखारी सिंह के घर छापेमारी करने पहुंचीं। दरवाजा खोलने में विलंब देख उसके पत्नि व दो बेटियों को बेरहमी से पिटाई कर दी गई। इसके बाद से पूरे गांव में पुलिस के विरुद्ध अत्यंत आक्रोश है। करीब एक दर्जन गांव में न्याय नहीं तो वोट नहीं की बैनर लगाया गया है।

## एक्शन में मानवाधिकार आयोग , एसएसपी से पुछा अधिवक्ता को थाना हाजत में क्यों पीटा गया

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के सिविल कोर्ट के अधिवक्ता हरे कृष्ण कुमार उर्फ माधव को पिछले वर्ष 24 जुलाई को गायघाट थाने की पुलिस ने थाना हाजत में बंद कर काफी बेरहमी से मारा व पीटा था और अधिवक्ता को हथकड़ी लगाकर पुरे सिविल कोर्ट कैंपस में घुमाया गया था, जिसका विरोध अधिवक्ताओं द्वारा किया गया था। अधिवक्ता माधव कुमार के भतीजा शशिरंजन कुमार ने 24 जुलाई 2023 को गायघाट थाने में एक आवेदन दिया था, जिसकी रिसीविंग के लिए तत्कालीन थानाध्यक्ष मोनू कुमार द्वारा उन्हें शाम में बुलाया गया था। शाम के समय शशिरंजन कुमार अपने चाचा अधिवक्ता हरेकृष्ण माधव के साथ थाना पर रिसीविंग लाने गये तो पुलिस द्वारा पैसे की माँग की गई, जिसका विरोध अधिवक्ता माधव के द्वारा किया गया, जिसपर गायघाट थाने की पुलिस खफा हो गई और अधिवक्ता को थाना हाजत में बंद कर काफी बेरहमी से मारा व पीटा गया। अधिवक्ता का आरोप है कि उन्हें थाना हाजत में नंगा करके बुरी तरह से मारा व पीटा गया था। इतना ही नहीं, पुलिस ने अधिवक्ता माधव को हथकड़ी लगाकर पुरे कोर्ट परिसर में घुमाया और एक झूठा मुकदमा बनाकर उन्हें जेल भी भेज दिया। हालांकि अधिवक्ता को जमानत तो मिल गई, उसके बाद अधिवक्ता माधव के आवेदन पर कोर्ट के आदेशानुसार गायघाट थाना में ही उसी थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष मोनू कुमार, दरोगा उमाकांत मिश्रा एवं थाना के गाड़ी चालक प्रवीण कुमार समेत कुल 30 सशस्त्र पुलिस बल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। इतना ही नहीं, गायघाट थाना की पुलिस ने 2 नवंबर 2023 की रात में अधिवक्ता माधव के घर पर भयंकर तोड़फोड़ व उत्पात मचाया। इस पुरे प्रकरण की जानकारी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली सहित बिहार मानवाधिकार आयोग पटना को भी दी गई। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार मानवाधिकार आयोग को मामले की जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी अपने स्तर से तहकीकात करना शुरू कर दिया। बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग ने मामले को काफी गंभीर माना है और एसएसपी मुजफ्फरपुर से मामले के सम्बन्ध में रिपोर्ट की माँग की है। मामले की अगली सुनवाई 29 मई को होनी है। मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा ने बताया कि यह पूरा मामला मानवाधिकार उल्लंघन के अतिगंभीर कोटि का मामला है। आयोग मामले को लेकर काफी सख्त और गंभीर है। एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता रामशरण सिंह ने कहा कि आयोग के द्वारा उठाये गये इस कदम से दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई होना सुनिश्चित है। महासचिव वीरेंद्र कुमार लाल ने कहा कि मुझे कानून में पूरी आस्था है। दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। वहीं वरीय कानूनविद् विजय कुमार शाही ने कहा कि मानवाधिकार आयोग में मुझे पूरी आस्था है, अधिवक्ता माधव को जरूर न्याय मिलेगा। मानवाधिकार आयोग के इस एक्शन का सभी अधिवक्ताओं ने स्वागत किया है।

## समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के पास पेड़ से लटकता मिला शव, जांच में जुटी पुलिस



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

रेल पुलिस ने स्टेशन रोड के रेलवे कॉलोनी स्थित एक पेड़ से लटकता हुआ शव बरामद किया है। शव पेड़ पर रस्सी से लटका हुआ पाया गया है। शव का पैर जमीन से छू रहा था। देखने से प्रतीत हो रहा था कि उसकी कहीं अन्यत्र हत्या कर उसे यहां टांग दिया गया है। हालांकि खबर संप्रेषण तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी। इस संबंध में जीआरपी थानाध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद आलोक ने बताया कि एफएसएल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। देखने से लग रहा है कि मृतक या तो भिखारी रहा होगा अथवा नशे का आदि रहा होगा। हालांकि शव की पहचान अभी नहीं हो पायी है। हत्या है या आत्महत्या, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के बाद ही पता चल सकेगा। घटना की जानकारी रविवार की दोपहर को लोगों को हुई, जब स्टेशन रोड में काम कर रहे कुछ मजदूर उधर पेशावरी करने के लिए गए हुए थे। उन्होंने ही पेड़ से लटका हुआ शव देखने के बाद शोर मचाया। जिसके बाद लोगों की भीड़ जुट गई। दोपहर बाद पहुंची फोरेंसिक टीम के द्वारा शव व घटनास्थल की जांच की गई। मौके पर रेल डीएसपी रोशन कुमार गुप्ता व रेल पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि पेड़ पर चढ़ने-उतरने के पैर के निशान दिखाई दे रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि मृतक स्टेशन के आसपास कचरा बिनने का काम करता था। हालांकि उसकी पहचान नहीं हो पायी है। लोगों में चर्चा थी कि मृतक का अपने साथियों के साथ किसी चीज के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ होगा अथवा किसी लड़की-महिला के चक्कर के कारण बदमाशों ने कहीं और हत्या कर शव को यहां पेड़ पर लाकर लटका दिया। वहीं सूचना पर पहुंची जीआरपी का बताना था कि उन लोगों को हत्या कर पेड़ पर टांग दिए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद जीआरपी की टीम जांच के लिए पहुंची है। जीआरपी का बताना है कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर पेड़ पर लटका दिए जाने का लग रहा है।

## देवरिया गोली कांड का हुआ उद्भेदन 3 गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने देवरिया थानान्तर्गत बंगरा गांव में हुए गोली कांड एवं लूट की घटना का उद्भेदन कर लिया है ।इस घटना में शामिल 4अभियुक्तों को लूट की मोटरसाइकिल,दो देशी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वादी आनन्द बिहारी मिश्रा ने गत 12अप्रैल को देवरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया था जिसमें उन्होंने अपने पुत्र चंदन कुमार को देवरिया थाना अंतर्गत बंगरा गाँव के पास अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर जख्मी करने का जिक्र किया था। दिनांक 12 अप्रैल को ही थानान्तर्गत धरफरी चवर के पास अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा रात्रि में वादी मुन्ना कुमार से हथियार का भय दिखाकर मोटरसाईकिल लूट-कांड को अंजाम दिया गया था। उक्त दोनों कांडों की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सरैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त विशेष टीम में थानाध्यक्ष देवरिया के टीम को भी शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त मिथलेश कुमार , . नितिश कुमार , दिलीप सहनी सभी ग्राम नया टोला हुसेपुर थाना साहेबगंज को अवैध हथियार, कारतूस, लूट कांड में प्रयुक्त मोटरसाईकिल एवं लूट की मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में देवरिया थाना कांड सं0 80/24 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है ।गिरफ्तार अपराधकर्मियों ने उपरोक्त सभी कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

## छठ ब्रतियो ने दिया सांध्यकालीन अर्घ्य

मोतिहारी/बनकटवा : लोक आस्था व सूर्य उपासना का महान चार दिवसीय पर्व चैती छठ के तीसरे दिन रविवार को बनकटवा व घोड़ासहन प्रखंड को जोड़ने वाली अरुणा नदी के तट के सुप्रसिद्ध जगिरहा-बिजबनी-घोड़ासहन छट घाट पर सैकड़ो छठ ब्रतीयो द्वारा भगवान भास्कर को संध्या कालीन अर्घ्य अर्पित किया गया ।घाट पर हजारो की संख्या में श्रद्धालु की भीड़ लगी रही ।पूर्वी तट पर घोड़ासहन व पश्चिमी तट पर मुखिया संघ अध्यक्ष अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ प्रेम किशोर यादव के सौजन्य व बिजबनी-जगिरहा पूजा समिति द्वारा सजावट के व्यापक प्रबंध किए गए थे ।वही घाट पर सुरक्षा ब्यवस्था के मधेनजर घोड़ासहन व जितना थाना की पुलिस तैनात थी ।मेला को आकर्षक रूप देने के लिए विभिन्न प्रकार के सरकर्स झूला व अन्य मनोरंजक कार्ययक्रम की ब्यवस्था की गयी थी ।मेले में गुम हो रहे बच्चो के खोजबीन के लिए दो नियंत्रण कक्ष बनाये गए थे ।वही प्रशासन की निष्क्रियता से छठ घाट के रास्ते बड़े वाहन के प्रवेश से श्रद्धालुओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण

पटना, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### पटना एवं सहरसा से नई दिल्ली के लिए वन-वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का परिचालन

हाजीपुर। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर पटना एवं सहरसा से नई दिल्ली के लिए एक वन-वे स्पेशल ट्रेन परिचालित की जा रही है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित वन-वे स्पेशलः यह स्पेशल 14 अप्रैल को 21.30 बजे पटना जं. से खुलकर 21.50 बजे दानापुर, 22.25 बजे आरा, 23.25 बजे बक्सर एवं अगले दिन 02.10 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन रूकते हुए 15 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में साधारण श्रेणी के 20 कोच लगेंगे।, गाड़ी संख्या 04039 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित वन-वे स्पेशलः 04039 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल 15 अप्रैल को सहरसा से नई दिल्ली के लिए चलायी जाएगी।

# जमीनी विवाद मे हुई मारपीट, दो लोग घायल, रेफर

- एंबुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं, प्राइवेट ऑटो से कराने ले गया इलाज

प्रात: किरण संवाददाता



कुमारखंड (मधेपुरा) बेलारी थाना क्षेत्र के जमुआहा वार्ड आठ में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटना में एक पक्ष के दो लोग घायल हो गए। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर नवीन कुमार भारती ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया। अस्पताल में एंबुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं रहने की वजह से घायल मरीज को प्राइवेट ऑटो से इलाज कराने ले गया। बताया गया कि एक पक्ष के नुनूलाल यादव और दूसरा पक्ष के भूपेन यादव के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा है। एक पक्ष के घायल नुनुलाल यादव के बहु सुलेखा देवी ने आरोप लगाते हुए बताया खेत में गेंहू लगा हुआ था। दूसरा पक्ष के भूपेन यादव, जय कृष्ण यादव, पवन यादव, पंकज यादव, प्रदीप यादव अन्य खेत में लगे गेहूं के फसल को मशीन द्वारा कटा रहे थे। मेरे ससुर नुनूलाल यादव को जानकारी मिलते ही गेहूं काटने से मना किया तो गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में नुनूलाल यादव और मनोज यादव घायल हो गए। परिजनों ने इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए नुनूलाल यादव और मनोज यादव को सदर अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया जमीन विवाद को लेकर मारपीट की जानकारी मिली आवेदन मिलते ही जांच कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

# भारत में राम राज का आगाज हो चुका है : राजनाथ

## अब दुनियां की कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकता




प्रात: किरण संवाददाता

जमुई जिले के श्री कृष्ण सिंह स्टेडियम में रविवार 14 अप्रैल को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक चुनावी सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने बताया यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अभी से ही दुनियां भर से आमंत्रण आने लगा है और देश विदेश के लोग समझ गए हैं कि तीसरी बार भी सरकार बनेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे।उन्होंने इंडिया गठबंधन कांग्रेस पर साधा प्रहार करते हुए कहा कि देश दुनियां में भारत को कोई तबोजो नहीं देता था और ना ही कोई इसकी बातों को सुनता था।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई देश विदेश के लोग सुनने और समझने के लिए इंतजार करते हैं कि भारत क्या बोल रहा है।आज भारत पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है और जरूरत पड़ने पर घर में घुसकर भी मरता है।इसलिए मैं जमुई लोकसभा क्षेत्र से एन डी ए प्रत्याशी अरुण भारती को जीतने की अपील करता हूं और आने वाले 19 अप्रैल को अपना एक एक वोट हेलीकॉप्टर के सामने वाले बटन को दबाकर तीसरी बार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाकर देश विदेश में भारत को और गौरवशाली बनाएं और 2047 तक विकसित राष्ट्र के निर्माण में सहायक बने।इस चुनावी सभा को लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई के सांसद चिराग पासवान,बिहार सरकार के डिप्टी सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी,बिहार सरकार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, कबीना मंत्री हरी प्रसाद सहनी,नारी शक्ति और जमुई के लोकप्रिय विधायिका सुश्री श्रेयषी सिंह, एन डी ए के सभी जिलाध्यक्ष ने भी संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

# आठवीं पास छात्राओं के सम्मान में विद्यालय परिवार ने किया विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन




प्रात: किरण संवाददाता

महुआ महुआ प्रखंड क्षेत्र के कन्हौली धनराज पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय विशुनपुर बेझा के प्रांगण में रविवार को बाबासाहेब अंबेडकर जयंती समारोह सह विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम एवम हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं, ग्रामीणों एवं समाजसेवियों ने भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की।इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अन्य लोगों से भी बाबा साहब अंबेडकर के जीवनी से सीख लेने की अपील की।वही आठवी वर्ग में उत्तीर्ण होने वाले छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह में शामिल छात्र-छात्राओं को भी सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आप सभी भविष्य में एक राष्ट्र निमार्ता बनने की क्षमता रखते हैं। परिवार और समाज को आप सभी से काफी उम्मीदे है। इस मौके पर विद्यालय परिवार के द्वारा आठवीं पास छात्र छात्राओं को मेडल और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम की शुरूआत रिया, खुशी और अंशु प्रिया के गाए स्वागत गान से किया गया।इस विदाई सह सम्मान समारोह के मौके पर मुकेश चन्द्र चौधरी,आफताब आलम ,जफरूल हसन , ब्रजकिशोर पासवान, हरेन्द्र कुमार दीप राज,राजा सर,दीप्ती कुमारी, शहनाज खातुन,गोपाल कुमार सहित विद्यालय के अनेकों छात्र छात्राओं ने छात्र भाग लिया।

# म वि परिसर में मतदाता को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




कुमारखंड (मधेपुरा) जिला प्रशासन की देखरेख में प्रखंड के सबसे कम वोटिंग वाले बूथ संख्या 231 मध्य विद्यालय इसराइन कला परिसर में रविवार को स्वीप सह घर-घर जागरूक अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर डीसीएलआर सह एआरओ सिंहेश्वर विधानसभा सुजीत कुमार के द्वारा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियदर्शी राजेश पायरट की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डीसीएलआर सुजीत कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन मधेपुरा के द्वारा इस बार की लोकसभा चुनाव में जिले के 12 चिन्हित किए गए सबसे कम वोटिंग प्रतिशत वाले मतदान केंद्र पर विशेष रूप से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान घर-घर चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य काफी कम वोटिंग वाले इन बूथ पर वोटिंग का प्रतिशत को बढ़ाना है। जिसमें आम मतदाताओं की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने उपस्थित चुनाव की सारथी विभिन्न विभाग की कर्मी, आशा, आंगनबाड़ी सेविका, एएनएम, पीडीएस दुकानदार, पीआरएस, विभिन्न विभाग के कर्मी एवं पदाधिकारी तथा आम मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि इस मतदान केंद्र के साथ-साथ अन्य मतदान केंद्रों पर वोटिंग करने वाले मतदाताओं को घर-घर जाकर 7 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला प्रशासन का आमंत्रण पत्र देने तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने आम मतदाताओं से कहा कि इस बार के चुनाव में मधेपुरा जिला में 75 प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित करने में अपनी सहभागिता अवश्य प्रदान करेंगे। मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया। इससे पूर्व अपने स्वागत भाषण में बीडीओ प्रियदर्शी राजेश पायरट ने कहा कि 5 साल पर आने वाले इस महापर्व में अपनी भागीदारी अधिक से अधिक संख्या में सुनिश्चित कर लोकतंत्र की निर्माण में अपनी भूमिका अवश्य निभाएं। सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी स्वीप निकिता कुमारी ने कहा कि यहां के लोगों का घर-घर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मिले आश्वासन से यह स्पष्ट होता है कि इस बार के चुनाव में यहां पूर्व में हुए 39 प्रतिशत मतदान से अधिक वोटिंग मतदाता द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी कहीं जाने वाली महिला मतदाता अगर आगे आकर मतदान में भाग लेती है तो शत प्रतिशत मतदान संभव हो सकते हैं। डीपीओ स्थापना मिथिलेश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की निर्माण में हमारी जिम्मेदारी तय की गई है और हम सभी मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन अवश्य करनी चाहिए। जिससे इस महान लोकतंत्र में सरकार निर्माण में हम अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। कार्यक्रम का संचालन बीईओ कुमार गुणानंद सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान बीईओ द्वारा जिला पदाधिकारी का आमंत्रण पत्र पढ़कर सुनाया गया। इससे पूर्व सभी पदाधिकारी एवं कर्मी के द्वारा मतदान केंद्र के क्षेत्र अधीन घर-घर जाकर लोगों को जिला प्रशासन का आमंत्रण पत्र देते हुए मतदान में भाग लेने की अपील की गई। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सुश्री यशस्वी, डीपीओ आईसीडीएस रश्मि कुमारी, डीपीएम जीविका नीलकमल चौधरी, डीपीओ मनरेगा रमेश कुमार, पीओ मनरेगा भोला दास, सीडीपीओ निकहत आरा, एमओ रूपेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वरुण कुमार, बीपीआरओ रोहन कुमार रत्न ।, बीएचएम बृजेश कुमार, डीसीएम प्रेमशंकर कुमार, जेई किशन पंडित, पीटीए किशोर झा, आशीष रंजन सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# डाक बंगला में चल रहा है पुलिस निरीक्षक का कार्यालय

प्रात: किरण संवाददाता

महनार। जिला परिषद के डाक बंगला में पुलिस निरीक्षक का कार्यालय चल रहा है और पुलिस विभाग व जिला परिषद दोनो खामोश बना है। महनार थाना रोड स्थित जिला परिषद के डाक बंगला में पिछले 16 साल से पुलिस निरीक्षक का कार्यालय चल रहा है। विदित हो कि पुलिस निरीक्षक देसरी का यह कार्यालय देसरी में स्थापित नही कर महनार थाना भवन में ही स्थापित कर दिया गया और तब से यह यहीं चल रहा था। वर्ष 2008 में थाना का भवन ध्वस्त हो जाने के उपरांत पुलिस निरीक्षक के कार्यालय को बगल में अवस्थित जिला परिषद के डाक बंगला में शिफ्ट कर दिया गया और तब से लेकर आज तक इस पर पुलिस निरीक्षक का ही कब्जा है। इस अनुमंडल में पांच जिला पार्षद है किंतु किसी की भी इस मामले में आवाज नही उठती है क्योंकि उन्हें डर है कि यदि आवाज उठाया जाएगा तो पुलिस निरीक्षक नाराज हो जाएंगे एवं उनकी पैरवी सुनना बन्द कर देंगे। अनुमंडल के एक मात्र सरकारी डाक बंगला के भी उपयोग में नही रहने के कारण बाहर से आने वाले सरकारी अतिथि व महनार महोत्सव में आने वाले कलाकारों को काफी रुपए खर्च कर महंगे होटल में रखना पड़ता है या किसी बड़े व्यक्ति के यहां ठहराने के लिए भवन मालिक से चिरौरी करनी पड़ती है। सरकार ने सभी डाक बंगला को आउट सोर्सिंग के हवाले करते हुए सभी का किराया वसूली करने का आदेश दिया है तो फिर पुलिस निरीक्षक किस की अनुमति से इस डाक बंगला में प्रवेश कर अपना कब्जा कर लिया और इसका किराया वह जिला परिषद को दे रहे है।

# संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ अंबेडकर का 133 वां जयंती मनाई

## डॉ आंबेडकर सच्चे अर्थों में संविधान निमार्ता, महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, मसीहा, वास्तुकार, न्यायविद थे - किरण

प्रात: किरण संवाददाता




अलौली। फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान एवं मिशन सुरक्षा परिषद के बैनर तले डॉ अंबेडकर का 133 वां जयंती श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय अलौली सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर कोटि-कोटि नमन किया गया तथा डॉक्टर अंबेडकर अमर रहे, लोकतंत्र संविधान देश बचाओ, शिक्षित बनो संगठित हो संघर्ष करो, नारों को बुलंद किया गया। अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर सच्चे अर्थों में महान समाज सुधारक, संविधान निमार्ता, वास्तुकार, भारत रत्न, मसीहा, अर्थशास्त्री, न्यायविद थे। श्री यादव ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। फरकिया मिशन के सचिव लालमणि सदा, संयुक्त सचिव तितली भारती, अनिल महतो, भूषण कुमार, विनोद राम, शंकर शाह, उत्तम कुमार, रितेश कुमार, बुधन सदा, विलास राम, विष्णु देव यादव, रवि कुमार, सुबीर कुमार, प्रकाश ठाकुर, दिनेश शाह आदि ने उनके बताए रास्ते पर चलने तथा देश संविधान लोकतंत्र बचाने को लेकर संविधान को साक्षी मानकर तथा प्रस्तावना का पाठ कर शपथ लिया।

# महुआ में श्रद्धापूर्वक मनाई गई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती

प्रात: किरण संवाददाता

महुआ ।महुआ नगर परिषद क्षेत्र के सदापुर महुआ मिश्रा टोला स्थित सृष्टि कोचिंग सेंटर में कोचिंग के संचालक दिलीप कुमार के नेतृत्व में भारतीय संविधान निमार्ता ह्भारत रत्नह्व डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का 134वां जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शिक्षक और छात्र - छात्राओं सहित उपस्थित लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सृष्टि कोचिंग सेंटर के संचालक दिलीप कुमार ने कहा कि छात्रों के सबसे बड़ा प्रेरणा श्रोत डॉ0 अम्बेडकर साहब है।अंबेडकर जी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा था कि ह्वशिक्षा उस शेरनी का दूध है, जो जितना पिएगा उतना दहाड़ेगाह्व । जब भारत का संविधान बनाने की बात आई तो संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को बनाए गए। भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत 1990 ई0 में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को ह्भारत रत्नह्व देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर कोचिंग सेंटर द्वारा छात्र -छात्राओं के बीच लड्डू ,जलेबी वितरण किया।मौके पर दीपक माया, जगमोहन सिंह,समोद कुमार, राजकमल , मोहन कुमार सिंह पवन कुमार, आयुषी कुमारी , विक्रम कुमार , विशाल कुमार आदि लोग उपस्थित थे । प्रखण्ड क्षेत्र के कदम चौक सिंघाड़ा में चलो पढ़े अभियान के तत्वाधान में भारत रत्न भीम राव अम्बेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजली किया और कहा की उनके विचारों को अपनाकर की आदर्श समाज और देश का निर्माण किया जा सकता है।इस अवसर पर अभियान के संयोजक प्रदीप सोनी, पूर्व सरपंच शंभू पंडित, रजनीश कुमार, सुशील राम, अमरनाथ प्रसाद, मदन प्रसाद,राम स्वार्थ साह,शंभू लहाकार ,कृष्णा अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे। वही महुआ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 17 में राजा धवन की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर रेलवे कर्मचारी विश्वनाथ राम, प्रोफेसर डॉ नरेश कुमार रावत, सुनिल रविदास, राकेश रावत, सुधीर वाल्मिकी, अप्पू रावत, राहुल मांझी, पुल्ली पासवान, विमला देवी, बीना देवी समेत अनेकों लोग उपस्थित थे।

# भारतीयता के प्रतीक हैं डॉ. अंबेडकर : प्रो. ललन

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा भारतरत्न डॉ. अंबेडकर एक प्रखर राष्ट्रभक्त थे। उनका संपूर्ण जीवन-दर्शन भारत एवं भारतीयता के लिए समर्पित था। यह बात बीएनएमयू , मधेपुरा के विकास पदाधिकारी सह परिषद् के विभाग प्रमुख डॉ. ललन प्रसाद अद्री ने कही। वे रविवार को डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर आयोजित पुष्पांजलि सभा सह परिचर्चा की अध्यक्षता कर रहे थे। परिचर्चा का आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, मधेपुरा नगर इकाई के तत्वावधान में किया गया था। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने विपरीत परिस्थितियों में भी उच्च शिक्षा ग्रहण किया और दुनिया में अपने ज्ञान का लोहा मनवाया। उन्होंने यह साबित किया कि यदि हमारे मन में शिक्षा प्राप्त करने का सच्चा संकल्प हो, तो गरीबी बाधा नहीं हो सकती है। संपूर्ण मानवता के भाग्य-विधाता थे डॉ. अंबेडकर इस अवसर पर नगर अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल दलित वर्ग के नेता नहीं थे, बल्कि वे संपूर्ण समाज, राष्ट्र एवं पूरी मानवता के भाग्य-विधाता थे। वे सभी मनुष्यों को एक मानते थे और सबको सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय दिलाने के पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचारों में माननवीय गरिमा की रक्षा एवं सामाजिक समरसता की स्थापना का आदर्श निहित है। इनके विचारों को सही संदर्भों में समझने और इनके कारवां को आगे बढ़ाने की जरूरत है। प्रोरणास्त्रोत हैं डॉ. अंबेडकर उत्तर बिहार प्रदेश मंत्री अभिषेक यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और उनका संदेश ह्वशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोह्व हमारा आदर्श है। यह इस आदर्श को केंद्र में रखकर डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। ज्ञान के प्रतीक हैं डॉ. अंबेडकर बीएनएमयू के सीनेट सदस्य सह परिषद् के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रंजन यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर दुनिया में ज्ञान के प्रतीक (सिम्बल ऑफ नॉलेज) माने जाते हैं। उन्होंने अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र, धर्मशास्त्र, मानवशास्त्र राजनीति विज्ञान आदि विभिन्न विषयों का गहन अध्ययन किया था। इसके पूर्व सबों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की। कार्यक्रम का संचालन विभाग संयोजक सौरभ यादव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रमुख दिलीप कुमार दिल ने की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमोद आनंद, नीतीश सिंह यादव, विद्यार्थी विस्तारक शंकर कुमार, बालकृष्ण कुमार, अंशु राज, रविरंजन कुमार, रोशन यदुवंशी, विवेक कुमार, ललित कुमार, ज्ञानप्रकाश कुमार, राहुल कुमार, नितीश कुमार, सौरभ कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।

# अंबेडकर जयंती को यादगार बनाने के लिए किया गया 21 पौधारोपण

## अपील :- इस गर्मी में नियमित पौधों और पक्षियों के संरक्षण के लिए जनसामान्य करें प्रयास

- पौधा और खेल सामग्री देकर किया गया प्रोत्साहित

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई। मनुष्य नश्वर है, उसी तरह विचार भी नश्वर हैं। एक विचार को प्रचार-प्रसार की जरूरत होती है, जैसे कि एक पौधे को पानी की, नहीं तो दोनों मुरझाकर मर जाते हैं। बाबा साहेब आंबेडकर के दिए गए वचन को साईकिल यात्रियों द्वारा अपने 432वें यात्रा के क्रम में खैरा प्रखंड के कहरडीह ग्राम पहुंच कर वहां के युवाओ को अंबेडकर के जयंती पर उनके जीवनी की लेकर चर्चा की गई। भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जयंती के अवसर पर साईकिल यात्रियों द्वारा उनके जयंती को यादगार रूप से मनाने के लिए विद्यालय परिसर में पीपल और महुगणी का पेड़ लगाया गया। इस अवसर पर बच्चो को दर्जनों फलदार का भी पौधा वितरण भी किया गया। सदस्य सचिराज पद्ममाकर ने डॉ. अंबेडकर की जीवनी को साझा करते हुए बताया कि बाबा साहेब का शुरूआती जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। अपने सामने आने वाली हर मुश्किल से पार पाकर उन्होंने जो मकाम हासिल किया और भारत की स्वतंत्रता और संविधान में जो योगदान दिया उसे आज भी याद किया जाता है। हमे उनके जीवन से सीख लेना चाहिए। सदस्य शैलेश भारद्वाज और संतोष कुमार सुमन द्वारा पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया की पर्यावरण की सुरक्षा पर महापुरुषों के जीवन दिवस पर पौधा रोपण कर समाज को एक अनोखा संदेश दिया जा सकता है।

इससे ना केवल उनकी जयंती यादगार के रूप में वर्षो वर्ष तक स्मृति शेष के रूप संजोया जा सकता है बल्कि पर्यावरण के लिए कारगर उपाय हो सकता है। सदस्य धीरज कुमार सिंह ने उपस्थित बच्चो को खेल के प्रति प्रोत्साहन को लेकर साईकिल यात्रा एक विचार, टीम की तरफ से कहरडीह के बच्चो को दो फुटबॉल भेंट करते हुए बताया की कोई भी खेल या मुहिम अनवरत चलते रहना चाहिए कमियां या रुकावट हमेसा आती जाती रहेगी यदि एक बार नजरंदाज कर अपने लक्ष्य की और देखे तो वो दिन दूर नही होगी जब सोचा हुआ हर मुकाम हासिल होगा। इस अवसर पर राहुल सिंह, धीरज कुमार सिंह, शैलेश भारद्वाज, विवेक कुमार, हर्ष कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, गोलू कुमार, सचीराज पद्ममाकर, संतोष कुमार, विराट सौरभ, परमजीत कुमार, रूपेश कुमार शर्मा, मनीष कुमार, गुड्डू कुमार पांडेय, कुणाल कुमार, सत्यम कुमार, आयुष कुमार, ध्रुव कुमार, नीरज कुमार, सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) कार्यालय में बाबा साहेब भीमराव अबेंडकर की मनाई गई जयंती

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के वैशाली जिला कार्यालय सुल्तानपुर इन्डस्ट्रिज एरिया हाजीपुर में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अबेंडकर जी के 133 वीं जन्म जयंती पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह जी के नेतृत्व में मनाया गया ।और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।साथ ही दुसरे अंबेडकर के नाम से जानने जाने वाले पद्म भूषण श्रद्धेय रामविलास पासवान जी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया ।पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि बाबा साहेब के बताए मार्ग पर ही चलकर उनहें सच्ची श्रद्धांजली दी जा सकती है । इस मौके पर वरिष्ठ नेता विनोद राय, पूर्व सांसद प्रतिनिधी अवधेश सिंह, प्रदेश महासचिव राजकुमार पासवान, हरिहर पासवान, पवन राज, सोनू सूद, कमलेश राय, महिला जिलाध्यक्ष रिंकु कुमारी, श्रुति प्रिया, धनवंती देवी, लक्ष्मी देवी, जिला मिडिया प्रभारी गुड्डु कुमार जायसवाल, हाजीपुर प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम, छात्र जिलाध्यक्ष श्रीकांत पासवान व्यवसायिक जिलाध्यक्ष राकेश पासवान, संसदीय जिलाध्यक्ष संजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष गणेश सिंह, अमरेश कुमार सिंह, पंकज साह , मनोज सिन्हा, डॉ. रजनीश, अनिल पासवान, रामरत्न पासवान, अजित चन्द्रवंशी, उपेन्द्र पासवान, मुकेश पासवान, संतोष स्वराज, सुरेश भगत, अजीत सिंह, राजा चौधरी, सुजीत कुमार पासवान सहीत पार्टी के तमाम पदाधिकारी श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया।

### बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें किया गया नमन

महनार - महनार अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महनार के अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।बताया गया कि महनार अनुमंडल पदाधिकारी नीरज कुमार के साथ महनार अंचलाधिकारी रत्नेश मोहन और अनुमंडल,प्रखण्ड व नगर पर्षद कार्यालय के कर्मियों ने भी प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।एसडीओ ने इस मौके पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये कहा कि बाबा साहब एक महान क्रांतिकारी,विधि विशेषज्ञ और समाज सुधारक थे। कहा कि देश को बाबा साहब ने एक सूत्र में पिरोए रखने के लिए हमें एक ऐसा संविधान दिया है।

# रक्तदान महादान कर किसी को जीवन दान करें: डॉ.मुकेश

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर। संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ.भीम राव अम्बेडकर के जयंती समारोह के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जन कल्याण सेवा सोसाइटी वैशाली हाजीपुर के द्वारा रक्त संग्रह कर्ता प्रथमा ब्लड सेंटर के टीम ने किया।इस अवसर पर जन कल्याण सेवा सोसाइटी के संयोजक एवं महुआ विधानसभा के विधायक डॉ मुकेश रौशन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान करें रक्तदान करने से किसी भी तरह का कोई कमजोरी नहीं होता है।मैं स्वयं 2020 के कोरोना काल से लगातार एक साल में तीन बार स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों को रक्तदान कर सहयोग करने का एक छोटा सा प्रयास कर रहा हूँ।हर साल सैकड़ों लोगों को जन कल्याण सेवा सोसाइटी के सदस्यों के द्वारा ससमय निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है।जन कल्याण सोसाइटी के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन हर महीने वैशाली जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंड स्तर पर आयोजित कर जन जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।इस दौरान मनीष सिंह,प्रिंस कुमार रवि कुमार चंदन कुमार राजा बाबु भारती पप्पू कुमार दिनेश राय राकेश कुमार सिंह विजय कुमार अजीत रंजन संतोष कुमार सहित दर्जनों युवा क्रांतिकारी साथियों ने रक्तदान महादान किया।महुआ विधायक डॉ मुकेश रौशन के द्वारा सभी रक्तवीर को सम्मानित किया गया।प्रथमा ब्लड सेंटर के द्वारा महुआ विधायक डॉ.मुकेश रौशन को बाबा साहब डॉ.भीम राव अम्बेडकर साहब का तैलचित्र एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया।

सम्पादकीय

## पैसों की हवस के आगे इंसान

ऋतुपर्ण दवे

पैसों की हवस के आगे इंसान इतना गिर जाए कि जिंदा इंसानों के शरीर के अंग बेचने लग जाए? भला कौन विस करेगा कि यह भी अब उन कुछ वहशियों का कारोबारी हिस्सा है, जो बाकयदा गैंग बनाकर, सुनियोजित तरीके से लगे हुए हैं। हैरानी तब ज्यादा होती है जब इसमें देवालय सद्दश्य अस्पतालों के बड़े-बड़े रुतबेदार और ओहदेदार भी हिस्सेदार होते हैं। इस अवैध धंधे ने बहुत गहरी जड़ें कम समय में ऐसी जमा ली हैं कि धंधेबाज सरकार और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। भारत में भी सीमा पार तक से गुपचुप तरीके से स्वस्थ लोगों के अंगों को खरीदने-बेचने का सिलसिला तेजी से पनप रहा है। इत्तेफाक से कोई मामला सामने आता है तो उसकी जड़ों तक पहुंचता जांच दल हक्का-बक्का रह जाता है। कैसे, कितनी सफाई से आंखों में धूल झोंक, इतना बड़ा कांड होता रहा और भनक तक नहीं लगी? बीते हफ्ते बांग्लादेश से बुलाकर जयपुर में अवैध तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने वाले गिरोह का गुरु ग्राम में भांडाफोड़ हुआ। छापेमारी में किडनी ट्रांसप्लांट करा चुके और कराने वाले डोनर, मरीज सहित 4 लोग हत्थे चढ़े। इनसे खुलासा हुआ कि मरीजों से 10-12 लाख रु पये वसूले जाते, जबकि डोनर को महज दो लाख बांग्लादेशी टका पकड़ाते। पकड़ाए बांग्लादेशी किडनी डोनर शमीम ने हैरान कर देने वाली जानकारी दी। उसने फेसबुक पर किडनी डोनेट करने का विज्ञापन देखकर भारत में मुर्तजा से संपर्क साधा। उसके कई मेडिकल टेस्ट हुए। उसे कोलकाता के मेडिकल वीजा पर गुरु ग्राम में रु कवाया गया। आधार और दूसरे कई फर्जी कागज बने। पता चला कि गुरु ग्राम का बड़ा अस्पताल देख इनके जाल में लोग फंस जाते। बाद में इसी अस्पताल की जयपुर ब्रांच में ट्रांसप्लांटेशन का खेल होता। मुर्तजा झारखंड का है। लंबे समय से इस धंधे में लिप्त है। फरवरी, 2019 में कानपुर पुलिस ने एक बड़े किडनी-लीवर बेचने वाले गिरोह का पदार्फाश किया। गिरोह गरीब को फंसाता और दिल्ली में किडनी बिकवाता। छह लोगों गिरफ्तार हुए जिनके तार न केवल कानपुर से दिल्ली, नोएडा, बल्कि विदेशों से भी जुड़े निकले। गिरोह किडनी बेचने वाले मजबूर को 3-5 लाख रुपये बमुश्किल देता वहीं जरूरतमंद से 30 लाख रु पये से भी ज्यादा वसूलता। जांच में खुलासा हुआ कि गैंग का सरगना टीआरके राव 2016 में अपोलो हॉस्पिटल किडनी कांड में जेल जा चुका है। विडंबना कहें या कानून से बेखौफ निर्लज्जता जेल से बाहर आते ही फिर इसी गोरखधंधे में लग गया।

## यह कैसा राम राज?

रघु ठाकुर

22 जनवरी 2024 को राम मंदिर अयोध्या में, राम लला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के बाद, प्रधानमंत्री जी खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। वैसे यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि इस विशाल और व्यापक आयोजन से उनका जनाधार बढ़ा है तथा वे हिंदू मानस के सर्वप्रिय नेता बन गए हैं। यहां तक की हिंदू धर्म गुरु, शंकराचार्य और हिंदू राष्ट्र के निर्माण के थोक बंद ठेकेदार डॉक्टर मोहन भागवत, नरेंद्र मोदी की आभा के समक्ष पीछे नजर आ रहे हैं। 4 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री जी गुवाहाटी के दौरे पर थे। और वहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके। उन्होंने राजनीतिक कारणों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने का चलन स्थापित किया। जबकि विकास और विरासत हमारी नीति है कामाख्या दिव्य लोक परियोजना का शिलान्यास करते हुए उन्होंने कहा तीर्थ मंदिर सभ्यता की यात्रा की निशानियां है। हमारे तीर्थ मंदिर सिर्फ दर्शन करने की स्थली नहीं है यह हमारी सभ्यता की अमिट निशानियां है। भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे उसको अटल रखा है यह उसकी साक्षी है। कोई भी देश अपने अतीत को भुलाकर या मिटाकर विकसित नहीं हो सकता। मुझे संतोष है कि पिछले 10 वर्षों में हालात बदल गये है। उनकी आखिरी पंक्ति पर तो कुछ कहने की जरूरत नहीं है क्योंकि देश में जो कुछ अच्छा हुआ है वह उनके 10 वर्षों के कार्यकाल में हुआ है और जो कुछ खराब हुआ है वह उनके आने के पूर्व का है, यह कहना उनके प्रारंभिक व स्थाई शगल है। एक प्रकार से वे अपने आपको श्श्न भूतों न भविष्यती सिद्ध करते रहते हैं। उनकी आत्म प्रशंसा करने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि यह व्यक्ति का स्वभाव होता है। विशेषता जिन सज्जनों में योग्यता कम होती है वे दिखावे ज्यादा करते हैं। हमारी पुरानी कहावत है अध जल भरी गगरिया छलकत जाए्य। पर मूल प्रश्न जिस पर विचार जरूरी है कि संस्कृति पर शर्मिंदगी का चलन देश में कब था। जहां तक मंदिरों का प्रश्न है, तो जो प्राण प्रतिष्ठा को देवरूप मानने वाले थे, वे मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना करते थे, पर देश में एक ऐसा भी हिंदू समाज या कहें तो हिंदू मानस के विचारकों व धर्म गुरुओं का हिमायती रहा है, जिसने मंदिर व पूजा की परंपरा को स्वीकार नहीं किया। चावार्क ने पाषाण पूजा को स्वीकार नहीं किया तो क्या चावार्क हिंदू नहीं थे? स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा कि, पत्थर की प्रतिमा में शिव नहीं है तो क्या वे हिंदू नहीं थे? मंदिरों की पुर्नस्थापना तो पहले भी हुई है। क्या स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल प्रथम गृहमंत्री भारत सरकार ने सोमनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण नहीं कराया था? हां उसमें स्वर्ण छड़ी से प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी कि नही यह में पक्के तौर पर नहीं कह सकता। जहां तक मुझे स्मरण है कि, मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद प्रतिमा स्थापना तो हुई थी परंतु प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई। स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल ने तो यह कार्य 1950 के दशक में कराया था तो क्या यह संस्कृति पर शर्मिंदगी का चलना माना जाएगा। स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल ने, यह पुनर्निमाण, सार्वजनिक रूप से तथा उसके लिए जन सहयोग से कराया था। उसमें, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सलाह पर सरकारी खजाने के धन का इस्तेमाल नहीं किया गया था। क्योंकि, एक धर्मनिरपेक्ष देश में मंदिरों, मस्जिदों, गिरजागरों का निर्माण कराना सरकार का कर्तव्य नहीं है। इनका निर्माण तो उनके मानने वालों के द्वारा ही होना चाहिए। हालांकि श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार तो सब जगह मंदिरों के पुनर्निमाण या विकास के नाम पर या लोक के निर्माण के नाम पर शासन का पैसा लगा रही हैं। क्या किसी मस्जिद, गुरुद्वारे या गिरजाघर के पुनर्निर्माण का काम सरकारी खजाने से हो सका है या होना चाहिए। फिर संस्कृति क्या है? यह भी एक विचार का बिंदु है? संस्कृति का मतलब क्या केवल मंदिर या धार्मिक स्थलों, पूजा स्थलों तक ही सीमित है? आजकल लोग सनातन की बहुत चर्चा कर रहे हैं तो सनातन क्या है? क्या वैदिक काल को सनातन का हिस्सा नहीं माना जाएगा? पर वैदिक काल में यज्ञों व हवन का तो जिक्र मिलता है पर मंदिरों का नहीं मिलता। तो क्या यह माना जाए की वैदिक कालीन लोगों को भारतीय संस्कृति की जानकारी नहीं थी? या फिर उन्हें संस्कृति पर शर्मिंदिगी होती थी?भारत की संरचना में छँटवी शताब्दी के पूर्व की व बाद की स्थिति में फर्क है। इस्लाम के उदय के पूर्व भारत आज के राजनीतिक भूभाग मात्र में सीमित नहीं था वरन कंधार तक फैला था। उस भारत में लगभग एक ही धर्म व परंपराएं प्रचलित थी, पर इस्लाम के उदय के बाद भारत की धार्मिक सीमाएं और फिर कालांतर में राजनीतिक सीमाएं सिकुडने.लगी। लगभग सातवीं शताब्दी से ही मुगल आक्रमण भारतीय सीमाओं में शुरू हो गए, पहले सिंध व पंजाब में और फिर दिल्ली व समूचे भारत में। जिन लोगों ने इस्लाम कबूल किया और मुसलमान बने, वे उसके पूर्व क्या थे? क्या वे बुद्ध नहीं थे? तो बौद्ध मंदिर भी तो भारतीय संस्कृति की धार्मिक परंपराओं का हिस्सा हुआ। पर संघ के विचार में बौद्ध या सिख या जैन यह क्या भारतीय संस्कृति या धार्मिक इतिहास का हिस्सा माने जाते है। या क्या संघ एक योजना के तहत सभी गैर हिंदू धर्म परंपरा वालों को उनके धार्मिक स्थलों को, मिटाने की योजना रखता है। फिर एक प्रश्न यह भी है, कि संस्कृति क्या है? क्या संस्कृति केवल मंदिरों मठों या धार्मिक स्थलों में है। क्या संस्कृति व इतिहास एक है। इन प्रश्नों पर गहन विचार की आवश्यकता है। फिर संस्कृति व सभ्यता क्या एक है? इस पर भी विचार करना होगा। दरअसल इतिहास संस्कृति और सभ्यता तीनों में समय क्रम एक हो सकता है परंतु भिन्नता भी है। इतिहास उन सारी घटनाओं का संकलन है जो अच्छी या बुरी सही या गलत जब जैसी घटी उनका संग्रह व वर्णन है। संस्कृति वे अच्छे सामयिक जीवन मूल्य है या परंपराएं, जो समाज के लिए दीर्घकालिक लक्ष्य हो सकते हैं, मसलन भारत की जाति प्रथा यह संस्कृति या सभ्यता नहीं कहीं जा सकती। परंतु इतिहास का हिस्सा रहेगी और उसके अच्छे बुरे प्रभावों का विश्लेषण होता रहेगा। सभी जीवों या वस्तुओं में जीवन है और इसलिए उसकी रक्षा की जानी चाहिए। वायु, जल, प्रकृति, मानव यह सभी एक ही रूप के कई हिस्से हैं। यह एक सांस्कृतिक दृष्टिकोण है जो शाश्वत जीवन मूल प्रस्तुत करता है। भारत के इतिहास में दो प्रकार के कालखंड है एक राजा भरत का कालखंड है, जहाँ उनके राज्य के भूभाग का फैलाव भी बहुत व्यापक था और आज के अफगानिस्तान तक या कुछ आगे तक वह भूभाग रहा होगा। हालांकि उस समय की आबादी भी शायद हजारों या लाखों में ही रही होगी और वह कालखंड भी राजतंत्र का है।

# क्या यह सभी टुकड़े टुकड़े गैंग के राष्ट्र विरोधी व राम द्रोही हैं?

**यानी स्थिति कुछ 1977 के चुनाव जैसी दिखाई दे रही है। भाजपा चूंकि अपने संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ बहुसंख्यकवादी राजनीति करते हुये अपने दूरगामी हिंदूवादी एजेंडे पर काम कर रही है इसलिये वह किसी भी सूरत में सत्ता से हटना नहीं चाहती। इससे निपटने के लिये नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ऐसे अनेक हथकंडे अपना रही है जो भारतीय राजनीति के इतिहास में यहाँ तक कि आपातकाल के उस दौर में भी नहीं देखे गये जिसे कांग्रेस की तानाशाही का दौर कहा जाता था। भाजपा सरकार अपने विपक्षी नेताओं व विरोधी दलों को राजनैतिक प्रतिद्वंदी समझने के बजाय उनके साथ व्यक्तिगत दुश्मन जैसा बर्ताव कर रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के अनेक नेताओं को यहाँ तक कि अनेक भ्रष्ट नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय ई डी, सी बी आई या इनकम टैक्स का भय दिखाकर तो किसी को कथित तौर पर धन या पद की लालच देकर अपनी पार्टी में शामिल किया जा रहा है। जो नेता इनके इस जाल में नहीं फंसता उसे किसी न किसी बहाने जेल भेजा जा रहा है। कई विपक्षी पार्टियों में फूट डलवाई जा रही है। कई विपक्षी पार्टियों में फूट डलवाई जा रही है। और इन सबके बावजूद भी जो इनके पक्ष में नहीं आता उसे तरह तरह की संज्ञाओं से नवाजा जा रहा है। किसी को राष्ट्रविरोधी बताया जाता है तो किसी को राम विरोधी। कोई टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य तो कोई पाकिस्तान परस्त। कोई भ्रष्ट तो कोई परिवारवादी।**





**तनवीर जाफरी**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

18 वीं लोकसभा के लिये होने जा रहे आम चुनावों में सभी राजनैतिक दल चुनाव प्रचार में कूद पड़े हैं। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को जहाँ अपने दस वर्ष के शासनकाल के दौरान उपजी सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है वही विपक्ष भी इस बार एकजुट होकर इंडिया नामक गठबंधन बनाकर भाजपा का मुकाबला करते हुए देश की अधिकांश लोकसभा सीटों पर भाजपा व उसके सहयोगी एन डी ए घटक दलों के एक उम्मीदवार के सामने इंडिया गठबंधन का भी एक ही उम्मीदवार चुनौती दे रहा है। यानी स्थिति कुछ 1977 के चुनाव जैसी दिखाई दे रही है। भाजपा चूंकि अपने संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ बहुसंख्यकवादी राजनीति करते हुये अपने दूरगामी हिंदूवादी एजेंडे पर काम कर रही है इसलिये वह किसी भी सूरत में सत्ता से हटना नहीं चाहती। इससे निपटने के लिये नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ऐसे अनेक हथकंडे अपना रही है जो भारतीय राजनीति के इतिहास में यहाँ तक कि आपातकाल के उस दौर में भी नहीं देखे गये जिसे कांग्रेस की तानाशाही का दौर कहा जाता था। भाजपा सरकार अपने विपक्षी नेताओं व विरोधी दलों को राजनैतिक प्रतिद्वंदी समझने के बजाय उनके साथ व्यक्तिगत दुश्मन जैसा बर्ताव कर रही है।

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के अनेक नेताओं को यहाँ तक कि अनेक भ्रष्ट नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय ई डी, सी बी आई या इनकम टैक्स का भय दिखाकर तो किसी को कथित तौर पर धन या पद की लालच देकर अपनी पार्टी में शामिल किया जा रहा है। जो नेता इनके इस जाल में नहीं फंसता उसे किसी न किसी बहाने जेल भेजा जा रहा है। कई विपक्षी पार्टियों में फूट डलवाई जा रही है। और इन सबके बावजूद भी जो इनके पक्ष में नहीं आता उसे तरह तरह की संज्ञाओं से नवाजा जा रहा है। किसी को राष्ट्रविरोधी बताया जाता है तो किसी को राम विरोधी। कोई टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य तो कोई पाकिस्तान परस्त। कोई भ्रष्ट तो कोई परिवारवादी। कोई हिन्दू विरोधी तो कोई अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करने वाला। कोई ह्यखालिस्तानी तो कोई ह्यरेवड़ी बाँटने वाला। यहाँ तक कि भाजपा नेता विशेषकर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोकि कभी अपनी छाती 56 इंच की बताते हैं वही मोदी भावनात्मक कार्ड खेलने से भी नहीं चूकते। भाजपा नेता कभी गाँधी-नेहरू का अपमान करते हैं तो कभी गोडसे-सावरकर का महिमामंडन करते हैं और कभी संविधान बदलने की बात करते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि विपक्षी दलों के नेताओं को जिन विशेषणों से प्रधानमंत्री व उनकी पार्टी के तमाम नेता नवाजते रहते हैं और स्वयं को ही भारतीय राजनीति का अब तक का सर्वश्रेष्ठ राजनीतिज्ञ बताने की कोशिश करते हैं तो क्या उनका विरोध केवल कांग्रेस या इंडिया गठबंधन के ही नेता करते हैं या करते रहे हैं?

किसी जमाने में वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. राम जेठमलानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे बड़े समर्थकों में से एक थे। जेठमलानी मोदी के इतने बड़े समर्थक थे कि 2015 में उन्होंने नरेंद्र मोदी को विष्णु का अवतार तक बता डाला था। जेठमलानी को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी काले धन की वापसी करेंगे। वह सैनिकों को वन रैंक, वन पेंशन देंगे। भ्रष्टाचार और विदेश नीति पर अच्छा काम करेंगे। परन्तु जल्द ही जेठमलानी को मोदी की राजनीति की सच्चाई का पता चल गया। आखिरकार उनको कहना पड़ा कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की मांग का समर्थन करना उनकी सबसे बड़ी नासमझी थी। उन्होंने खुद को इसके लिए गुनहगार और ठगा हुआ बताया था। उन्होंने यह कहना भी शुरू कर दिया था कि प्रधानमंत्री की बातों का भरोसा ना करें। आखिरकार 9 जून 2015 को राम जेठमलानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों को ह्यतोड़नेह्न की घोषणा भी कर दी थी। इसके बाद कई मामलों वे खुलकर मोदी व उनकी सरकार के गलत फैसलों के विरुद्ध अदालत में भी पेश हुये।

उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के ही यशवंत सिन्हा, सुब्रमण्यम स्वामी व शत्रुघ्न सिन्हा जैसे वरिष्ठ नेताओं व पूर्व केंद्रीय मंत्रियों ने नरेंद्र मोदी की अनेक गलत नीतियों का खुलकर विरोध करना शुरू कर दिया। यशवंत सिन्हा व शत्रुघ्न सिन्हा जैसे नेता तो पार्टी छोड़कर भी चले गये परन्तु मोदी हमेशा इसी गलत फहमी का शिकार रहे कि उनसे अच्छी राजनीति की समझ कोई भी नहीं रखता। इस आशय की स्वप्रशंसा वाली कई बातें स्वयं मोदी संसद से लेकर जनसभाओं तक में कहते भी रहते हैं। सुब्रमण्यम स्वामी तो अभी भी भाजपा में ही रहकर मोदी व उनकी सरकार को आईना दिखते रहते हैं। खासकर वित्तीय व विदेश नीति को लेकर और अति विशेष रूप से चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर किये गये हालिया अतिक्रमण को लेकर। उसके बाद भाजपा के ही सांसद वरुण गांधी और भाजपा नेता व पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के बयानों को सुन लीजिए। किसान विरोधी नीतियों को लेकर इन भाजपा नेताओं ने अक्सर प्रधानमंत्री मोदी को खरी खोटी सुनाई। वरुण गांधी ने किसानों व बेरोजगारी व मंहगाई के मुद्दे उठाये। जनसमस्याओं से जुड़ी आवाजें बुलंद कीं। तो पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक ने संघ के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने से लेकर पुलवामा में हुये चालीस भारतीय जवानों की शहादत जैसे अति गंभीर विषय पर मोदी को कटघरे में खड़ा किया। परन्तु इसके जवाब में भाजपा ने वरुण गांधी को लोकसभा का प्रत्याशी नहीं बनाया तो सतपाल मलिक के राज्यपाल का कार्यकाल नहीं बढ़ाया। उल्टे सतपाल मलिक से सम्बंधित 29 ठिकानों पर सी बी आई के छापे जरूर मारे गये।

और अब इन्हीं लोकसभा चुनावों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति प्रसिद्ध अर्थशास्त्री परकला प्रभाकर के बयानों से पूरे देश में सनसनी फैली हुई है। उन्होंने दावा किया है कि अगर बीजेपी को इस बार भी लोकसभा चुनाव में जीत मिलती है तो देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि मणिपुर जैसी स्थिति पूरे देश में पैदा हो सकती है। अर्थशास्त्री प्रभाकर के अनुसार 2024 में अगर फिर से मोदी प्रधानमंत्री बने और यह सरकार वापस आई तो देश में फिर कभी भी चुनाव नहीं होंगे। देश का संविधान बदल जाएगा। मोदी खुद ही लाल किले से नफरती भाषण देंगे और लद्दाख-मणिपुर जैसी स्थिति पूरे देश में बन जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि अभी आपके पास जो देश का संविधान और नक़्शा है, यह पूरी तरह से बदल जाएगा। आप इसे पहचान भी नहीं पाएंगे। अभी आपको पाकिस्तान भेजने, इसे मारने या भगाने की बातें जो धर्म संसद जैसी जगहों से सुनाई दे रही हैं, वो बातें आप लाल किले से सुनेंगे।

# कट्टरता की कटार से मानवता की छाती भेदने की तैयारी

**दुश्मन के दुश्मनों ने भी दोस्त बनकर कमर कसना शुरू कर दी है। इजराइल के पक्ष में जहां अमेरिका, ब्रिटेन सहित अन्य पश्चिमी देश एक जुट हो रहे हैं वहीं ईरान के साथ सीरिया, लेबनान, कतर, जार्डन, तेहरान, ईराक, कजाकिस्तान, तुर्कमेनिल्कान जैसे मुस्लिम देशों के अलावा रूस, चीन तथा उत्तरी कोरिया भी खडे हो सकते हैं। इस संभावित युध्द की तैयारी में यहूदियों और मुसलमानों का अलग-अलग ध्रुवीकरण होने लगा है। इजराइल-लेबनान सीमा पर अनगिनत मिसाइलें इंटरसेप्ट कर दी गई हैं। लेबनान के आतंकवादी गिरोह हिजबुल्लाह ने इजराइल पर राकेट दागने शुरू कर दिये हैं। इजराइल डिफेंस फोर्स के मुखिया लेफ्टिनेन्ट जनरल हेरजी हवेली तथा अनेरिका की सेन्टर कमांड के मुखिया माइकल एरिक कुरिला के मध्य महात्वपूर्ण बैठक में भावी रणनीतियां तय कर ली गई हैं। ऐसे में भारत की अगुवाई तले अनेक देश तटस्थ रहने की शान्तिप्रिय नीतियों का अनुपालन करते भी दिख सकते हैं जो विश्व युध्द को टालने की कोशिश में ही लगे रहे हैं। अमेरिका, फ्रांस, भारत सहित 6 देशों ने अपने नागरिकों के लिए यात्रा सलाह यानी ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर दी है जिसमें इजराइल और ईरान देशों के वर्तमान हालातों की समीक्षा की गई है। अमेरिका के अधिकारियों के हवाले से सीबीएस न्यूज तथा गुप्त सूत्रों को रेखांकित करते हुए वाल स्ट्रीट जर्नल सहित अनेक संवाद संप्रेषिण माध्यमों ने विगत दिनों संभावित युध्द की घोषणा की थी।**





**डा. रवीन्द्र अरजरिया**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

रा तीसरे विश्व युध्द की दस्तक होने लगी है। इजराइल का हमास के साथ हो रहे युध्द का विस्तार अब ईरान तक पहुंच गया है जिसमें दुनिया के देश दो खेमों में बटते जा रहे हैं। दुश्मन के दुश्मनों ने भी दोस्त बनकर कमर कसना शुरू कर दी है। इजराइल के पक्ष में जहां अमेरिका, ब्रिटेन सहित अन्य पश्चिमी देश एक जुट हो रहे हैं वहीं ईरान के साथ सीरिया, लेबनान, कतर, जार्डन, तेहरान, ईराक, कजाकिस्तान, तुर्कमेनिल्कान जैसे मुस्लिम देशों के अलावा रूस, चीन तथा उत्तरी कोरिया भी खडे हो सकते हैं। इस संभावित युध्द की तैयारी में यहूदियों और मुसलमानों का अलग-अलग ध्रुवीकरण होने लगा है। इजराइल-लेबनान सीमा पर अनगिनत मिसाइलें इंटरसेप्ट कर दी गई हैं। लेबनान के आतंकवादी गिरोह हिजबुल्लाह ने इजराइल पर राकेट दागने शुरू कर दिये हैं। इजराइल डिफेंस फोर्स के मुखिया लेफ्टिनेन्ट जनरल हेरजी हवेली तथा अनेरिका की सेन्टर कमांड के मुखिया माइकल एरिक कुरिला के मध्य महात्वपूर्ण बैठक में भावी रणनीतियां तय कर ली गईं हैं। ऐसे में भारत की अगुवाई तले अनेक देश तटस्थ रहने की शान्तिप्रिय नीतियों का अनुपालन करते भी दिख सकते हैं जो विश्व युध्द को टालने की कोशिश में ही लगे रहे हैं। अमेरिका, फ्रांस, भारत सहित 6 देशों ने अपने नागरिकों के लिए यात्रा सलाह यानी ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर दी है जिसमें इजराइल और ईरान देशों के वर्तमान हालातों की समीक्षा की गई है। अमेरिका के अधिकारियों के हवाले से सीबीएस न्यूज तथा गुप्त सूत्रों को रेखांकित करते हुए वाल स्ट्रीट जर्नल सहित अनेक संवाद संप्रेषिण माध्यमों ने विगत दिनों संभावित युध्द की घोषणा की थी। इजराइल पर हुए आतंकी हमले के जबाब में गाजा पर किये गये प्रहार का विस्तार निरंतर होता जा रहा है। आतंकी संगठनों की कट्टरपंथी जमातें एक साथ इजराइल और यहूदियों पर टूट पडना चाहती हैं। गाजा के आम नागरिकों व्दारा मौत की कीमत पर भी हमास को संरक्षण दिया जा रहा है। चिकित्सालयों, मस्जिदों, मदरसों, स्कूलों, आस्था स्थलों सहित विश्व स्वस्थ्य संगठन जैसी संवेदनशील जगहों से आतंक की पाठशालायें निरंतर संचालित होती रहीं हैं। भूमिगत सुरंगों के जाल फैलाने के साथ-साथ हमास ने कट्टरता के क्रूर हथियारों से निरीह आवाम को जेहादी बना दिया है। वहां के आम नागरिकों ने अपनी आंखों के सामने मासूमों की मौत देखना कुबूल किया, भूख की तडफ स्वीकारी और मंजूर किया हमास का आदेश। जमीर की आवाज कहीं दूर दफन हो चुकी थी, ईमान का जज्वा कहीं गुमनामी के अंधेरे में खो गया था और कफन ओढकर ताबूत में लेट गई थी इंसानियत। खुदा के पैगाम का मनमाना तजुर्मा करने वाले खुद के जिस्मानी आराम तलाशने में जुटे है, जीते जी रूह की रुक्सती कर दी है और दुनिया का सुल्लतान बनने की ख्वाइश को सातवें आसमान तक पहुंचा दिया। ऐसे में गाजा का एक बडा भाग इजराइल के प्रतिशोध की भेंट चढने लगा। हमलों पर हमले होते चले गये। हमास के साथ मिलकर लडने वाले देशों ने इस प्रतिशोध पर प्रतिशोध लेने का षडयंत्र करना शुरू कर दिया। समुद्री लुटेरे बनकर आतंक फैलाने वालों ने जहाजों पर आक्रमण तेज कर दिये। इंसाफ के नाम पर नाइंसाफी करने के सिलसिलों ने तेजी पकड ली। चन्द मुसलमानों ने पूरी कौम को संदेह के दायरे में खडा कर दिया। वर्तमान हालातों के लिए जिस घटना को उत्तरदायी ठहराया जा रहा है वह 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क में स्थित ईरानी के वाणिज्य दूतावास पर घटित हुई थी जिसमें इजराइली हमले में ईरान के टाप कमांडर सहित 13 सैन्य अधिकारियों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद से ईरान ने खुली चुनौती देते हुए बदला लेने की घोषणा की थी। इसी मध्य हिजबुल्लाह, हमास, हूती जैसे क्रूर आतंकी संगठनों अब अपना कुनवा बढाने की कोशिशों को चरम पर पहुंचे में जुट गये हैं। आतंकवाद को अप्रत्यक्ष में जायज ठहराने वाले देश तो लम्बे समय से अपनी धरती पर उन्हें केवल फलने-फूलने का मौका ही नहीं दे रहे हैं बल्कि सैन्य साज-ओ-सामान भी मुहैया करा रहे हैं। हैलीकाप्टर, स्पीड वोट, मिनी जहाज, आधुनिकतम अग्नेय शस्त्र, विस्फोटक, भारी-भरकम धनराशि जैसे संसाधनों की भरमार करके षडयंत्रकारी देशों के सत्ताधारी लोग अब अन्य देशों पर कब्जा करने, काबिज होने तथा गुलाम बनाने के लिए अपनी गैर संवैधानिक सैन्य शाखायें स्थापित करने में लगे हैं। तभी तो समुद्री लुटेरे, आतंकी संगठन और उनके रहनुमा अब खुलेआम अपनी गैरइंसानियत वाली क्रूरता को बेझिझक कुबूल करते हैं ताकि उनके नाम से दहशत का डंका बजने लगे। इन घटनाओं को बढावा देने का काम हथियारों के सौदागर, इंसानियत के दुश्मन और जेहाद के नाम पर जुल्म करने वाले मिलकर कर रहे हैं। कट्टरता की कटार से मानवता की छाती भेदने की तैयारी में लगे देशों को एक बार फिर सोचना चाहिए कि लाशों पर चलकर उखडी सांसों को गुलाम बनाने का मंसूबा दीन और दुनिया में कहीं भी कुबूल नहीं होगा फिर भी धमकियों, षडयंत्रों और हमलों की तिपाई पर बैठने वाले षडयंत्रकारी दुनिया भर में अपनी हुकूमत चलाने की ख्वाइश पूरी करने में जुटे हैं। जेहाद के नाम पर जुल्म, जुल्म के साथ बरबरता और बरबरता के आगोश में छुपी मंशा को नकाब में छुपाया जा रहा है। ऐसे में दुनिया के दरवाजे पर दस्तक देता विश्व युध्द किसी भी हालत में खुशहाली या सुकून नहीं दे सकेगा। इसे टालने के लिए अब जिस्मानी कोशिशों के अलावा रूहानी इबादत भी जरूरी हो गई है। तो आइये हम सब मिलकर अपने-अपने इबादतगाह में अपने-अपने ढंग से दुनिया को इस जंग-ए-दौर से बचाने के लिए दुआयें करें। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# मतदान की अनिवार्यता और लोकतंत्र की दृढ़ता

प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे

मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में भी मदद करता है। बहुत से लोग यह सोचते हुए वोट नहीं करते कि एक वोट से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन जैसा कि यह तथ्य है। एक राष्ट्र की राजनीतिक नींव का उपयोग चुनावों के लिए किया जाता है। मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यह नागरिकों को अपनी सरकार चुनने में सक्षम बनाता है। यह लोगों को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने की भी अनुमति देता है। प्रत्येक सरकार का उद्देश्य अपने नागरिकों के लाभ के लिए विभिन्न नीतियों का विकास और कार्यान्वयन करना है। यह मुद्दों और स्पष्टीकरण के बारे में सरकार से सवाल करने के अधिकार वाले व्यक्ति को भी सक्षम बनाता है। मतदान एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में एक नागरिक की राय व्यक्त करने का तरीका है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सक्रिय करने के लिए मतदान बहुत महत्वपूर्ण होता है। मतदान नागरिक का अधिकार है, साथ ही यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकारें बदल सकती हैं, देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का शासन करते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें।

बहुत से लोग मतदान करना चाहते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को इसकी आवश्यकता और इसे डालने के तरीके के बारे में जानकारी नहीं होती है। यहीं पर मतदान जागरूकता काम आती है। मतदान जागरूकता का विचार लोगों को मतदान के महत्व को समझने में मदद करना है। मतदाताओं के लिए अपनी सरकार को नियंत्रित करने के लिए मतदान एक महत्वपूर्ण तरीका है। यह नागरिकों के लिए मतदान के बारे में जागरूकता बढ़ाकर यह व्यक्त करने का एक तरीका है कि वे अपने नेताओं से क्या चाहते हैं। इससे बेहतर शासन मिलेगा और हर कोई चाहता है - एक ऐसा लोकतंत्र जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रतिनिधित्वपूर्ण हो। मतदान से नागरिकों को अपनी सरकार में अधिक शामिल होने और उसे जवाबदेह बनाए रखने में मदद मिलती है। मतदान करने के लिए, आपको विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। मतदान के अलावा, कुछ कानून भी हैं जो दुनिया भर में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करते हैं। मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है और लोगों के लिए अपनी बात रखना जरूरी है। सभी को वोट देने का अधिकार है, जिसका अर्थ है कि सभी भारतीय अपनी पसंद के प्रधान मंत्री के लिए वोट कर सकते हैं। मतदान करके, आप बदलाव ला सकते हैं और अपने समुदाय में बदलाव ला सकते हैं। मतदान करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आप किसी कानून को तभी निरस्त कर सकते हैं जब अधिकांश नागरिक उससे सहमत हों। मतदान अपनी सरकार के साथ अधिक नागरिक रूप से जुड़ने का एक तरीका है। अपनी आवाज सुनकर और उन लोगों के विचारों का प्रतिनिधित्व करके दुनिया में बदलाव लाना महत्वपूर्ण है जिनके पास कोई आवाज नहीं है। यदि आप बदलाव लाना चाहते हैं तो मतदान एक बेहतरीन तरीका है। चुनाव में मतदान करने से नागरिकों को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि देश को बेहतर अधिकार और सुरक्षा प्रदान की जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### विभिन्न कांडों के कुल 40 अपराधी हुए गिरफ्तार

छपरा। लोकसभा चुनाव को लेकर सारण पुलिस द्वारा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में 40 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अपराधियों में आर्मसेक्ट के एक, दहेज हत्या कांड के एक, हत्या प्रयास के एक, अपहरण कांड के एक, छिंतई के एक, खनन कांड के सात,उत्पादन कांड के 19 एवं 9 फरार वारंटी आदि शामिल है। इसके अलावा 151.3 लीटर देसी शराब, 267.46 लीटर विदेशी शराब, देसी पिस्तौल एक, जिंदा कारतूस एक, मोबाईल सेट 3, मैजिक वाहन एक,अपहरण कर्त्ता एक तथा पांच ट्रक को भी जप्त किया गया है। जबकि पुलिस द्वारा चलाए गए वहां अभियान में कुल 2,25,500 में जुमार्ना के रूप में सुला गया है

### बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रक्तदान शिविर हुआ आयोजित

छपरा। रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छपरा इकाई के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 134 वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय सदर अस्पताल के रक्त कोष भवन में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ जिसमें दर्जनों कार्यकताओं ने रक्तदान , इस मौके पर प्रो.अनुज ने कहा ,कि भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति, अम्बेडकर एक न्यायविद्, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक भी थे जिन्होंने अछूतों (दलितों) के खिलाफ सामाजिक भेदभाव को खत्म करने और महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस मौके पर प्रो.विश्वामित्र पांडे ,प्रो.अनुज कुमार,रवि पांडे,पुरूषोत्तम कुमार, गौतम विश्वास,पंकज कुमार आशीष कुमार, अमर पांडे,आदर्श राज,नंदनी पांडे, प्रित कुमार,राजा कुमार,सुमित, विशाल, सचिन,नितेश,प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक बालक गिरफ्तार

छपरा। मुफस्सिल थाना अंतर्गत मेथवलिया मोड़ के पास चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से एक डिजिटल कैमरा तथा एक मोबाईल सेट भी बरामद किया गया है। इस मामले में मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है, दर्ज प्राथमिकी संख्या 204/ 24 है।

# अंबेडकर ज्ञान मंच द्वारा मनाया गया बाबा साहब की जयंती सह विश्व ज्ञान दिवस

**प्रात : किरण संवाददाता**



रक्सौल। अम्बेडकर ज्ञान मंच, केंद्रीय कमिटी के तत्वावधान में शहर के अम्बेडकर चौक पर स्थित संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के 133 वें जयंती सह विश्व ज्ञान दिवस को केंद्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर मंच के सदस्यों विशेषकर युवावर्ग के लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण सह पुष्पार्चन कर उनके विचारों व कृतित्व पर प्रकाश डाला।मंच के संस्थापक मुनेश राम ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा साधन है, जो लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाता है।बच्चों को मिलने वाली शिक्षा व्यवहारिक और उपयोगी होनी चाहिए। शिक्षा का यही महत्व है कि वह समाजहित में सदैव प्रयासरत रहती है, ताकि एक सभ्य समाज का निर्माण हो सके। हमारा प्रयास है कि हमारा समाज विशेषकर अभिवंचित वर्ग शिक्षायुक्त नशामुक्त हो और शिक्षा के साथ सांगठनिक एकता कायम कर सतत आगे बढ़े। वही राजेंद्र राम ने बाबा साहेब के विचारों को समाज के बीच फैला समतामूलक, भाईचारा कायम कर शिक्षा के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। भाग्य नारायण साह ने कहा कि बाबा साहेब हमारे पथ प्रदर्शक के साथ मुक्तिदाता भी थे। मंच के कोषाध्यक्ष श्रेयांश कुमार उर्फ बिट्टू गुप्ता ने गांव की गलियों तक पहुंच अभिवंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा की धारा के प्रवाहित करने का आह्वान किया। अनुमंडल अध्यक्ष प्रकाश पासवान ने समाज को नशामुक्त,दहेज रहित, बालविवाह मुक्त बनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में बच्चो ने भी काफी उत्साह के साथ बाबा साहेब को नमन किया। मौके पर पूर्व सरपंच प्रेम पासवान, शिवजी राम, अधिवक्ता, राजेश केशरीवाल, वार्ड पार्षद छोटेलाल प्रसाद, विरकेश पासवान,जगन राम,प्रदीप बैठा, रामपुकार भारती, पंसस चंदेश्वर राम, रामवचन पासवान, विक्रांत पासवान, अभिनव राज, छोटेलाल राम, सज्जन पासवान, बासदेव पासवान सहित अन्य मौजूद रहे।

# चैनपुर खराटी बाजार परिसर में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनायी गयी

**प्रात : किरण संवाददाता**



तरैया प्रखंड के चैनपुर खराटी बाजार परिसर के महादलित बस्ती में भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी।विभिन्न स्थानों पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।चैनपुर खराटी बाजार परिसर के सभा स्थल पर बाबा साहब के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इसके पूर्व जय भीम सेना के अनुयायियों ने बाइक रैली निकाली।जय भीम की रैली तरैया बाजार होते हुए आकूचक,देवरिया,भलुआ, शीतलपुर,उसरी बाजार,लौंवा होते हुए पिपरा अंबेडकर नगर में पहुंच बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर भीम के अनुयायियों ने माल्यार्पण किया।माल्यार्पण कर रैली सभा स्थल पर पहुंची।सभा का संचालन व रैली का नेतृत्व अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष देवनाथ राम कर रहे थे।वक्ताओं ने अपने संबोधन में देश का संविधान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अंबेडकर के योगदान को याद किया।साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षित बने,खूब पढ़े,आगे बढ़े, वोट देने का सबका अधिकार है अपना मत अधिकार का प्रयोग बढ़ चढ़ कर करें।सभा को संबोधित करने वालो में पूर्व विधायक मुंद्रिका प्रसाद राय,शिक्षक चंदेश्वर राम, जदयू प्रदेश नेता मो.असलम, जदयू जल श्रमिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सहनी, सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर त्रिलोकीनाथ सिंह,तरैया मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश राय,पूर्व मुखिया वीर बहादुर राय, पूर्व जिला परिषद ईशुआपुर श्रीमती गीता सागर राम,सामाजिक कार्यकर्ता एवं सरपंच हरेंद्र राय, मुखिया प्रतिनिधि सह प्रदेश सचिव वीआईपी हरेंद्र सहनी,पूर्व मुखिया सभापति राय, शिक्षक कमलेश राम,पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि विजय राय,अंबेडकर विचार मंच के सचिव ललन प्रसाद यादव, सुभाष सिद्धार्थ, मुन्ना यादव सहित अन्य ने बाबा साहब के बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# मछली मारने के दौरान रक्सौल के शम्भूनगर में प्रकट हुआ कथित शिवलिंग



- कथित शिवलिंग के प्रकट होने पर तरह तरह की चचाओं का बाजार गर्म, पूजा अर्चना के लिए लगी भीड़

**प्रात : किरण संवाददाता**

रक्सौल शहर के शंभू नगर में कथित रूप से शिवलिंग प्रकट होने से लोगों में कौतूहल बना हुआ है।एक खाली प्लॉट से शिव लिंग के स्वत प्रकट होने के पीछे के पीछे की सच्चाई कितनी है,यह नहीं कहा जा सकता। लेकिन इस घटना को देखने के लिए लोगों में कौतूहल और उत्सुकता देखी जा रही है।सुबह से ही यहां पूजा अर्चना के लिए महिला व पुरुषों की भारी भीड़ लगी हुई है। शिवलिंग के प्रकट होने की बात रक्सौल शहर व आसपास के क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। इस सम्बन्ध में में बताया जा रहा है कि रक्सौल के शंभू नगर का तेजी से विकास हो रहा है।यहां कई बाहरी लोगों के द्वारा जमीन की खरीद की जा चुकी है। यहां तेजी से आवासीय मकान बनने शुरू हो गए हैं। कई प्लॉट खाली भी हैं।जहां पर जल जमाव बना हुआ है। एक जल जमाव वाले आवासीय भूखंड से कुछ लोग मछली मारने गए हुए थे। और मछली मारने के लिए उक्त प्लाट से पानी की निकासी के दौरान जलकुम्भीयों को हटाया जा रहा था।इस दौरान वहां शिवलिंग को इनलोगों नें देखा और यह बात पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई।वहां पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया है।शिवलिंग की पूजा अर्चना भी शुरू कर दी गई है।शिवलिंग के स्वतः प्रकट होने की घटना को यह अखबार प्रमाणित नहीं करता है।

# अपने से ज्यादा समाज कल्याण की चिंता करने वाले, मनुष्य रूपी ईश्वर के समान थे राजगृह बाबू

**प्रात : किरण संवाददाता**



छपरा। अपने से ज्यादा समाज कल्याण की चिंता करने वाले प्रसिद्ध समाज सेवी सह विद्वान प्रो राजगृह सिंह अपने जीवन काल में कभी झूठ नही बोला था। जिस कारण कुछ लोग उनसे शिकायत भी करते थे की आपको ऐसा नहीं बोलना चाहिए था। उक्त बातें अपनी पिता की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर झारखंड के जमशेदपुर स्थित महाविद्यालय की अध्यापिका डॉ कुमारी अनामिका ने कही। दाउदपुर बाजार स्थित नंदलाल सिंह महाविद्यालय में हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष सह विद्वान डॉ राजगृह सिंह की प्रथम पुण्यतिथि का आयोजन उनके एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित राहुल सांकृत्यायन नगर मुहल्ला स्थित घर पर किया गया। हालांकि प्रो राजगृह सिंह की पहली पुण्यतिथि और यायावर के नाम से प्रसिद्ध महापंडित राहुल सांकृत्यायन जी की 61 वीं पुण्यतिथि एक साथ मनाई गई। इस अवसर पर पत्नी गिरिजा सिंह, पुत्री डॉ कुमारी अनामिका, रीना सिंह, रेखा सिंह, नीलम सिंह और कुमारी पल्लवी के अलावा रिबेल संस्थान के निदेशक विक्की आनंद, व रीय पत्रकार धर्मेंद्र रस्तोगी, मदन पाठक, त्रिलोकी नाथ पाण्डेय, कमलेश्वर पाण्डेय, राजनाथ सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोगों द्वारा नम आंखों से पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। - राजगृह बाबू ने राहुल सांकृत्यायन के नाम पर एकमा में राहुल नगर की स्थापना कर एक नया इतिहास रचाः डॉ कुमारी अनामिका वहीं उनकी पुत्री सह झारखंड के जमशेदपुर के ग्रेजुएट कॉलेज फॉर विमेन में अध्यापिका के पद को सुशोभित करते हुए अपनी पिता के द्वारा बताए मार्ग पर चलने वाली डॉ कुमारी अनामिका ने कहा कि महापंडित राहुल सांकृत्यायन से बहुत ज्यादा प्रभावित होने के कारण ही वर्ष 1993 में उन्होंने राहुल जी की पत्नी को परसागढ़ में बुलाया था। और वहां से राजगृह बाबू के घर एकमा भी आई थी। अपने अथक प्रयास से एकमा में पहले राहुल नगर की स्थापना की जबकि बाद में उनकी आदम कद प्रतिमा को स्थापित भी करवाया था। ताकि उनकी यादें हमेशा उनके करीब या आसपास ही रहे। - 14 अप्रैल को राहुल सांकृत्यायन और राजगृह बाबू की पुण्यतिथि एक साथ मनाई गईः विक्की आनंद रबेल कोचिंग संस्थान के निदेशक विक्की आनंद ने प्रो राजगृह बाबू को याद करते हुए कहा कि यह विडंबना ही है कि आज यानी 14 अप्रैल को यायावर की उपाधि प्राप्त करने वाले महापंडित राहुल सांकृत्यायन और मेरे अभिभावक सह मार्गदर्शक प्रो राजगृह बाबू की भी पुण्य तिथि है। हालांकि राजगृह बाबू आचार्य राममूर्ति जी से मिलकर वर्ष 1999 में अंतर्राष्ट्रीय महिला शांति सेना का गठन भी किया था। जिसका बिहार की ऐतिहासिक महत्व रखने वाला वैशाली व देश की राजधानी दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन भी हुआ था।

# राजेंद्र कॉलेज में मनाई अंबेडकर जयंती



**प्रात : किरण संवाददाता**

छपरा। राजेंद्र कॉलेज, छपरा में आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार श्रीवास्तव, अन्य प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा सर्वप्रथम डॉ. आंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया और दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे। आज हम जिस विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रयासरत हैं उसमें समावेशी समाज की आवश्यकता की दृष्टि से डॉ. अंबेडकर के विचार सर्वाधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. आंबेडकर के विचारों एवं कार्यों को आज समझने की आवश्यकता है। स्वतंत्रता, समता, न्याय एवं भाईचारा आदि दृष्टिकोण से समाज का मार्गदर्शन करने में उनके विचार एवं कार्य सदैव उपयोगी बने रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने समाज कि बेहतरी के लिए शिक्षा कि आवश्यकता पर सदैव जोर डाला। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसकी उपयोगिता आज के समाज में भी ज्वलंत बनी हुई है। इसी क्रम में डॉ. गोपाल कुमार साहनी, शशितोष कुमार, अजय कुमार, डॉ. बेठियार सिंह साहू आदि शिक्षकों ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए आज के परिवेश में उनकी प्रासंगिकता निरूपित की। इस अवसर पर प्राचार्य एवं उपर्युक्त प्राध्यापकों के अलावा अकाउंटेंट राजेश कुमार, कार्यालयीन कर्मचारियों में आजाद भगत सिंह, सरोज कुमार, लव कुमार, ओम प्रकाश, अयूब खान, अभय कुमार, मनोज दास एवं शंभू नाथ सहित कई शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों की उपस्थिति रही।

# पीजी सेमेस्टर प्रथम एवं द्वितीय का अंक पत्र है ही नहीं तो कैसे भरेंगे परीक्षा प्रपत्र : छात्र जदयू

**प्रात : किरण संवाददाता**

छपरा। छात्र जदयू के विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रशांत बजरंगी ने रविवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी करते हुए कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के परीक्षा नियंत्रक के द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार स्नात्तकोत्तर तृतीय सेमेस्टर सत्र 2020-22 एवं स्नात्तकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर सत्र 21-23 का परीक्षा प्रपत्र भरने को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया गया जिसमें 20 अप्रैल तक परीक्षा प्रपत्र भरे जाने हैं। लेकिन अभी तक लिंक खुल नहीं रहा है। विश्वविद्यालय के आईटी सेल के द्वारा गूगल फॉर्म पर परीक्षा प्रपत्र भरने को लेकर अभी तैयारी की जा रही है। सबसे बड़ी बात है कि स्नात्तकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के जो छात्र-छात्राएं अपना परीक्षा प्रपत्र पहले भर दिए हैं उनको भी फिर से भरना है और पहले वाला पेमेंट आइड डालना है जबकि जो छात्र-छात्रा महाविद्यालय में पेमेंट आईडी परीक्षा प्रपत्र के साथ जमा कर दिए हैं उनके पास पेमेंट आईडी है नहीं तो क्या होगा? यानी दोबारा उन्हें पेमेंट करना होगा। सबसे आश्चर्यचकित बात है कि 90% छात्र-छात्राओं के पास अंक पत्र है ही नहीं. इसका मुख्य कारण है कि स्नात्तकोत्तर प्रथम सेमेस्टर का जब रिजल्ट निकला उसके अगले दिन ही यू एम आई एस अपना साइट बंद कर दिया। जिसके कारण 90% छात्र -छात्राएं अपना अंक पत्र लोड नहीं कर सके। ऐसी स्थिति में परीक्षा प्रपत्र कैसे भरे जाएंगे। स्नात्तकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के साथ भी ऐसी ही समस्या है. अभी तक यू एम आई एस अपना साइट नहीं खोला है। इसके पहले जब आंदोलन हुआ तो उसे समय परीक्षा नियंत्रक के द्वारा रिजल्ट में गड़बड़ी को लेकर उस समय आवेदन लिया गया लेकिन अभी तक उन छात्र-छात्राओं का अंक पत्र सुधार कर उपलब्ध नहीं कराया गया है। उस समय बोला गया कि मैनुअल अंक प्रमाण पत्र बना कर दिया जाएगा. लेकिन अभी तक उन छात्र-छात्राओं को नहीं दिया गया। छात्र जदयू के विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रशांत बजरंगी बताते हैं कि यह सब केवल ड्रामा किया जा रहा है। कुलपति महोदय के आए हुए 4 महीने हो गए। लेकिन अभी तक छात्र हीत में कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की। कुलपति महोदय चरित्र भ्रष्ट्र लोगों से घिर चुके हैं।

परीक्षा विभाग को परीक्षा प्रपत्र भरना ही नहीं है। केवल राज्य सरकार के नजरों से बचने के लिए की कार्रवाई के जद में नहीं आ जाए इसलिए यह कुकृत्य प्रयास किया जा रहा है। सारण प्रमंडल के गरीब छात्र -छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित करने का योजना वध तरीके से केवल विश्वविद्यालय प्रशासन कार्य कर रहा है. शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक जी अच्छा कार्य कर रहे हैं. कुलपति,परीक्षा नियंत्रक, कुलसचिव उसे बैठक में भाग नहीं ले रहा है. आखिर कौन सी ऐसी बात है कि उस बैठक में आप लोग भाग नहीं ले रहे हैं. सुशासन की सरकार है लूट की छूट किसी भी कीमत पर नहीं दी जा सकती. छात्र-छात्राओं के कल्याण के लिए सरकार संकल्पित है इसमें जो पदाधिकारी बधा बनेगा उस पर कार्रवाई निश्चित है। कुलपति महोदय सारण प्रमंडल के छात्र-छात्राओं को मुर्ख नहीं बनाएं नहीं तो विश्वविद्यालय प्रशासन का ईंट से ईट बजा देगा छात्र जदयू। पहले अंक पत्र जारी करें सभी छात्र-छात्राओं का। उसके बाद लिंक जारी करें। जो पहले परीक्षा प्रपत्र भर दिए हैं उनको पुनः परीक्षा फॉर्म नहीं भरने का आदेश निर्गत किया जाए। एक और नियम विरोध द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए शपथ पत्र निकला गया है कि इस परीक्षा में अगर आप फेल हो जाएंगे तो स्वतः आपका सभी रिजल्ट रद्द हो जाएगा जिस पर आपको कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। जबकि स्नात्तकोत्तर पास करने के लिए तीन वर्ष / तीन सत्र दिया जाता है। आप किस स्थिति में 2 वर्ष और दो सत्र नहीं दे रहे हैं. हिटलर शाही किसी भी कीमत पर छात्र जदयू बर्दाश्त नहीं करेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द सुधार करें अन्यथा आंदोलन का सामना करने की तैयारी करें।

### इसुआपुर में श्रीराम जन्मोत्सव सह शोभा यात्रा को लेकर हुई बैठक

इसुआपुर । श्रीराम जन्मोत्सव सह शोभा यात्रा की तैयारियों को लेकर इसुआपुर बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में बैठक हुई। बैठक में श्रीराम जन्मोत्सव सह शोभायात्रा की तैयारियों से सबंधित गहन विचार विमर्श किया गया। वहीं उपस्थित लोगों से भी विचार लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बताया गया कि बुधवार की सुबह आठ बजे से सुंदरकांड पाठ के बाद दोपहर एक बजे से शोभायात्रा निकलेगी तथा रात्रि में भजन, कीर्तन एवं प्रवचन साध्वी सुश्री प्रिया प्रियदर्शनी के द्वारा किया जाएगा। वहीं छठे दिन सोमवार को श्रीराम के छठीहार के शुभ अवसर पर विशाल भंडारा तथा रात्रि में शानदार दुगोला चैता का आयोजन किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से अमरनाथ प्रसाद, शारदानंद सोनी,महादेव प्रसाद, राजेश सिंह कुशवाहा, दिलीप चौरसिया, रवि कुमार, रविंद्र कुमार, दीपराज व अन्य सदस्य थे।

# भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा नेपाल-भारत मैत्री साझेदारी के तहद बस व एम्बुलेंस का किया गया वितरण

**भारत हमेशा नेपाल का सहायता करता है और आगे भी करता रहेगाः डी. एस. मीना**

**प्रात : किरण संवाददाता**



रक्सौल। भारतीय महावाणिज्य दूतावास बिरगंज नेपाल के तत्वधान में नेपाल भारत मैत्री साझेदारी कार्यक्रम के तहद रविवार को एक समारोह के बीच बीगंज दूतावास परिसर में बस तथा एम्बुलेंस का वितरण किया गया। इस दौरान भारतीय महावाणिज्यदूत डी. एस. मीना ने एक स्कूल बस, दो मिनी बस व एक एम्बुलेंस का वितरण किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री मीना ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य के उच्च प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुवे भारत सरकार 1994 से लगातार भारत के स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्रता दिवस के अवसर पर नेपाल के विभिन्न लाभार्थियों को स्कूल बस व एम्बुलेंस उपहार स्वरूप देती आ रही है। श्री मीना ने कहा कि भारत आज तीव्र गति से प्रगति व विकास कर रहा है। भारत अपने पड़ोसी पहले नीति के तहद नेपाल के साथ अपने सम्बन्धो को अत्यधिक महत्व देता है और विभिन्न पहलुओं के माध्यम से नेपाल व नेपाल के लोगो की विकास में सहायता कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस दौरान श्री मीना ने प्रोविंस हेल्थ इमेरजेंशी ऑपरेशन सेंटर धनुषा के निर्देशक राजीव कुमार झा को एम्बुलेंस, दुर्गा प्रसाद साह केम्पस चीफ, महोत्तरी को स्कूल बस, रामजीवन दोहा प्रिंसिपल, धनुषा को स्कूल मिनी बस व बिर बहादुर पुरवाई, सलाहीं को स्कुलब मिनी बस का चाभी सौपा। इस अवसर पर वाणिज्यदूत तरुण कुमार, वाणिज्यदूत शशिभूषण कुमार, वाणिज्यदूत शैलेन्द्र कुमार, वेलफेयर ऑफिसर धीरेंद्र कुमार सिंह, कृषि विभाग के सह सचिव डॉ. बी. पी. यादव, विदेश मंत्रालय के सम्पर्क अधिकारी रंजन यादव, पर्सा जिला के डीएसपी कुमार विक्रम थापा, डाबर नेपाल के जीएम बिलास राम चौरसिया, प्रो. सचिदानन्द सिंह, सहायक प्रोफेसर सुजय कुमार यादव सहित कई लोग मौजूद थे ।

# सामाजिक न्याय की व्यवस्था के संदर्भ में बाबा साहब के दूरदर्शी विचारों को जानने एवं समझने की आवश्यकता है : प्रो परमेंद्र

**जे पी यू के सीनेट हॉल में मनाई गई अंबेडकर जयंती**



**प्रात : किरण संवाददाता**

छपरा सदर : रविवार को जे पी यू के सीनेट हॉल में कुलपति डॉ परमेंद्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर के तैल चित्र परम कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई एवं पदाधिकारियों,शिक्षकों एवं सभी आगन्तुकों के द्वारा पुष्प अर्पित किया गया।तत्पश्चात विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रोफेसर विश्वामित्र पाण्डेय ने अपने उद्बोधन मे कहा कि बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर ने समाज के वंचितों एवं शोषितों के उत्थान के लिए लगातार प्रयास किया,जिसके परिणामस्वरूप आज की सामाजिक व्यवस्था उन्नति की ओर अग्रसर है।प्रोफेसर अजीत कुमार तिवारी ने बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर के अर्थशास्त्रीय योग्यता एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने में उनके योगदान पर ध्यान आकृष्ट किया।विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर कृष्ण कुमार ने समाजिक विषमताओं के विरुद्ध प्रभावकारी निर्णय लेने तथा सामाजिक समरसता कायम करने वाले भारत रत्न बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कोटि कोटि नमन किया। कुलपति ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सिर्फ उनके सामाजिक ताने बाने को संतुलित करने हेतु किये गये प्रयासों तक ही उनके व्यक्तित्व को सीमित करने की जरूरत नहीं है बल्कि इसके अतिरिक्त भी समाज में बिना किसी तरह की बिद्रूपता लाये सामाजिक न्याय की व्यवस्था के संदर्भ में उनके दूरदर्शी विचारों को जानने एवं समझने की आवश्यकता है। मंच संचालन प्रोफेसर हरिश्चंद्र ने किया ।

# भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए उमड़ी छठ घाटों पर भीड़

**प्रात : किरण संवाददाता**



परसाः-चैती छठ को लेकर छठ घाटों पर आस्था व श्रद्धा का भाव दिखा। रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य की उपासना के लिए लोग घाट पर उमड़ पड़े। श्रद्धा व भक्ति के इस संगम से माहौल में भक्ति का रस घुला रहा। उदीयमान भास्कर को अर्घ्य दिए जाने के साथ ही सोमवार को चार दिनों तक चलने वाले इस व्रत का समापन हो जाएगा।रविवार की शाम समूह में छठ गीत गाती महिलाओं का उत्साह देखने लायक था।शाम साढ़े चार बजे से ही महिलाएं घाट पर पहुंचने लगी। घाट पर आने के बाद महिलाओं ने छठी मईया की पूजा अर्चना की तथा घाट पर गहरे पानी में उतरकार भागवान भास्कर के अस्त होने का इंतजार करने लगी। भगवान सूर्य के अस्त होने के समय महिलाओं ने अर्घ्य अर्पित किया। छठ घाटों पर व्रत धारण करने वाली महिलाओं व पुरुषों का जमावड़ा लगा रहा।पूरे जिले में छठी मइया की धूम मची रही। इस दौरान महिलाओं द्वारा गाए जा रहे छठी मइया के गीतों से माहौल पूरी तरह से भक्तिमय रहा।पर्व को लेकर तालाब व नदियों के किनारे रंग बिरंगे बेदी के समीप बैठी व्रती महिलाएं समूह में गीत गाकर सूर्य की उपासना में लगी रहीं। मान्यता व पौराणिक कथाओं के अनुसार सूर्य षष्ठी की उपासना का अलग महत्व है। पुत्र की रक्षा, उन्नति एवं सुख व शांति के लिए माताएं अस्ताचल व उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत को पूरा करती हैं। रविवार की शाम छठ घाट पर आलम यह था कि घाट पर खड़ा होने व बैठने के लिए स्थान का अभाव पड़ गया।हरेक घाट पर व्रती महिलाओं के सहयोग के लिए स्थानीय समितियों के लोग सक्रिय दिखे। छठ महापर्व पर शनिवार को खरना करने के बाद महिलाएं निर्जला व्रत धारण कर रविवार की शाम पहला अर्घ्य अर्पित किया। घरों में हुआ कोसी पूजन रविवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिए जाने के बाद महिलाओं ने घरों में कोसी का पूजन किया। पूरी रात महिलाओं ने अपने घर में बेदी बनाकर छठी मइया की पूजा अर्चना की।इस बीच घरों में भी छठी मईया के गीत के कारण माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बना रहा।

# भगवान श्रीराम की स्मृति को समर्पित है रामनवमी

**प्रात : किरण संवाददाता**



मोतिहारी।मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का पर्व श्रीरामनवमी 17 अप्रैल बुधवार को सर्वत्र अपनी-अपनी परम्परा के अनुसार मनाया जाएगा। गोस्वामी तुलसीदास जी ने इसी दिन से श्रीरामचरितमानस की रचना आरंभ की थी। अतः इसके उपलक्ष्य में श्रीरामचरितमानस की जयंती भी मनायी जाएगी। भारतीय जीवन में यह दिन अत्यंत पुण्यफलदायक माना जाता है। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार त्रेतायुग में सरयू नदी के तट पर बसी अयोध्या नगरी में चैत्र शुक्लपक्ष नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में जब सूर्य अन्यान्य पाँच ग्रहों की शुभ दृष्टि के साथ मेष राशि पर विराजमान थे,तभी साक्षात भगवान विष्णु ने राम के रूप में अयोध्या के राजा दशरथ तथा माता कौशल्या के यहाँ पुत्र के रूप में अवतार लिया। चैत्र शुक्ल नवमी को राम के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है। इसी कारण चैत्र शुक्ल नवमी को रामनवमी कहा जाता है। रामनवमी भगवान श्रीराम की स्मृति को समर्पित है। राम सदाचार के प्रतीक हैं और इन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। राम को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है,जो पृथ्वी पर अजेय रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुनः स्थापना के लिए भगवान विष्णु ने मृत्युलोक में श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। प्राचार्य पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीराम की गुरु सेवा,जाति-पाति के भेदभाव को मिटाना,शरणागत की रक्षा,भ्रातृ प्रेम,मातृ-पितृ भक्ति,पत्नी व्रत,पवनसुत हनुमान एवं अंगद की स्वामी भक्ति,गिद्धराज जटायु की कर्तव्यनिष्ठा आदि की महानता को सम्पूर्ण मानव जाति को अपनाना चाहिए। रामनवमी का व्रत एवं पूजन शुद्ध और सात्विक रूप से भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन व्रत का पालन कर श्रीराम जी का पूजन,भजन,कीर्तन व श्रीरामचरितमानस पाठ आदि करने का विधान है। रामनवमी का व्रत समस्त पापों का नाश करने वाला तथा मनोवांछित फलों को प्रदान करने वाला होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाकपा माले ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से मनाया जयंती



तिलौथू (रोहतास) भाकपा माले ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से मनाया। अवसर पर माले सचिव कामरेड सतेन्द्र चौधरी, राजकुमार सिंह , एकबाल सिंह, उमेश सिंह, विकास सिंह सहित सभी लोगों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई। जयंती समारोह में शामिल हुए सभी कार्यकर्ता ने डॉ. भीम राव के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीम साहेब के बताए हुए मार्ग पर चल कर ही आज देश विकास का गाथा लिख रहा है। जिनके मार्ग पथ आज हम सभी भारतीयों को चलने का दृढ़ संकल्प लेनी चाहिए।

### मारपीट मामले में दो पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र के गम्हरियां गांव में आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुआ। पूर्व में दोनों पक्षों के बीच विवाद चला आ रहा है । पूर्व में भी दोनों पक्षों में एफआरआई दर्ज किया चुका है । बुधवार को दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गया जिसमें दोनों पक्ष ने अलग -अलग एफआईआर दर्ज कराया है । गम्हरियां गांव के एक पक्ष के दुधेश्वर सिंह ने उमेश सिंह सहित 14 लोगों पर मारपीट का आरोपी बनाया है। वहीं दूसरे पक्ष के राम पुकार सिंह ने विमलेश कुमार सहित सात लोगों को मारपीट का आरोपी बनाया है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों का एफआईआर दर्ज किया गया। जिस मारपीट मामले की पुलिस जांच में जुटी है।

### अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को छठव्रतीयों ने दिया अर्घ्य

आरा। सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ जिले में धूमधाम से मनाया जा रहा है। शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुए पर्व के तीसरे दिन रविवार को छठ व्रतियों ने कोइलवर सोन नदी के किनारे छठ घाट छठव्रतीयों ने सोन नदी में डुबकी लगाई और फिर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। छठ घाटों पर दोपहर बाद से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। छठव्रती महिलाओं के साथ ही उनके परिवारजनों ने भी छठ मइया का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इस दौरान व्रती महिलाएं गीतों के माध्यम से छठ मइया की महिमा की बखान भी किया। सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठव्रती छठ पर्व का पारण करेंगी।

### छठव्रतीयों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य

दरियापुर।स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र में लोक आस्था के महापर्व के तीसरे दिन रविवार को छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर मंगल कामना की।इस महापर्व के अवसर पर क्षेत्र के माही नदी के किनारे बेला, लोहछा ,विश्वंभरपुर,सांझा,गंडकी नदी में खानपुर, प्रतापपुर, कोठिया,शीतलपुर तथा गंडक नदी के किनारे दर्जनों प्रमुख घाटों एवम घर के छतों पर पूजा अर्चना की गई।हालांकि इस बार कई स्थानों पर नदी के सूखने के कगार पर पहुंचने के कारण व्रतियों को परेशानियां भी हुई। वहीं तेज धूप तथा प्रचंड गर्मी होने के बावजूद व्रतियों में काफी उत्साह दिख रहा था।

### आर्केस्ट्रा में प्रोग्राम का बकाया रूपया मागने पर किन्नर से मारपीट,5 घायल

मशरक। मशरक के हरपुजान गांव में आर्केस्ट्रा के प्रोग्राम में बकाया रुपए मांगने को लेकर हुए विवाद में जमकर मारपीट की घटना में घायल किन्नर समेत को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। घायल किन्नर ने बताया कि वे गोपालगंज के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के दिघवादुबौली में सनम आर्केस्ट्रा में काम करते हैं उसी में हरपुरजान गांव में आर्केस्ट्रा में प्रोग्राम के बकाया राशि मांगने को लेकर मारपीट हो गई। घायलों में बिट्टू किन्नर, शिल्पी किन्नर, रुही किन्नर, श्वेता किन्नर और हरपुरजान गांव निवासी आबिद मिया शामिल हैं। थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### सामाजिक न्याय के संघर्ष के योद्धा डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाया गया

आरा। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के बैनर तले सामाजिक न्याय के संघर्ष के योद्धा डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता रामानंद सिंह ने की, संचालन जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ भीम राव का जीवन संघर्ष बहुत किया, उनके द्वारा लिखित संविधान आज तक देश में लागू है, डॉ अम्बेडकर की गाव की शिक्षा बहुत ही संघर्ष से मिला था,' अन्य वक्ताओं ने भी अपने संबोधन में डॉ अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम की शुरूआत डॉ अंबेडकर के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण जिला अध्यक्ष रामानंद सिंह ने किया।

# लोकतंत्र - संविधान और देश बचाने के लिए अबकी बार 2004 : दीपंकर भट्टाचार्य

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 113 वी जयंती पर आरा में पूर्वी गुमटी से अम्बेडकर चौक तक इंडिया गठबंधन ने लोकतंत्र बचाओ - संविधान बचाओ निकाला। अम्बेडकर चौक स्थित अम्बेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण करने वालों में इस मार्च में मुख्य अतिथि दीपंकर भट्टाचार्य सहित जिला स्तरीय इंडिया गठबंधन के नेता शामिल हुए।

मार्च को सम्बोधित करते हुए दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि 1927 में अंबेडकर ने दो ऐतिहासिक कदम उठाए - मार्च में महाड़ सत्याग्रह, जिसमें बिना भेदभाव के सार्वजनिक वस्तु के बतौर पानी के अधिकार का दावा किया, और दिसंबर में मनुस्मृति को गुलामी की संहिता बताते हुए सार्वजनिक रूप से जलाया. 1936 में उन्होंने खुलकर 'जाति के विनाश' का आह्वान किया और स्वतंत्र लेबर पार्टी का गठन किया। उन्होंने कहा कि संविधान को अपनाने से अंबेडकर की यात्रा समाप्त नहीं हुई. उन्होंने नए अपनाए गए संविधान के आधार पर न्याय और सामाजिक समानता के लिए लड़ाई जारी रखी. उनकी आखिरी बड़ी लड़ाई हिंदू कोड बिल थी, जिसमें महिलाओं के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए हिंदू पर्सनल लॉ को आधुनिक बनाने का प्रयास किया गया था। आज जब भारत के सबसे निर्णायक चुनावी जंग में संवैधानिक लोकतंत्र का भविष्य दांव पर लगा हुआ है, तो अंबेडकर की क्रांतिकारी विरासत से ताकत और प्रेरणा लेने की जरूरत है. हमें बिलकुल याद रखना चाहिए कि बाबा साहेब अंबेडकर ने न सिर्फ हमें संविधान और आरक्षण दिया, बल्कि उन्होंने हमें राजनीति में भक्ति के खतरों से भी आगाह किया था. इसे उन्होंने तानाशाही का नुस्खा बताते हुए कहा था कि अगर हिंदू राष्ट्र हकीकत बन गया तो हम पर बहुत बड़ी मुसीबत आएगी।

मोदी - भाजपा के 'अबकी बार 400 पार' के नारे के जवाब में उन्होंने ' अबकी बार 2004' की बात करते हुए कहा कि 2004 में जिस तरह से देश की जनता ने भाजपा की वाजपेई सरकार के इंडिया शाइनिंग के नारे को धत्ता बताते हुए उसे सत्ता से बेदखल किया था, इस बार भी उसे दुहराते हुए नरेंद्र मोदी की लाठी-गोली-बुलडोजर सरकार को धूल चटायेगी। राजद के जिला अध्यक्ष बीरबल यादव ने कहा कि डाक्टर अम्बेडकर ने हमे जो संविधान में अधिकार दिया वह आज खतरे में है । मनुवादी इसके जगह मनुस्मृति को संविधान बनाना चाहते हैं। आज अम्बेडकर जयति पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि उन्ही का एक वोट देने का अधिकार का प्रयोग कर इस देश बिरोधी सरकार को उखड़ फेकना चाहिए। सीपीआई और सीपीएम के नेताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन को विजयी बना कर ही हम इन तानाशाही सरकार को रोक सकते हैं। वक्ता में शामिल होने वालों में केन्द्रीय कमिटी सदस्य राजू यादव, माले राजद जिलाध्यक्ष बीरबल यादव,जिला परिषद अध्यक्ष आशा देवी,प्रधान सचिव रामबाबू पासवान, इंसाफ मंच राज्य सचिव कयामुद्दीन अंसारी, अगिआंव प्रखण्ड प्रमुख्य, शिवकुमार शर्मा,शैलेंद्र राम,आलोक रंजन,राज गौरव टाईगर,सीपीआई जिला सचिव उत्तम गुप्ता,जगदीश राम, वीआइपी ओमप्रकाश बिंद, सीपीएम शिवकेश्वर राय , आप के सुरेंद्र प्रसाद, महेंद्र शर्मा, प्रमोद कुमार मुख्य थे।

## बाबा साहेब डॉ.भीमराव राव अम्बेडकर का मनाया गया 133वां जयंती समारोह

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। बाबा साहेब डॉ.भीमराव राव अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती समारोह भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम जी के नेतृत्व में पूर्वाहन 10.30 बजे पार्टी मुख्यालय शहीद भवन,आरा में बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। ततपश्चात पार्टी मुख्यालय शहीद भवन से सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट स्थित बाबा साहब जी की आदमकद प्रतिमा(मूर्ति) पर पहुच माल्यार्पण कर अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अशोक राम में कहा कि बाबासाहेब भारत के महान अर्थशास्त्री, कुशल राजनीतिज्ञ और सच्चे समाज सुधारक थे। वे संविधान सभा की मसौदा समिति की अध्यक्षता की और भारत में पहले कानून और न्याय मंत्री भी बने। दलित आंदोलन के माध्यम से उन्होंने गरीबों, शोषितों, बंचितों एवं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा ब्यक्ति को अधिकार दिलाने का काम किया। अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धियों तथा देश की अमूल्य सेवा के फलस्वरूप उन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया। यही कारण है कि बाबा साहेब को आधुनिक युग का मनु कहा जाता है। पार्टी मुख्यालय शहीद भवन में महागठबंधन के प्रत्याशी सुदामा प्रसाद सहित दर्जनों कामरेड ने भी बाबा साहेब को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

जयंती समारोह में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अशोक राम, महागठबंधन आरा लोक सभा प्रत्याशी सुदामा प्रसाद, उपेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार पासवान, लुटावन चौरसिया, घनस्याम चौधरी, रविन्द्र तिवारी, मनन यादव सहित सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवम आम जन शामिल हुए।

## रामनवमी पर्व जुलूस में असमाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर : डीएम

### डीएम-एसपी ने पर्व को लेकर नोखा में किया फ्लैग मार्च

प्रात : किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के नगर परिषद अंतर्गत रविवार को नोखा के मुख्य बाजार में रामनवमी पर्व को लेकर रोहतास डीएम नवीन कुमार एवं रोहतास एसपी विनीत कुमार ने स्थानीय पदाधिकारी के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान डीएम व एसपी ने रामनवमी की कमेटी के द्वारा निकाले जाने वाले जुलूस के रूट चार्ट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अतुल गुप्ता, सीओ मकसूदन चौरसिया, ईओ चंद्रराज प्रकाश, इंस्पेक्टर सुरेश कुमार दास, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार, पंचायती राज पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा रविकांत शर्मा, श्रवण कुमार एवं बुद्धिजीवियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान रोहतास जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए और किसी भी तरह के गलत कार्य नहीं करें। पूजा कमेटी के द्वारा निकाले गए जुलूस में लोगों की संख्या कम रखें और बच्चे जुलूस में शामिल नहीं हो,अगर बच्चों को शामिल होना भी हो तो वैसे बच्चे शामिल हो जो अपने आप में समझदार हो। वही जुलूस के दौरान किसी भी तरह के गलत कार्य करने वाले लोगों को बक्सा नहीं जाएगा तथा और असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर बनी रहेगी। निरीक्षण मौके पर सभापति राधेश्याम सिंह उपसभापति धनजी सिंह बिहारी प्रसाद गुप्ता, मनोज गुप्ता, मुखिया दयानंद सिंह दीनानाथ राय, राजेंद्र सिंह, वार्ड पार्षद मनोज कुमार, पूर्व जिला पार्षद सदस्य रविशंकर सिंह वीर बहादुर सिंह मोनू सिंह मुन्ना कुमार सहित अन्य जनता मौजूद थे।

## अवैध विद्युत चोरी में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

दिनारा (रोहतास) थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत बिजली चोरी के विरुद्ध कनीय विद्युत अभियंता दिनारा बिकाश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई । जिसमें अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे पांच लोगों को पकड़ा गया। बताते चले कि मीटर बाइपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर ग्राम दिनारा के हीरा लाल साह पर 20 हजार 934, राहुल कुमार पर 15 हजार 337, मो० इकबाल खान पर 7106 रुपये जुमार्ना के साथ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है । ऊक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाइपास करने के कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था । आगे बताते चले कि बिना कोई वैध कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर ग्राम दिनारा के ही संजय शर्मा पर 19 हजार 406, सुनील कुमार पर 8956 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है । ऊक्त दोनों व्यक्तियों के परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं है तथा विद्युत संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात नहीं दिखाई गई। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा बिकाश कुमार के द्वारा बताया गया कि हर माह लगातार बकाया राजस्व की राशि बढ़ने से कंपनी के ऊपर अतिरिक्त दबाव बढ़ने लगा है। जिससे निबटने के लिए बिजली कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा उपभोक्ताओं के परिसर में जाकर राजस्व वसूली करने का निर्णय लिया गया है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा उपभोक्ताओं से आग्रह करते हुए बताया कि जो भी उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो विद्युत कनेक्शन नही लिए हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने भीमराव आंबेडकर की मनाई जयंती



आरा। संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भाजपा कार्यकताओं ने कोइलवर में उनके जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।भाजपा मंडल द्वारा नगर अध्यक्ष राकेश शर्मा की अगुआइ में कार्यक्रम आयोजित किया गया।बीजेपी नगर मंडल के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का भारत के लोकतंत्र में योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। बाबा साहब ने दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने समाज के निचले तबकों के उत्थान के लिए जो प्रयास किये वो अपने आप में अद्वितीय है। देश के संविधान में उन्हें बराबरी का हक दिलाया और उन्हें नौकरियों और अन्य संसाधनों में आरक्षण का प्रावधान किया ताकि वे समाज मे बराबरी का दर्जा प्राप्त कर सकें।मौके पर ऋतुराज,संजीत रजक,श्यामप्रकाश बिंद,अजित समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## गोड़सरा सूर्य मंदिर पोखरा में चैती छठ पर वर्तियों ने डूबते हुए सूर्य को दिया अर्घ्य



प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। जिले के रामगढ़ प्रखंड स्थित गोड़सरा पोखरा स्थित सूर्य मंदिर , जहा चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व चैती छठ रविवार को व्रतीयों द्वारा डूबते हुए सूर्य को पहला अर्ध दिया गया वही सोमवार को उदयमाना सूर्य को अर्ध के साथ ही छठ का समापन हो जाएगा गौरतलब है की चार दिवसीय इस अनुष्ठान में बड़े साफ सफाई का और पवित्रता का खास ख्याल रखा जाता है चैती छठ पर्व का भी एक ऐतिहासिक महत्व है इस बार भी छठ व्रत में काफी उत्साह था। चैती छठ में भी काफी संख्या में भीड़ रही। वही मंदिर समिति के लोग वर्तियों के सेवा में लगातार लग रहे। ताकि छठ कर रहे व्रतियों को कोई दिक्कत या परेशानी ना हो।पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रही। मौके पर वीरेंद्र तिवारी गोलू सिंह छोटे सिंह बड़े सिंह आनंद सिंह रामाधार प्रजापति धीरेंद्र तिवारी बिंदा सिंह रवि सिंह इत्यादि काफी संख्या में लोग रहे।

### सूर्य उपासना का महापर्व प्रखंड में मनाया जा रहा है धूमधाम से

आरा। रविवार को पर्व के तीसरे दिन छठ व्रतियों ने विभिन्न नदियों, ताल-तलैयों व सरोवरों के किनारे बनाए गए छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया.नगर पंचायत प्रसिद्ध राम घाट,बैरिया घाट,थाना घाट,बाबा मधेश्वर नाथ घाट के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बने स्थायी और अस्थायी घाटों अनेक व्रतियों ने घरों में ही पानी की व्यवस्था कर आस्था की डुबकी लगाई और फिर क्षितिज के सफर पर रवाना भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान कर नमन किया। अच्छी-खासी गर्मी के बावजूद सूर्य उपासना के पर्व चैती छठ में व्रतियों का उत्साह चरम पर है. 36 घंटे के निर्जला उपवास के बावजूद व्रतियों का उत्साह रत्ती भर भी कम नहीं दिख रहा था.रविवार की शाम से ही बाजे-गाजे के साथ छठ व्रतियां और श्रद्धालु शहर के छठ घाटों पर पहुंचने लगे थे. व्रतियों समेत उनके सभी परिजनों व ईष्टजनों ने अर्घ्य अर्पित किया।

# व्यवसायियों की एक बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। शहर के एक निजी होटल रविवार को व्यवसायियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा व्यापार को प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजय गुप्ता एवं संचालन भोजपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स के आदित्य विजय जैन ने की। बैठक में मुख्य अतिथि आरा लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान मंच पर प्रदेश लोकसभा प्रभारी जितेंद्र पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक राजू गुप्ता, प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक आलोक अंजन, लोकसभा के संयोजक शंभू चौरसिया, भोजपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद मौजूद रहे। इस मौके पर व्यवसायियों ने आरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार सिंह समेत अन्य मंचासीन लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार सिंह ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए चुनाव हो रहा है प्रधानमंत्री कौन है किसी से छुपा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास कर रहा है देश में नारा है कि "भारत को विकसित बनाना है" और हमलोगो का नारा है कि "आरा को विकसित बनाना है"। प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक राजू गुप्ता ने कहा नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से 56 इंच का सीना चौड़ा हुआ है। उन्होंने अपने कार्यो से हम सब को गौरवान्वित करने का काम किया है। उनके हाथो को मजबूत करना हम सभी व्यासायियो का फर्ज है, तभी हम विकसित भारत की परिकल्पना कर सकते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष दूर्गा राज ने कहा कि आरा सांसद राजकुमार सिंह ने पिछले दस सालों में जो महत्वपूर्ण कार्य किया है। उसकी कहानी हर आरा वासियों के जुबान पर है। हर वर्ग के लोग उन्हें आरा के विकास पुरुष का दर्जा दे रहे हैं। आरा के विकास के लिए हमें पुनः एकजुट होकर उनके हाथों को मजबूत करना होगा। इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजय कुमार गुप्ता, व्यावसायी उमेश बेरिया, संजय सरावगी उर्फ लल्लू भाई, श्रवण जलान, राजू पोद्दार, पंजाबी समाज के अध्यक्ष इकबाल सिंह, अंजनी चौधरी, विशाल गुप्ता आदि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही इस मौके पर पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया । बैठक में भोजपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स, भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ, पंजाबी समाज समेत अन्य वर्ग के सैकड़ो व्यवसायी मौजूद थे।

## डॉ भीम राव अम्बेडकर का 129 वीं जयंती समारोह मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता



अमनौर। स्थानीय विधानसभा के अमनौर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में रविवार को सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉ.नवेन्दु कुमार समेत सभी चिकित्सक एवं स्टाफों ने बाबा साहब के तैलचित्र पर डॉ माल्यार्पण किया जिसके बाद केक काटकर बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जी का 129वी जयंती समारोह मनाया गया.वही प्रभारी डॉ.नवेन्दु कुमार ने कहा क बाबा साहब ने अपने विचारों और कार्यो के माध्यम से भारतीय समाज में जातिवाद, असमानता, और अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा किए. उनका समाजसेवा और आंदोलनीय कार्य भारतीय समाज को समग्र रूप से प्रभावित किया। उनके द्वारा लिखित भारतीय संविधान ने भारतीय नागरिकों को स्वतंत्रता, समानता, और न्याय का अधिकार प्रदान किए वही कार्यक्रम के दौरान पुराने कर्मचारी सेवा निर्वित फार्मासिस्ट कुमार अरविंद ,स्वास्थ प्रशिक्षक करण, ममता मालती देवी आदि लोगो को अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया जहा नए चिकित्सको ने अपना पदभार ग्रहण किए,डॉ श्रीप्रकाश कुमार,डॉ समीम परवेज, डॉ सुनील कुमार, डॉ रंजन कुमार, डॉ शकील अहमद, आदि लोगो ने अपना योगदान दिया। उक्त मौके ओर उपस्थित डॉ टिके सिंह,संतोष कुमार गुप्ता(बीएम) रितेश कुमारी ,स्मृति कुमारी, रंजू कुमारी,सुमन कुमारी, अनिता टोपो, जानकी कुमारी आदि लोग मौजूद रहे।

### अपराधी गिरफ्तार

दाउदपुर। स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के पिलुई नहर के समीप छापेमारी कर लूट व डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधियों हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दाउदपुर थानाध्यक्ष नवलेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पिलुई नहर के मुड़ाव सड़क पर कुछ अपराधी हथियार से लैस होकर लूट या डकैती की योजना बना रहे हैं। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी कर दी और तीन अपराधियों को दबोच लिया। जबकि दो अपराधी भाग निकले। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक लोडेड देशी पिस्टल व चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने जिन अपराधियो को गिरफ्तार किया है उनमें कोपा थाना क्षेत्र के मझावलिया गांव निवासी मकेश्वर सिंह का पुत्र धर्मेंद्र कुमार सिंह व रामनगर निवासी योगेंद्र सिंह का पुत्र अनीश कुमार सिंह तथा मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा चौहान टोला निवासी श्याम नारायण सिंह का पुत्र रूपेश सिंह शामिल हैं।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत सदर अस्पताल में मॉक डील का किया गया कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। रविवार को भभुआ अस्पताल में अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत सदर अस्पताल में मॉक डील का कार्यक्रम किया गया। वही गर्मी के दोनों में आग लगने से हेतु बचाव से कई संबंधित उपाय एवं तरीके बताए गए।

अग्निशमन पदाधिकारी श्री हनुमान राम ने बताया कि गर्मी के दिनों में अधिकतर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगती रहती है जिससे बचाव हेतु जगह-जगह मॉक डील के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि कहीं भी किसी प्रकार से आग लगे तो लोग अपने आप खुद से बचाव कर सकते हैं। इसको लेकर विभाग द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह अंतर्गत 7 दिनों तक विभिन्न क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर मॉक डील के माध्यम से जागरूक किया जाना है। उन्होंने बताया कि किचन में हमेशा सिलेंडर सीधा खड़ा रखें। जलते हुए चुल्हे को पहले रेगुलेटर से उसके बाद स्टोव वॉल से ही बंद करें। किचन में एक सूती कपड़ा हमेशा भिगोकर रखें ताकि आपात स्थिति में आग लगने पर बुझाया जा सके। और खाना बनाते समय एक बाल्टी या मग के साथ पानी भरकर अवश्य रखें।

ऐसी तमाम जानकारियां जो घरों में खाना बनाते समय आपात घटना घटती है। उसके लिए उपाय एवं तरीके बताए गए हैं। मौके पर अग्निक गौतम कुमार दीपक कुमार विष्णु नारायण गुलशन कुमार अभिजीत कुमार एवं सदर अस्पताल के मैनेजर एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## बाबा साहब किसी जाति के नहीं बल्कि समाज में होने वाले जुल्म के खिलाफ थे:विधायक

दाउदपुर। जुल्म करने वाले लोग किसी एक नही बल्कि सभी जातियों में है। बाबा साहब किसी जाति के नही बल्कि समाज में होते जुल्म के खिलाफ थे। उक्त बातें मांझी विधायक डॉ सत्येंद्र यादव ने बरेजा प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती समारोह में अपने संबोधन के दौरान कही।

डॉ यादव ने कहा कि बाबा साहब का कहना था- शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो। शिक्षित बनने का मतलब झुकना नही बल्कि सामने हो रहे भेदभाव, उत्पीड़न व अत्याचार के खिलाफ लड़ना और समाजवाद की स्थापना करना है। बाबा साहब के द्वारा बनाया गया संविधान सबको समानता व अभिव्यक्ति की आजादी देता है। वहीं संविधान आम जनता के अधिकारों व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। कुछ लोग संविधान बदलने की बात करते हैं। यह मुमकिन नही है। अगर ऐसी कोशिश की गई लोग चुप नही रहेंगे बल्कि तख्तोताज को बदल देंगे। बाबा साहब की विचाराधारा केवल दलितों, शोषितों, पिछड़ों व वंचितों लिए हीं नही बल्कि पूरे समाज के कल्याण व मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए है। उनके विचार मानवता की रक्षा करने वाली एक फिलॉसपी है।

# मशरक में धूमधाम से मनाई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। मशरक के कर्ण कुदरिया गोलम्बर समेत डुमरसन बाजार, कवलपुरा, सोनौली, तख्त टोला समेत अन्य गांवों में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कर्ण कुदरिया गोलम्बर पर अम्बेडकर लोक सेवा संघ के अध्यक्ष रणधीर कुमार मांझी,डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, पूर्व मुखिया ललन मांझी, कर्ण कुदरिया मुखिया प्रतिनिधि अशरफ अली, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन समेत अन्य ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की



प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए, उनके आदर्शो पर चलने की सीख दी। मौके पर दर्जनों गांवों से झांकियां निकाली गई। जिसमें कलाकारों ने रोमांचक करतब दिखाए। मौके पर मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह, डीएसपी अमरनाथ, पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह , बीडीओ पंकज कुमार,सीओ सुमंत कुमार,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी,थानाध्यक्ष धनंजय राय दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहें। मौके पर वक्ताओं ने कहा कहा कि बाबा साहेब ने जाति और धर्म के आधार पर देश के नागरिकों के बीच असमानता की भावना को खत्म करने का प्रयास किया।

## सूर्य मंदिर पर छठ व्रतियों ने किया छठ

प्रात : किरण संवाददाता



डोरीगंज। मनोकामना पूरा होने पर अलग-अगल प्रदेश,प्रखंड व जिलो से आए व्रतियो ने मनोकामना पूरा होने पर सूर्य मन्दिर पर छठ व्रत किया। एक हजार से किमी से दूर छत्तीसगढ भिलाई से आये रंभा देवी ने सूर्यमन्दिरपर रुककर व्रत रखी है।इनके अलावे सदर प्रखंड के गांधी चौक से सुनैना देवी,दिघवारा प्रखंड के सीतलपुर से आये कमल देवी,किस्मातो कुंअर,रीमा देवी,नीतु देवी,रूबी देवी,अनीता देवी,उषा देवी,झौवा से आशा देवी,सोनपुर प्रखंड के पहलेजा से आये लीलावती देवी ने पिछले तीन दिनो से सूर्य मन्दिर पर रुक कर छठ की है।इन व्रतियो के अलावे मदनपुर, नरांव, धनौरा, कोठिया, मुसेपुर, मौजमपुर,संठा आदि गांवो के व्रती व उनके दूर दराज के संवन्धियों ने सूर्य कुण्ड मे आस्था की डुबकी लगा भगवान सूर्य के समक्ष अपनी मनोकामना रख सूर्य मन्दिर पर रात्री मे ठहर कर छठ व्रत करने का और कोसी भरने का संकल्प किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### भीमराव अंबेडकर शोषित वंचित गरीबों को आवाज थेः रविंद्र राम



अरवल।राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में संविधान निमार्ता बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पार्टी के नेता एवम्कार्यकर्ता द्वारा धूम धाम से जिला अध्यक्ष रविन्द्र राम के अध्यक्षता में मनाया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अंबेडकर साहब सुचित्रा पीड़ित दलित एवं वंचितों के सामाजिक राजनीति के एवं शैक्षणिक विकास के लिए संवैधानिक अधिकार दिए हैं ।जयंती समारोह में मुख्य रुप से शामिल पूर्व जिला परिषद् अध्यक्ष अरवल सह प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक मोर्चा सुभाष चन्द्र यादव, कामता प्रसाद कुशवाहा, डा परमानन्द सिंह, अमरेन्द्र कुशवाहा, भास्कर जी, सुदर्शन कुमार, विकास कुमार, रामप्रवेश यादव, सुजीत कुशवाहा, दीपक कुमार, विजय यादव, कमलेश कुशवाहा, संजीत कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्तगण उपस्थिति हुए।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का औरंगाबाद में जनसभा आज

औरंगाबाद।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 अप्रैल को औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस संबंध में औरंगाबाद एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्यासी सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि 11:30 बजे योगी आदित्यनाथ औरंगाबाद में हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचेंगे तथा जिला मुख्यालय के समीप रतनुआ गाँव के पास विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।यह वही सभा स्थल है जँहा 2 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सभा की थी।योगी आदित्यनाथ को लेकर आम जनता में गजब का उत्साह है और लोग उन्हें सुनना चाहते हैं।आप सभी लोगो से आग्रह है कि इस जनसभा में आए और इनकी बातों को सुने और 19 अप्रैल को अपना बहुमूल्य मत कमल छाप पर क्रमांक संख्या 3 पर देकर भारी मतों से विजयी बनाएं।

### चैती छठ को लेकर तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को छठव्रतियों ने अर्घ्य अर्पित किया

अरवल।जिले के ऐतिहासिक मधुश्रवां छठ घाट, किंजर पुनपुन नदी छठ घाट, पंतित छठ घाट ,मोथा छठ घाट, भदासी छठ घाट , बेलाव सोन नदी , लोदीपुर सूर्य मंदिर के अलावे विभिन्न छठ घाटों पर लोकआस्था और सूर्य उपासना के पर्व चैती छठ के तीसरे दिन रविवार को पहला अर्घ्य दिया गयो मधुश्रवां छठ घाट पर छठव्रतियो कि सबसे ज्यादा भीड़ देखी गईशाम के समय डूबते भगवान भास्कर को अर्घ्यअर्पित किया` चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान के अंतिम दिन सोमवार को व्रती सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।जिले के विभिन्न छठ घाटों पर सुरक्षा का ख्याल से मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद थे इधर लोदीपुर सूर्य मंदिर पर मैनपुरा पंचायत के मुखिया अशोक कुमार शर्मा के द्वारा छठव्रतियो लिए विशेष रूप से व्यवस्था किया गया था श्रद्धालु भक्तों के लिए फल ,चाय की व्यवस्था मुखिया के द्वारा किया गया था।

### डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया

कैमूर।विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर रामगढ़ कैमुर बिहार में 14 अप्रैल 2024 को संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 133 वी में जयंती विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया ' सर्वप्रथम डॉक्टर साहब के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण किया गया।जयंती प्रमुख आचार्य पवन चौबे एवं वीर बहादुर सिंह के द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही साथ बंदीपुर गांव दलित बस्ती में डॉक्टर साहब भीमराव अंबेडकर जी की आदमकद प्रतिमा पर पर माल्यार्पण किया गया।विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा डॉक्टर साहब की जीवनी पर प्रकाश भी डाला गया और उनके द्वारा बनाए गए पद चिन्ह पर चलने के लिए भैया , बहन व आचार्यपरिवार संकल्पित हुए।यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य राजीव रंजन के नेतृत्व में किया गया।

### नेपाल के विवादित सुस्ता में गंडक नदी पर बन रहा झूला पूल अपने अंतिम चरण में

बेतिया(प.च) इंडो नेपाल सीमा पर स्थित विवादित सुस्ता गांव को नेपाल से सीधे जोड़ने के लिए करोड़ो की लागत से झूला पूल बन रहा है जो अपने अंतिम चरण में है। सूत्रों की माने तो अप्रैल के आखरी महीने में नेपाल सरकार द्वारा इस पूल का उद्घाटन किया जाएगा। बतादें की विवादित सुस्ता गांव गंडक नदी के भारतीय क्षेत्र के तरफ चकदहवा से सटे है।बतादें, सुस्ता गांव पहुंचने के लिए नाव के सहारे गंडक नदी पार करना पड़ता है या भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहुआ टोला के रास्ते पहुंचा जाता है।बाढ़ के समय विवादित सुस्ता गांव पूरी तरह से टापू क्षेत्र की तरह बन जाता है।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा औरंगाबाद में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

## विभिन्न प्रखंडों में चार दिन तक चलेगा अभियान

प्रात: किरण संवाददाता




औरंगाबाद। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा 14अप्रैल से औरंगाबाद जिले में चार दिवसीय विशेष मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया गया।इस अवसर पर नगर के चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन परिसर में एक विशेष परिचर्चा आयोजित की गई।

परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में जिला स्वीप कोषांग की नोडल अधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जिले में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की तथा अभियान को दूर - दराज के क्षेत्रों तक ले जाने का सुझाव दिया। उन्होंने औरंगाबाद जिले में मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों को विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है तथा अब तक जागरूकता अभियान के माध्यम से लगभग पांच लाख लोगों तक संदेश पहुंचाया गया है । विशेष रूप से महिला, वृद्धजनों तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बिहार के विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के जनसंपर्क अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें पहली बात मत दे रहे मतदाताओं पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का विषय प्रवेश करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अजय श्रीवास्तव द्वारा मतदान के महत्व को रेखांकित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने औरंगाबाद में मतदाता जागरूकता वृद्धि के लिए अनेक सुझाव रखे।कार्यक्रम में उपस्थित आम जनता को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर मंत्रालय से संबद्ध नव सर्वोदय समाज कल्याण संस्थान, सारण के कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुति दी गई ।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन केंदीय संचार ब्यूरो, पटना के प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ऐश्वर्य कुमार तथा स्थानीय नागरिकों की प्रमुख भूमिका रही, जिनमें शिवनारायण सिंह, अजय वर्मा, राजू रंजन सिन्हा, सुनील सिन्हा, दीपक बलजोरी, सूर्यकांत, गणेश प्रसाद, दीनानाथ मौआर, मनीष कुमार, अटल बिहारी सिंह, पूणानंद उपाध्याय तथा संजय कुमार शामिल थे। दिनांक 15 अप्रैल 2024 को जागरूकता अभियान जिले के मदनपुर प्रखंड में आयोजित किया जाएगा।

## डॉ. अम्बेडकर कुशल राजनीतिज्ञ, विधिवेत्ता एवं समाज सुधारक थे : सत्येन्द्र रंजन

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला इकाई के तत्वाधान में संविधान निमार्ता भारतरत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहेब की 133 वीं जयंती जिला मुख्यालय के लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला - कार्यालय में उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित पर जयंती उत्साह के साथ धुमधाम मनाई गई । जयंति समारोह की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया , उन्होंने जयंति समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर कुशल राजनीतिज्ञ , विधिवेत्ता एवं लोकप्रिय समाज सुधारक थे। डॉक्टर अम्बेडकर शोषितों , पीड़ितों , दलितों एवं वंचितों के सामाजिक ,राजनीतिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए संवैधानिक अधिकार दिए। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित कर सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था । डॉक्टर अम्बेडकर भारतीय संविधान के जनक, देश के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री थे । 14 अप्रैल को प्रति वर्ष डॉक्टर अम्बेडकर जयंती समारोह को समानता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है । जयंति समारोह में जिला संगठन मंत्री रमेश रजक , जिला प्रवक्ता रविन्द्र कनौजिया , लोजपा रामविलास नेता रामाज्ञा यादव , सभी प्रखंड अध्यक्ष सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए ।

# 400 पर के नारा देने वाले बाबा साहब संविधान को बदलने की फिराक में हैः विधायक

प्रात: किरण संवाददाता

अरवलः बाबा साहब के 133 वें जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए विधायक महानंद सिंह ने कहा कि देश में भाजपा की सरकार बाबा साहब की संविधान को चौपट करने पर आमद है । उन्होंने कहा कि संविधान में यह नियम है कि 362 एक ही पार्टी के एमपी होने पर संविधान में बदलाव कर सकते हैं । भाजपा के सांसद हेगडे ने कहा कि 400 पार इसलिए चाहिए कि हमें संविधान बदलना है । भाजपा की इस चाल को आम जनता को समझने की जरूरत है । आखिर यह 400 पार की नारा क्यों दे रहे हैं । उन्होंने कहा जैसे ही इनका 362 से ज्यादा सीट आएगी तुरंत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को बदल देंगे । इसलिए आज हम बाबा साहब को याद करते हैं तो इस बात के लिए हमें संकल्प लेना होगा कि बाबा साहब के संविधान बदलने वाली ताकत को हमें हर हालत में शिकस्त देना होगा । उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए संवैधानिक स्वायत्त संस्थाओं को भाजपा पॉकेट का संस्थान बना दिया है । उसी हिसाब से ईडी सीबीआई आईटी और पुलिस का इस्तेमाल किया जा रहा है । महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार चरम पर है । इसके लिए गुनाहगार भाजपा की सरकार के खिलाफ हमें बाबा साहेब के वोट के अधिकार के हथियार से परास्त करना है । आज हमें संकल्प लेना है कि किसी भी कीमत पर संविधान और लोकतंत्र पर हमला करने वाली फिरकापरस्त ताकत को पीछे हटाना है । इस बार का चुनाव एक जंग है । इस जंग के रूप में संविधान, लोकतंत्र और देश बचाने की लड़ाई लड़नी है।

भाकपा माले जिला कार्यालय से जुलूस निकाला जो बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के पास पहुंचा जहां बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया एवं अंबेडकर वाचनालय में सभा को संबोधित की गई । इसके अलावा सरवरपुर , प्रसादी इंग्लिश , रामपुर चाय आँकोपुर , निघवा , भोगा पुर । कमता समेत दर्जनों गांवों में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य कॉमरेड रविन्द्र यादव ने की । सभा को माले जिला सचिव जितेंद्र यादव ने कहा कि औ पूरे देश की स्थिति को बर्बाद करने वाले भाजपा सरकार को परास्त करना बाबा साहेब को सच्चे दिल से याद करना होगा । कार्यक्रम में जिला कमिटी सदस्य सुएब आलम, नंद किशोर कुमार, लीला वर्मा, टुन्ना शर्मा, गणेश यादव अरवल में शामिल रहे जबकि कुर्था में जिला पार्षद महेश यादव, प्रखंड सचिव अवधेश यादव, करपी में प्रखंड सचिव मिथिलेश यादव, मधेश्वर प्रसाद, कलेर में प्रखंड सचिव उमेश पासवान, सूर्यनाथ वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में दर्जनों गांवों में बाबा साहेब की जयंती मनाया गया ।

## अंबेडकर जी की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जम्होर विकास मंच के तत्वावधान में भारत माता के अमर सपूत बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 133 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई।अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन सचिव राणा सुनील सिंह द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं संस्था के संरक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने संबोधन के क्रम में कहा कि आजादी की लड़ाई में अंबेडकर जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। आजादी के पश्चात संविधान सभा के सदस्य रहते भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी ने उन्हें संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया था।उसके बाद उन्होंने पूरे विश्व के संविधान का अध्ययन किया और भारत के संविधान को पूरा करने में महती भूमिका निभाई थी। उनके जीवन से हमें यही शिक्षा मिलती है कि विपरीत परिस्थिति में कभी भी मानव को घबराना नहीं चाहिए। अपना लक्ष्य तय कर शिखर पर पहुंचने का प्रयास करना चाहिए। जयंती के मौके पर संयोजक सुरेश विद्यार्थी, अनिल दुबे, राम पुकार ओझा, जितेंद्र कुमार सिंह, नंद जी यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# शब्दाक्षर की काव्य- संगोष्ठी में राजमाता असीमा सिंह ने किया काव्य-पाठ

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय स्थित बिहार केसरी श्री कृष्ण सिंह स्मृति भवन के सभागार में सतुआन पर्व के मौके पर राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' जिला इकाई औरंगाबाद के तत्वावधान में एक काव्य -संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने किया जबकि संचालन 'शब्दाक्षर' के जिलाध्यक्ष धनंजय जयपुरी द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकार सह बस्ती राजघराने की राजमाता असीमा सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि की भूमिका का निर्वहन मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री राज्यवर्धन सिंह ने किया। गोष्ठी की शुरूआत प्रसिद्ध गजलकार एवं नवोदित कवि हिमांशु चक्रपाणि ने भगवान राम को संपोषित काव्यपाठ किया। जेपी आंदोलन के सेनानी कवि अजय श्रीवास्तव ने "रोटी खातिर जिंदगी बदनाम हो गईल"नामक मार्मिक कविता सुनाई तो शतचंडी चालीसा के रचनाकार नागेंद्र कुमार केसरी ने "इक नन्हा बच्चा सोया था" नामक कविता की प्रस्तुति दी। अनिल अनल ने होली गीत गाया तो विनय मामूली बुद्धि के व्यंग्यवाण ने सबको खूब हंसाया। अनुज बेचैन ने अपनी रचना के माध्यम से प्रेमचंद की आधिकारिक कहानियां पर प्रकाश डाला। प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह के वक्तव्य पर लोगों ने खूब तालियां बजाई तो समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक ने अपनी वाणी से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। जनार्दन मिश्र जलज, दिनेश सिंह, सुरेश विद्यार्थी ने भी काव्य पाठ के माध्यम से अपनी सनातन पद्धति की ओजस्विता का बखान किया। मुख्य अतिथि राजमाता ने काव्य के विभिन्न विधाओं की चर्चा की। राज्यवर्धन सिंह ने 'रश्मिरथी' की पंक्तियों से जन मानस में वीर रस का संचार कर दिया। मौके पर श्वेता सिंह, संजय मौआर, नितिन निशांत, विवेक गौतम, चंद्रकांत कुमार, अंजनी कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## छठव्रतियों व श्रद्धालुओं ने दिया अस्थाचल सूर्य को अर्घ्य



भागलपुर। लोक आस्था के महापर्व चैती छठ पर्व का आज तीसरा दिन श्रद्धालुओं ने चैती छठ पर्व के तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ व्रत करने वाले सभी छठवर्ती महिला व श्रद्धालुओं ने सूर्य ढलने से पहले गंगा घाट पर पहुंचकर सूर्य भगवान आराधना पूजा के साथ अर्घ्य दिया। इस दौरान क्षेत्र के कई जगहों कुछ लोगों ने अपने घरों पर ही छठई मैया के आस्थानचल भगवान सूर्य को अर्घ दे पर्व को नेमनिष्ठा के साथ विधिवत रूप से मनाया वहीं कुछ लोगों ने तालाब में जाकर भी इस पर्व को श्रद्धापूर्वक डूबते सूर्य को अर्घ दे विधि विधान से मनाया गया। वही कल छठव्रतियों के द्वारा उगते सूर्य को अर्घ देकर इस चैती महाछठ पर्व का विधिवत रूप से छठवर्ती महिलाएं पारण कर इस पर्व को समाप्त करेंगी।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष और नगर मंत्री का पुनर्गठ

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अरवल नगर इकाई का किया गया पूर्ण गठन नगर अध्यक्ष नारायण दीपक और नगर मंत्री बने मोहन कुमार। इस कार्यक्रम में अभाविप के प्रांत अध्यक्ष डॉ उमेश एवं जिला संयोजक अमरकृति कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकाश कुमार ने उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित हुए। विशेष आमंत्रित सदस्य अध्यक्ष डॉ उमेश सर ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद 1948 से ही राष्ट्र के लिए अपनी सनातन संस्कृति के साथ समाज की रक्षा हेतु प्रतिबद्धता के साथ काम करने का संकल्प लिया है।

जिला संयोजक अमर कृति कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद राष्ट्र पुनर्निर्माण के व्यापक संदर्भ में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो राजनीतिक दल से ऊपर उठकर कार्य करता है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकाश कुमार ने विगत एक वर्ष में संगठन द्वारा सामाजिक, शैक्षणिक मुद्दों को लेकर किए गए संघर्ष का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

नगर सह मंत्री सतीश कुमार ने गत वर्ष के कार्यकारिणी सदस्यों को सफल कार्यकाल निर्वहन करने हेतु शुभकामनाएं दी। जिला संयोजक अमर कृति ने नगर इकाई को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें नगर , नगर मंत्री मोहन कुमार को मनोनीत किया। नगर अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण दीपक, जिला सोशल मीडिया प्रमुख गोविंद कुमार, जिला रक्र्र्रप्रमुख मनीष कुमार, जिला राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख सतीश कुमार, नगर सह मंत्री गोलू कुमार , जागृति कुमारी ,कोषाध्यक्ष रोशन जैसवाल, नगर सोशल मीडिया गतिविधि प्रमुख गोविंद कुमार, नगर कार्यकारिणी सदस्य पवन कुमार, सुजीत कुमार, इंदल कुमार, सोनू कुमार, मनीष कुमार, विवेक कुमार, नितीश कुमार को बनाया गया।

## आगेर्नाइजेशन फॉर होमियों मिशन ने धूमधाम से मनाई होमियोपैथ के जनक डॉ सैमुएल हैनिमैन की जयंती

प्रात: किरण संवाददाता



बोतिया(प.च)।नगर के हारिवाटिका चौक स्तिथ अवधेश प्रसाद मेमोरियल क्लिनिक में होम्योपैथिक के जनक डॉक्टर सैमुएल हनीमैन का 269 वां जन्मदिवस आगेर्नाइजेशन फॉर होमियों मिशन(ओएचएम)के बैनर तले धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों ने सैमुएल हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।इस दौरान ओएचएम के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने कहा कि होम्योपैथिक जन मानस के लिए उपयोगी है क्योंकि इसमें सभी रोगों की चिकित्सा बहुत ही सरल सुगम तरीके से हो सकती है और होम्योपैथिक के कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है।

वही जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम ने कहा कि होम्योपैथिक एलोपैथिक की तरह बहुत ही तेजी से सभी रोगों की चिकित्सा करती है ऐसा बिल्कुल भी नहीं है की होम्योपैथिक में धीरे-धीरे इलाज होता है यह सिर्फ केवल मिथ्या बातें हैं।उन्होंने कहा कि होम्योपैथिक दवाओं को लेने से पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर लेना चाहिए।डॉ सत्यम कुमार ने कहा होम्योपैथिक बहुत ही उपयोगी चिकित्सा पद्धति है जिसमें सभी रोगों का इलाज संभव है।इस दौरान संगठन से जुड़े जिले के दर्जनों चिकित्सकों ने होम्योपैथिक के पक्ष में अपने विचार रखे और सभी ने आम जनमानस से होम्योपैथिक को अपनाने की अपील की और सभी ने कहा की होम्योपैथिक के कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है सभी को इसे अपनाना चाहिए और अपने सभी रोगों की चिकित्सा होम्योपैथिक से कराए।कार्यक्रम में सचिव डॉ के के प्रसाद, जिष्णु फार्मा के विनय भारत आदि उपस्थित रहें।

# कांग्रेस नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सांसद आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी सांसद सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में राहुल गाँधी विचार मंच के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार टॉप 10 सोशल मीडिया वॉरियर्स मनोज कुमार पांडेय ने काँग्रेस पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। सांसद ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया सांसद ने कहा कि इनको शामिल होने पर पार्टी मजबूत होगा।

यह प्रखर नेता के साथ साथ समाजसेवी भी है और लगातार जनहित के कार्य करते रहते है। यह एक कर्मठ राजनीतिक कार्यकर्ता है।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि काँग्रेस पार्टी अपने विचार धारा से भटक गई है कार्यकर्ता को मान सम्मान नही मिल रहा है बिहार में संगठन नाम का कोई चीज नही है महागठबंधन में राजद दल के द्वारा लगातार बेइज्जत करने का काम किया जा रहा है काफी संख्या में युवा पार्टी से नाराज है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रवादी विचारधारा और समाज के हर वर्गो के लिए लगातार विकास का कार्य कर रहे है मैं इन सभी बातों और राजग प्रत्यासी सांसद सुशील कुमार सिंह के द्वारा समाज के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलते है और सभी लोगों को मान सम्मान देते है इस कारण से प्रेरित होकर भाजपा परिवार में शामिल हुआ हुँ और मैं चुनाव में भरपूर समर्थन करूँगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करूंगा।एनडीए प्रत्यासी सुशील सिंह को इस चुनाव में आम जनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है और अपार बहुमत से चुनाव जीतेंगे इस मौके पर देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक,जिला महामंत्री मुकेश सिंह,युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेन्दु शेखर ,पूर्व जिला मीडिया प्रभारी नलिनी रंजन,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य एनडीए के कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

## राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह ने किया जनसंपर्क



प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा नेता राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह चंद्रवंशी कुटुंबा विधानसभा के अलग-अलग गांव का दौरा एवं जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अति पिछड़ा चन्द्रवंशी समाज से विशेष तौर पर सम्पर्क किया एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्यासी सुशील कुमार सिंह के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित किया।औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के चार दिवसीय जनसंपर्क यात्रा का समापन कुटुम्बा विधानसभा में हुआ डॉक्टर भीम सिंह ने कहा कि पूरे संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में जो हवा चल रही थी वह हवा तूफान का रूप ले चुका है डॉ.सिंह ने भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह के पक्ष में मतदाताओं में आकर्षण है और पिछड़ी जातियों में गजब का उत्साह है अत्यंत पिछली जातियों में गजब का उत्साह है डॉक्टर सिंह ने कहा भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह का जीत तय है।आज औरंगाबाद के अलग-अलग क्षेत्र में सोरी पंचायत माली, इटवा,जय हिन्द तेंदुआ इत्यादि दर्जन गाँव का दौरा किया इस मौके पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद सिंह चन्द्रवंशी टेंगरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, चन्द्रवंशी, भाजपा जिलामंत्री बिजेन्द्र चन्द्रवंशी इत्यादि सैकड़ो लोग अलग-अलग जगह पर बैठक कर सुशील कुमार सिंह के पक्ष में वोट देने के लिए संकल्पित हुए।

# बाबा साहेब के 133 वें जन्मदिवस पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## भारत के निर्माण में डॉक्टर अंबेडकर का अभूतपूर्व योगदान : निदेशक प्रो. (डॉ.) सीएम सिंह

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात के भारत की संवैधानिक संरचना के जनक, सामाजिक न्याय एवं समानता के प्रणेता तथा वैश्विक स्तर पर ज्ञान के प्रतीक कहे जाने वाले बोधिसत्व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के १३३वें जन्मदिवस पर डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में अभिज्ञान कार्यक्रम मनाया गया। डा० राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित इस बौद्धिक,वैचारिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के नवनियुक्त निदेशक प्रो. (डा) सी.एम.सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक महोदय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. ए. के. सिंह, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विक्रम सिंह तथा यू जी सेल की चेयरपर्सन प्रो .विनीता मित्तल एवं अन्य चिकित्सकों ने माल्यार्पण पुष्पांजली एवं दीप प्रज्वलन करके किया । तत्पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा बुद्ध वन्दना प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में मेडिकल छात्रों एवं कर्मचारियों द्वारा सामाजिक संरचना एवं डा. अंबेडकर का योगदान विषय पर व्याख्यान प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र छात्राओं एवं संस्थान के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया ।छात्रों के सामाजिक दृष्टिकोण और समाज के प्रति लगाव से ओत प्रोत इस प्रतियोगिता में ओजस्वी शर्मा प्रियंका राज्य एवं नुसरा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों के म्यूज़िकल बैंड ने जय हो के उद्घोष के साथ एक अभूतपूर्व प्रस्तुति दी । इस कार्यक्रम में एक नाटक एवं विभिन्न नृत्यों की अप्रतिम प्रस्तुतियां भी की गई।

सभी प्रतिभागियों को माननीय निदेशक महोदय के कर कमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक प्रदान किए गए । इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विक्रम सिंह ने छात्र जीवन की ज़िम्मेदारियों एवं सामाजिक समरसता पर संबोधन प्रेषित किया।

संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रो. ए.के. सिंह ने भी ओजस्वी संबोधन कर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. सीएम सिंह ने इस अवसर पर देश के गाँवों की वास्तविक परिस्थितियां, सामाजिक सुधारों, संभावनाओं तथा भविष्य के भारत की परिकल्पना तथा ज़िम्मेदार नागरिक के कर्तव्यों और समाज निर्माण मैं छात्रों की भूमिका पर विशेष संबोधन दिया। उन्होने कहा कि के भारत के निर्माण में डॉक्टर अंबेडकर का योगदान अभूतपूर्व है जिसके लिए देश सदैव उनका आभारी रहेगा। इस अवसर पर डा.अरविंद सिंह, डा. राजीव रतन डा. सुब्रत चंद्र, डा. भुवन चंद्र तिवारी डा. सूरज, डा. मनीष कुलश्रेष्ठ, डॉ. विकास सिंह एवं डॉ. विनीता मित्तल, संस्थान के सभी छात्र एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ जय पासी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित करके किया गया।

## भाजपा प्रत्याशी सुशील सिंह के लिए मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने किया जनसंपर्क

औरंगाबाद। बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण मंत्री डॉ प्रेम कुमार के नेतृत्व में औरंगाबाद लोक सभा अंतगर्त इमामगंज विधानसभा के बाके बाजार,हसनपुर, विसनपुर, मैगरा, बिकुआ, बरवाडीह, कोलसइता, इमामगंज, रानीगंज सहित विभिन्न गाँव में भाजपा प्रत्याशी सुशील सिंह के लिए किया जनसंपर्क अभियान। डॉ कुमार ने जनता के बीच मोदी जी की गतिविधियों और योजनाओं का विस्तार से साझा करते हुए चर्चा किए। उन्होंने जनता से सीधे संपर्क में आकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें समाधान करने की गारंटी दी। इसके साथ ही, उन्होंने वोट की मांग की और लोगों से मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए प्रत्याशी सुशील सिंह के लिए समर्थन मांगा। डॉ कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए बताए कि मोदी जी ने विगत 10 वर्षों में जितने काम किए, जितनी योजनाएं लागू किए हैं, विगत 60 वर्षों में नहीं हुआ। क्यों नहीं हुआ, क्योंकि लोग एक योजना बनाकर उसको लूटने में लगे रहते थे। देश में कांग्रेस और बिहार में लालू की सरकार ने केवल घोटाला कर लूटने का काम किया है अभी जोर-जोर से बोल रहे हैं की अगर उनकी सरकार बनी तो भाजपा के लोग जेल जाएंगे उनको यह देखना चाहिए की नौकरी के बदले जमीन का सौदा करने वाले, जिनकी विरासत ही घोटाले से शुरू होकर घोटाले पर खत्म होती है, वह देश को नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाले मोदी सरकार पर उंगली उठा रहे हैं। जो लोग वंचितों गरीबों और दलितों का शोषण करते रहे, इस्तेमाल करते रहे, कभी उनको आगे बढ़ाने का कोशिश नहीं किया।

## संक्षिप्त खबरें

### भीमराव अंबेडकर के पास मौजूद हैं 32 डिग्रीयां : अभिषेक केसरी

टेटिया बम्बर (मुंगर)। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सैंकड़ो बच्चों के पठन-पाठन की सामग्र का वितरण किया।इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद टेटिया बम्बर प्रखंड इकाई की ओर से जितवारपुर गांव के महादलित टोला में छोटे झ छोटे बच्चे को पाठन सामग्री का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप मुंगेर के जिला सह संयोजक नचिकेता यादव एवं प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रूपेश कुमार उपस्थित थे।इस मौके पर छात्र नेता अभिषेक केशरी, शशिकांत केशरी, सागर केशरी, राजा तांती, मणिकांत तांती, देवेंद्र कुमार सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।इस मौके पर अभिषेक केसरी ने कहा कि देश के संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती आज हैं। उन्होंने कहा कि भारत देश में बाबा साहब के पास 32 डिग्री प्राप्त हैं।

### अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माला अर्पण कर जुलूस का आयोजन किया गया

बरियारपुर (मुंगेर) । बरियारपुर प्रखंड के घोरघट गांव मे अम्बेडकर जयंती के अवसर पर डा अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद एक जुलुस का आयोजन किया गया यह जुलुस घोरघट से चलकर नया छावनी, बरियारपुर, काला रामपुर,बोचाही,भगत चौकी, नौवागढी, चेकपोस्ट से हसनपुर, कटरिया, मुंगेरकिला परिसर,नवटोलिया, जुवलीवेल जमालपुर, रेलवे गेट संख्या 6, सारोवाग,दशरथपुर, धरहरा पहुंच कर सभा मे तवद्लीन होगी। जिलाध्यक्ष अमन रंजन यादव मुख्या अतिथि प्रदेश अध्यक्ष मणी कुमार वौर्द्ध देवेन्द्र पासवान, अवधेश पासवान, केदार पासवान, सच्चीदा नंन्द पासवान के साथ अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### डिस्पैच सेंटर एवं वाहन पड़ाव स्थल का जायजा लेने के साथ किया निरीक्षण : डीएम

भागलपुर।लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण माहौल में संपन्न कराने को लेकर डिस्पैच को लेकर 152 बिहपुर, 153 गोपालपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए इंटर स्तरीय महिला महाविद्यालय में बनाए गए डिस्पैच सेंटर एवं पास के बने वाहन पड़ाव स्थल का निरीक्षण आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल भागलपुर के दिनेश कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक विवेकानंद, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, पुलिस अधीक्षक नवगछिया पूरण कुमार झा, जिला परिवहन पदाधिकारी भागलपुर, आयुक्त के सचिव अभय कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया एवं डीसीएलआर नवगछिया के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण करने के साथ क्षेत्र जायजा लिया गया है। साथ ही इस दौरान उपस्थित संबंधित पदाधिकारीयों को आवश्यक निर्देश दिए गए है।तथोपरांत 154 पीरपैती(अ.जा.), 155 कहलगांव, 156 भागलपुर, 158 नाथनगर डिस्पैज सेंटर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज भागलपुर का एवं 157 सुल्तानगंज का डिस्पैज सेंटर जिला स्कूल भागलपुर का निरीक्षण किया।

### सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ बैठक हुई सम्पन्न : डीएम

भागलपुर।लोकसभा आम निर्वाचन 2024. को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त वातावरण माहौल में संपन्न कराने तथा शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने एनआईसी प्रांगण में भागलपुर के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।बैठक के क्रम में सभी इनफ्लुएंसर ने अपने-अपने विचार रखें, साथ ही जिलाधिकारी ने उन्हें लोगों को मतदान करने हेतु हृदय स्पर्शी अपील का वीडियो स्पॉट बनाने का सुझाव दिया गया है। साथ ही जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया टीम को प्रतिदिन दो या चार वीडियो स्पॉट बनाकर डालने का भी निर्देश दिये है।जिसमें 100 वर्ष से ऊपर वाले मतदाता एवं उस तरह के मतदाताओं का अनुभव साझा करने हेतू कई तरह के सुझाव के साथ कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये है।

### ऑन लाइन नामांकन दाखिल से हो रही काफी परेशानी : अभिभावक

भागलपुर।बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के द्वारा दसवीं पास परीक्षार्थियों के नामांकन प्रक्रिया को लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना में ने एक वेबसाइट जारी कर छात्र-छात्राओं के नामांकन प्रक्रिया को ऑनलाइन शुरू किए जाने की तिथि निर्धारित कर दी गई है लेकिन छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया में साइड की प्रक्रिया में ए स्थिरता के कार्य छात्र-छात्राओं के नामांकन प्रक्रिया को लेकर साइबर गर्मियों द्वारा किया जा रहा है लेकिन अब तक नामांकन प्रक्रिया को लेकर छात्र-छात्राओं के निर्धारित फीस की रकम संबंधित बैंक खातों में ऑनलाइन प्रक्रिया में परेशानी हो रही हैं। ऐसे में छात्र छात्राओं का नामांकन प्रक्रिया अधर में फसता जा रहा है।इस समस्या से परेशान सैकड़ों छात्राओं के अभिभवकों द्वारा कैफे के चक्कर काट रहे हैं।

# भीम राव अंबेडकर की 134 वां जयन्ती मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर मोड़ स्थित अंबेडकर चौक पर भारतीय संविधान के जनक भीमराव अंबेडकर की 134 वां जयंती मनाया गया। इस मौके पर तारापुर विधान सभा के समाजसेवी रोहित कुमार चौधरी ने कहा की बाबा भीम राव अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक ही नहीं देश के पहले कानून मंत्री भी थे डाक्टर भीम राव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित महार परिवार में हुआ था। हर साल इस मौके पर अंबेडकर दिवस मनाया जाता है जिसे अंबेडकर जयंती या भीम जयंती के नाम से भी जाना जाता है।

चौधरी ने कहा की वे एक विश्व स्तरीय वकील, समाज सुधारक थे, जिन्होंने आजादी के बाद देश को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया था। उन्होने अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की 1947 ईङ्क में भारत को आजादी मिलने के बाद, बी. आर. अंबेडकर देश के पहले कानून मंत्री बने थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न कानूनों और सुधारों का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 29 अगस्त, 1947 को डॉ. अंबेडकर को संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। इस समिति को नए संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए जिम्मेदार थी। अंबेडकर जी का असल सरनेम अंबावडेकर था महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में उनके पैतृक गांव 'अंबावड़े' के नाम से लिया गया है।

हालांकि, उनके शिक्षक महादेव अंबेडकर ने स्कूल रिकॉर्ड में उनका उपनाम 'अंबावडेकर' से बदलकर अपना उपनाम 'आंबेडकर' कर लिया था, क्योंकि वह उनसे बहुत प्यार करते थे। अंबेडकर जी ने देश में लेबर कानून से जुड़े कई बड़े बदलाव किए थे। इसके तहत उन्होंने साल 1942 में भारतीय श्रम सम्मेलन के 7वें सत्र में काम के घंटों में बदलाव करते हुए इसे 12 से 8 घंटे तक लाया था। बाबा साहेब न सिर्फ विदेश में इकोनॉमिक्स में डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करने वाले पहले भारतीय थे, बल्कि वह इकोनॉमिक्स में पहले पीएचडी और दक्षिण एशिया में इकोनॉमिक्स में पहले डबल डॉक्टरेट होल्डर भी थे। वह अपनी पीढ़ी के सबसे ज्यादा शिक्षित भारतीयों में से भी थे। उन्होंने संसद में हिंदू कोड बिल के लिए बहुत जोर दिया। इस विधेयक का उद्देश्य विवाह और विरासत के मामलों में महिलाओं को समान अधिकार देना था। जब विधेयक पारित नहीं हो सका तो उन्होंने कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया।आज इनकी जीवनी से युवा वर्ग को सीख लेनी चाहिए।इस कार्यक्रम में भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष सुकेश दास, पूर्व प्रमुख सुधीर कुमार दास,कुसमार पंचायत के पुर्व सरपंच प्रतिनिधि नरेश दास, प्रखंड भाजपा अध्यक्ष राकेश रोशन उर्फ बमबम, मुकेश कुमार,रविंद्र पासवान एवं संग्रामपुर थाना के एसआई सत्यम कुमार आदि उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष लोकसभा चुनाव कराने के लिए फ्लैग-मार्च



प्रातः किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रथम चरण में लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथि की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारी जोर शोर से की जा रही है। विदित हो कि जमुई लोकसभा चुनाव प्रथम चरण में 19 अप्रैल 24 को मतदान होना है। मतदाताओं को भयमुक्त व निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से शनिवार को संग्रामपुर थाना के पीएसआई सत्यम कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें बीएसपी 08 के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च अम्बेडकर चौक से संग्रामपुर बाजार के मुख्यमार्गो से गुजरते हुए हाई स्कूल, तीन बटिया होते हुए अम्बेडकर चौक,थानाध्यक्ष रूबिकांत कच्छप ने कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। मतदाता निर्भिक होकर मतदान कर अपने अधिकार व कर्तव्य का निर्वहन करें। फ्लैग मार्च एस आई रंजन कुमार व थाना पुलिस शामिल थे।

# उर्दू अनुवादक को दी गई विदाई

प्रातः किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। सदर प्रखंड में पदस्थापित उर्दू अनुवादक मोहम्मद इकबाल के स्थान अंतरण के बाद। सदर प्रखंड के सभागार में आयोजित की गई विदाई का सम्मान समारोह कार्यक्रम। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार ने किया जबकि संचालन का काम प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनय कुमार ने किया। मोहम्मद इकबाल उर्दू अनुवादक के रूप में काफी लंबे समय से सदर प्रखंड में कार्यरत थे उनका स्थानांतरण सचिवालय में हो जाने के कारण प्रखंड कार्यालय की ओर से विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर रहे उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीडिओ विकास कुमार ने काहे की उनकी कमी हमें हर हमेशा खोलेगा। इनका कार्य काफी सराहनीय रहा है उनके रहते हमें कभी भी किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती थी। पर नौकरी में तो यह सब लगा रहता है। ये जहां भी रहे स्वस्थ रहे यही मैं इनके लिए कामना करता हूं। जब भी उनकी हमें जरूरत हो यह हमारे साथ सहयोग करेंगे यही मैं इसे अपेक्षा और आशा रखता हूं। वही अपने संबोधन में मोहम्मद इकबाल ने काहे की आप लोगों के साथ जो हमें प्यार व्यवहार मिला इसे हम कभी नहीं भूल सकते हैं। आप लोगों के साथ गुजरे हर एक-एक पल हमें याद आएगी। हमसे जब भी कार्यालय के किसी कर्मी को किसी प्रकार की सहयोग की जरूरत होगी हम हर हमेशा आप लोगो के लिए तैयार रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एकता कुमारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, लिपिक उज्जवल कुमार, प्रखंड नाजिर राजकुमार, तथा सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित होकर उन्हें विदाई दिए।

# राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने धूमधाम से मनाया डॉ. अंबेडकर की जयंती

प्रातः किरण संवाददाता



मुंगेर। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के तत्वाधान में संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित कर रहे थे। सर्वप्रथम पार्टी कार्यकताओं ने मुंगेर किला परिसर स्थित डॉक्टर अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर जिलाध्यक्ष अमित ने कहा कि हमारी पार्टी शुरू से ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारो पर चलने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ. अंबेडकर के दिखाए गए मार्ग हम लोगों के लिए अनुकरणीय है। श्री अमित ने आगे कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पासवान भी हम लोगों को हमेशा भारत रत्न व संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों से अवगत कराते रहते हैं। मौके पर पार्टी के उपाध्यक्ष अमन कुमार, दलित सेना के जिलाध्यक्ष गणेश पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष राघवेंद्र भारती,दलित सेना के जिला उपाध्यक्ष छतरी पासवान, लेवर सेल के जिलाध्यक्ष नवल पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश चोरिसिया, युवा के जिलाध्यक्ष विक्रम चंदवांशी, दलित सेना प्रदेश सचिव सुरेश पासवान, सदर प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह, लक्की राजहंस सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बच्चों के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पाठ पुस्तक सामग्री का किया वितरण

प्रातः किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (कोर्ट।रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई हवेली खड़गपुर के द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के रानी सागर वार्ड संख्या 14 के दलित बस्ती में डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं 70 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री तथा बिस्किट वितरण कर मनाई गई। इस दौरान जमालपुर से प्रवास पर आई प्रांत एसएफएस सह प्रमुख आयुषी गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थी।

उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आप लोग प्रत्येक दिन स्कूल जाए एवं मन लगाकर पढ़ाई करें। जिला संयोजक अंकित जायसवाल एवं पूर्व नगर मंत्री विक्की रॉय ने बाबा साहब को नमन करते हुए बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला साथ ही बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन के बारे में बताया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम केसरी ने कहा कि शिक्षा जितना पुरुषों के लिए आवश्यक है उतनी ही महिलाओं के लिए।

इस दौरान बच्चे पाठ्य सामग्री प्राप्त कर काफी उत्साहित दिखे। इस मौके पर प्रांत सोशल मीडिया सहसंयोजक सत्यम कुमार निराला, जिला एस एफ डी प्रमुख राजीव नयन, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी सोनू झा, हरि सिंह महाविद्यालय अध्यक्ष पिंकेश कुमार, मोहित कुमार,शुभम कुमार,सैलब झा, काजल कुमारी,जुली कुमारी,वर्षा कुमारी,चांदनी सहित कई बच्चे बच्चियां ग्रामीण मौजूद थे।

# सीडीपीओ ने चलाई मतदाता जागरूकता अभियान

सदर मुंगेर ।शनिवार को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मुंगेर ग्रामीण प्रियदर्शनी ने महुली पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 51 तथा 127 पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी निकालकर महिलाओं को वोट डालने के लिए जागरूक किए। वही उन्होंने अपने संबोधन में कहीं की सभी लोग आगामी 13 मई



को होने वाले चुनाव में अवश्य वोट डालेंगे। वोट डालना आपका अधिकार होता है। अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहीं की पहले मतदान फिर जलपान तथा आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को भी अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को जागरूक करने का आदेश दिए। वही कार्यक्रम में उपस्थित सेविका निर्मला कुमारी, पूजा कुमारी, तथा पोषक क्षेत्र के दर्जनों महिलाओं ने भाग लिए।

# समता मूलक समाज की स्थापना ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलिः अनीता

प्रातः किरण संवाददाता



मुंगेर। मुंगेर लोकसभा सीट से महागठबंधन दल की प्रत्याशी अनीता कुमारी ने संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर मुंगेर जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर स्थापित अंबेडकर प्रतिमा पर घूम-घूम कर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया । अनिता कुमारी का काफिला सर्वप्रथम किला परिसर स्थित डॉ अंबेडकर चौक पहुंची। जहां उन्होंने अपने समर्थकों के साथ बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । वहां से निकलने के बाद अनिता कुमारी कटारिया, हसनपुर, नौवागढ़ी, भगत चौकी, बोचाही , कला रामपुर , बरियारपुर घोर घाट तक गई ।उसके बाद प्रत्याशी अनीता कुमारी जमालपुर के विभिन्न अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया । बजरंगबली नगर नौवागढ़ी चौक पर स्थापित प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण के उपरांत अनीता कुमारी ने कहा कि बाबा साहब के तीन मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का अनुसरण करने से ही आज देश का कल्याण संभव है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम समता मूलक समाज की स्थापना की दिशा में कार्य करें। जयंती समारोह में मौजूद नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता व वरिष्ठ पत्रकार तथा अखिल भारतीय डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के सचिव रंजीत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि आज देश के हरेक युवक को अंबेडकर बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के दिखाएं मार्ग पर चलने से ही आज संविधान की रक्षा और देश का कल्याण संभव है। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष त्रिलोकी नारायण शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# संविधान बचाने के लिए हर युवकों को अंबेडकर बनना होगा : पप्पू

## विचार गोष्ठी में सपाइयों ने संविधान बचाने का लिया संकल्प

प्रातः किरण संवाददाता



मुगेर। देश के शिल्पकार संविधान निमार्ता, दलितों शोषितों वंचितों के प्रणेता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जिलाध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के किला क्षेत्र स्थित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बेलन बाजार स्थित पार्टी के अस्थाई कार्यालय में देश के वर्तमान हालात और अंबेडकर की भूमिका पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । विचार गोष्ठी में अपने उदगार व्यक्त करते हुए सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि कुछ मौकापरस्त नेताओं के कारण आज देश की एकता अखंडता धर्मनिरपेक्षता खतरे में है संविधान पर हमला हो रहा है जिसे अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए देश के हर युवा को अंबेडकर बना होगा यही बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी । वही पार्टी के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम जमालपुर नगर अध्यक्ष अमर शक्ति जिला महासचिव मिथिलेश यादव अशोक भारत प्रवक्ता गणेश पोद्दार ने कहा कि कल तक जो लोग संविधान बदलने की बात करते थे संविधान जलाने की बात करते थे आज उसके आका संविधान को गीता कुरान सा पवित्र बता रहे हैं जो देश में बाबा साहब की भूमिका साबित करने के लिए पर्याप्त है ।

# सोशल मीडिया पर हथियार लहराना युवक को पड़ा भारी

प्रातः किरण संवाददाता



भागलपुर। सोशल मीडिया साइड पर हथियार लहराना युवक को भारी पड़ गया।विगत दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने की जानकारी प्राप्त होने के बाद पुलिस ने संबंधित युवक को गिरफ्तार करने में सफल रही है। उक्त गिरफ्तारी मामले को लेकर जिला संयुक्त प्रमंडलीय भवन कंबाइन बिल्डिंग के प्रांगण में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में नगर डीएसपी टू राकेश कुमार ने जानकारी साझा कर दी है। इस दौरान उन्होंने बताया कि हथियार के साथ दो युवक का एक हथियार के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। उक्त वायरल वीडियो के सत्यापन जांच में नाथनगर पुलिस ने स्थानीय युवक के रूप में पहचान की। इसके बाद छापामारी करते हुए युवक को देसी कट्टा के साथ एक चंदन को गिरफ्तार किया गया। वही पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त चंदन के निशानदेही पर वीडियो में शामिल अन्य युवक सन्नी की पहचान करते हुए उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वही उन्होंने बताया कि दूसरी तरफ मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के गोलहू इलाके में बने एक बासा पर देसी कट्टा के साथ एक युवक के होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। उक्त जानकारी के आलोक में मधुसुदनपुर थानाध्यक्ष सफदर अली के नेतृत्व में पुलिस ने छापामारी करते हुए एक देसी कट्टा एवं कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफल रही थी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान भवेश यादव के रूप में की गई है। जबकि नाथनगर इलाके से गिरफ्तार हुए अभियुक्त राधे हरि के पुत्र सन्नी कुमार एवं मनोज लाल के पुत्र चंदन कुमार शामिल हैं। इसी क्रम में नगर डीएसपी टू राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि तीनों के पास से दो देसी कट्टा एक जिंदा कारतूस एवं दो खोखा बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# सांड के हमले से बुजुर्ग गंभीर रूप से हुआ घायल

## मायागंज अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ईलाज के दौरान हुई मौत,

प्रातः किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। भवानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवटोलिया गांव इलाके में सुबह दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक बुजुर्ग को आवारा सांड ने पीछे से आकर दो बार उछाल उछाल कर पटक दिया। इस घटना में बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी व घायल हो गया। वही सांड के अचानक हमले में बुजुर्ग व्यक्ति के सिर में गहरे जख्म होने के साथ बुरी तरह से लहूलुहान हो जख्मी हो गया है। सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग व्यक्ति के सिर, हाथ, पांव व सीने में भी काफी गम्भीर चोट आई है। घटना के बाद घायल बुजुर्ग को स्थानीय नारायणपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में त्वरित इलाज के लिए भर्ती कराया जहां मौजूद चिकिसक द्वारा हालत की गम्भीरता को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला के सबसे बड़े अस्पताल जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज सह मायागंज अस्पताल भागलपुर में रेफर कर भेज दिया गया है। जहां चिकिसक द्वारा घायल बुजुर्ग का भर्ती प्रक्रिया के साथ उपचार शुरू कर दिया, लेकिन देर शाम ब्रेन हेमरेज के कारण वृद्ध की अचानक मौत हो गई। वही घायल बुजुर्ग को लेकर ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सहोरी गांव के भूमि सिंह 115 वर्ष के रूप में बतायी जा रही हैं। घटना को लेकर यह भी बताया जा रहा है कि बुजुर्ग भूमि सिंह शनिवार की सुबह के समय दियारा क्षेत्र में लगी अपनी खेतों की फसल को देखकर पैदल ही वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी अचानक नवटोलिया गांव स्थित पुरानी मंठ के समीप 14 नम्बर सड़क पर आवारा सांड ने उन्हें उठाकर पटक दिया। जिसे देखकर स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें जख्मी व घायल अवस्था में मौके से उठाकर गम्भीर हालत में त्वरित ईलाज के लिए नारायणपुर पीएचसी पहुंचाया गया और घटना से संबंधित जानकारी को लेकर परिजनों को घटना की सूचना दी। वृद्ध के परिवार में तीन पुत्र है जो किसान के रूप में अपने घर परिवार का भरण पोषण करते चल रहे है। वही सूचना मिलने के साथ ही घरवाले मौके पर पहुंचे और जख्मी हुए अपने बुजुर्ग पिता भूमि सिंह को बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भागलपुर लेकर गए थे। जहां उनका उपचार चिकिसक द्वारा किया जा रहा था। वही देर शाम इलाज के क्रम में वृद्ध भूमि ने अचानक दम तोड़ अपने परिवार को अलविदा कह दुनिया से चल दिया। घटना के बाद मृतक के तीनों पुत्र सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मिशन सुरक्षा के तहत क्षेत्र में चलाया गया अभियान : एसपी सिटी

प्रातः किरण संवाददाता



भागलपुर। विगत रात्रि को भागलपुर पुलिस को सूचना मिली की सजौर थाना परिक्षेत्र के ग्राम फुलवरिया में एक व्यक्ति अवैध शराब का कारोबार करता है और वह अपने पास हथियार भी रखता है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एंव पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम सदस्यों ने सूचना के आधार पर संबंधित मार्ग पर ।छापेमारी करते हुए एक युवक को देशी पिस्टल, देशी कट्टा, कारतूस एंव विदेशी शराब के साथ मौके पर धर दबोचा। टीम की पूछताछ जांच के क्रम में अपराधी भवेश कुमार सिंह बताया गया जिससे टीम ने विधिवत रूप से गिरफ्तार करने में सफल रही है। वही पुलिस टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त के पास से तलासी जांच के क्रम में एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, सात कारतूस व विदशी शराब की कुल 4.875 ली. की बरामदगी हुई है। वही पुलिस टीम ने गिरफ्त में आये अभियुक्त की पहचान भवेश कु. सिंह, पिता छोटेलाल सिंह, साकिन फुलवरिया, थाना सजौर, जिला भागलपुर के रूप में की गई है। गिरफ्तार भवेश कु० सिंह के विरुद्ध मारपीट, धोखाधड़ी, अभिरक्षा से फरार होने सहित कई आपराधिक इतिहास रहा है। उक्त आशय की जानकारी एसपी सिटी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में विधि व्यवस्था डीएसपी चन्द्र भूषण ने जानकारी साझा करते हुए विस्तृत जानकारी दी है।

# गांव में मवेशी पालक सड़क पर बने डोवेल पर बांधते हैं सैकड़ो मवेशी

प्रातः किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के नारायणपुर अंतर्गत नवटोलिया गांव इलाके के मुख्य मार्ग पर गांव के कई मवेशी पालक 14 नम्बर सड़क पर अवैध रूप से अपनी दर्जनों मवेशियों को बांधकर रखते हैं। जहां मवेशियों के पास आवारा सांड का आवागमन लगा रहता है और मार्ग के बीचोबीच खड़ा रहता है। वही मौका देख आते जाते राजगीरों पर अचानक आक्रमण कर देता है। इलाके के दर्जनो लोग सांड के हमले में अबतक जख्मी हों चुके हैं। विगत वर्ष भी करीब आधा दर्जन लोगों पर उक्त आवारा सांड के द्वारा हमला कर ग्रामीणों व राहगीरों को जख्मी कर दिया गया था। वही गतवर्ष तीन माह के अंदर करीब एक दर्जन से अधिक लोगों पर अचानक हमलावर होकर सांड ने ग्रामीणों को जख्मी व घायल किया है। वही इस तरह की घटना घटित होने के बावजूद आवारा सांडों पर अंकुश लगाने पर ग्रामीण व स्थानीय पशुपालन विभाग की टीम नाकाम साबित होता दिख रहा है, जबकि नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में मवेशियों के रख रखाव व सेवा हेतु गोशाला संचालित है। हालांकि ग्रामीणों ने उस सांड को पकड़ कर बांधकर रखा है, परंतु उसे गौशाला में रखने का व्यवस्था उपलब्ध नही किया जा सका है। वही विगत वर्ष पूर्व नवटोलिया गांव में एक व्यक्ति सांड के हमले में बेहद गंभीर रूप से घायल हुए थे। डेढ़ वर्ष की अवधि के ईलाज के बाद स्वस्थ स्थिति में सुधार नही हो पायी थी। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा घटना को लेकर बताया है कि विगत एक वर्ष के दौरान कई ग्रामीणों सहित फकीर के पेट में सांड ने सींग घुसा कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सांड के आतंक से नवटोलिया गांव के ग्रामीण सहित इलाके के लोग दहशत में चल रहे हैं। सांड कब किस पर हमला कर दे ये कहना कठिन है। प्रशासन व स्थानीय पशुपालन विभाग की टीम को इस घटना पर अमल करने की जरूरत है। वही दूसरी तरफ घटना को लेकर नवगछिया एसडीओ उत्तम कुमार से संपर्क किये जाने का फोनी प्रयास असफल रहा था। अब देखने वाली बात है कि बुजुर्ग भूमि सिंह की मौत के बाद स्थानीय प्रशासन का आवारा पशुओं को लेकर क्या रुख अपनाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### मेस्सी के शानदार खेल से इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3–2 से हराया

**कैंसास सिटी, एजेंसी।** करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेस्सी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए।

### 3 कारण क्यों हार्दिक पंड्या की नहीं बनती टी-20 वर्ल्ड कप में जगह, ड्रॉप करने में टीम इंडिया का फायदा!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जून-जुलाई में आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन होने वाला है। इस मेगा आईसीसी इवेंट के लिए भारतीय दल की बात अभी से होने लग गई है। वहीं हार्दिक पंड्या को लेकर भी अब काफी सवाल उठ रहे हैं। टीम में उनकी जगह बननी चाहिए या नहीं इसकी भी काफी बात हो रही है। तो आइये आपको बताते हैं उन 3 कारणों के बारे में कि क्यों हार्दिक को भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिए।

**हार्दिक पंड्या की खराब फिनिशिंग –** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या अपनी फिनिशिंग के लिए जाने जाते हैं। लेकिन आईपीएल 2024 में उनका बल्ला अब तक खामोश रहा है। वह उस तरह से फिनिश नहीं कर पा रहे जिसके लिए जाने जाते हैं। उनकी फिनिशिंग स्किल्स पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरसीबी के मैच को छोड़ दें तो उनका स्ट्राइक रेट भी काफी खराब रहा है। पंड्या ने आईपीएल 2024 में 5 मैच में 129 रन बनाए हैं।

### आशुतोष शर्मा के नाम जुड़ा खास रिकॉर्ड

**अब तक आईपीएल में 17 सालों में नहीं कर पाया ऐसा कोई भी खिलाड़ी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के 17वें सीजन में पंजाब किंग्स के लिए अब तक कुछ भी सही नहीं रहा है, जिसमें टीम को 6 में से 4 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी पंजाब किंग्स को 3 विकेट से करीबी हार मिली। इस मैच में पंजाब की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए थे, वहीं राजस्थान ने टारगेट का पीछा 19.5 ओवरों में कर लिया। पंजाब किंग्स टीम के बल्लेबाजों की तरफ से इस मैच में काफी खराब प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें उन्होंने 70 के स्कोर तक अपनी आधी टीम को गंवा दिया।

**आईपीएल 2024**

# टूर्नामेंट से टी20 विश्व कप की तैयारियों को गति दे रहा यह बल्लेबाज

**भारत को पहुंचा चुका है नुकसान**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 विश्व कप के लिए सभी टीमें एक मई से पहले घोषित होनी हैं, ऐसे में सभी खिलाड़ी पूरा जोर लगा रहे हैं। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी आईपीएल से अपनी तैयारियों को गति दे रहे हैं। आईपीएल 2024 सीजन के बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। भारत सहित दुनिया के तमाम खिलाड़ी आईपीएल से इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए तैयारियां कर रहे हैं। टी20 विश्व कप के लिए सभी टीमें एक मई से पहले घोषित होनी हैं, ऐसे में सभी खिलाड़ी पूरा जोर लगा रहे हैं। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी आईपीएल से अपनी तैयारियों को गति दे रहे हैं। हेड आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

**वनडे विश्व कप के फाइनल में खेली थी शानदार पारी –** ट्रेविस हेड के करियर के लिए 2023 शानदार रहा था और उनका मानना है कि इस स्तर को बरकरार रखना कठिन है। हेड ने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और फिर वनडे विश्व कप के फाइनल में



शानदार पारियों खेली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों ही मुकाबले में भारत को हराकर खिताब जीता था। हेड का मानना है कि आईपीएल 2024 से वह उन्हें टी20 विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी।

**बेसिक चीजों पर अडिग रहना चाहता हूं –** हेड ने ने कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और मैं विदेशी जमीन पर भी उसी तरह खेलता हूं। हालांकि मेरे ऊपर अब लगातार इसी तरह खेलने का दबाव है। सभी प्रारूपों में मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि बेसिक चीजों पर अडिग रहूं। यही मेरी तकनीक और ब्लूप्रिंट है। टी20 विश्व कप अब करीब है और मुझे उम्मीद है कि सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में होने और शीर्ष क्रम में खेलने से मेरी तैयारी पुख्ता होगी। इस लय को मैं विश्व कप में लेकर जा सकूंगा।

**हैदराबाद को तेज शुरुआत दिला रहे हैं हेड –** हेड का बल्लेबाज अबतक आईपीएल में अच्छा चला है और वह सनराइजर्स हैदराबाद को तेज शुरुआत दिला रहे हैं। हेड ने पांच मैचों में 177 की स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए हैं। हालांकि अगर आईपीएल का पूरा सीजन खेलते हैं तो उन पर दबाव बढ़ेगा और चोटिल होने का खतरा भी रहेगा। हेड भी इस बात से पूरी तरह परिचित हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह अहम है कि आईपीएल 2024 में पूरे सीजन मानसिक रूप से फ्रेश रहूं और अपने खेल पर काम करता रहूं। साथ ही यह सुनिश्चित करूं कि टी20 विश्व कप के लिए पूरी तरह तैयार रहूं। मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं इसके लिए तैयार हूं।

**आईपीएलः 2024**

# कोलकाता की लखनऊ पर पहली जीत

**सॉल्ट का अर्धशतक, स्टार्क ने तीन विकेट लिए**



**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइटराइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स को हराया। कोलकाता की 17वें सीजन की यह चौथी जीत है। सीजन के 28वें मैच में रविवार को कोलकाता ने लखनऊ को 8 विकेट से हराया। ईडन गार्डन स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। लखनऊ ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 161 रन बनाए। जवाब में कोलकाता ने 15.4 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

# ईरान से दागी गई मिसाइलों से बचने के लिए बदला रास्ता, केविन पीटरसन ने सुनाई फ्लाइट की कहानी

**मुंबई, एजेंसी।** केविन पीटरसन वर्षीय ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि कैसे ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइलें दागने के कारण उनकी फ्लाइट को रास्ता बदलना पड़ा और ईंधन भरने की भी जरूरत पड़ी। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने रविवार को ईरानी मिसाइलों के कारण फ्लाइट के रूट में बदलाव के अपने दुखद अनुभव को साझा किया। पीटरसन फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कमेंटरी कर रहे हैं। वह चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल मैच में कमेंटरी के लिए मुंबई जा रहे थे जब यह घटना घटी। उन्होंने इस परेशान करने वाले अनुभव को फैंस के साथ शेयर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने इस्राइल-ईरान के बीच जारी युद्ध वाले क्षेत्रों में हवाई यात्रियों को आने वाले संभावित खतरों पर





प्रकाश भी डाला। सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि कैसे ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइलें दागने के कारण उनकी फ्लाइट को रास्ता बदलना पड़ा और ईंधन भरने की भी जरूरत पड़ी। पीटरसन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- इस तरह का मेरा पहला अनुभव है। पिछली रात को हमारी फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा और साथ अत्यधिका मात्रा में ईंधन लोड करना पड़ा ताकि हम रास्ता बदलकर जा सकें और ईरान की मिसाइलों से बच सकें। पागलपन!!!! बहरहाल मैं मुंबई और वानखेड़े पहुंच चुका हूं। यह मेरे सबसे पसंदीदा मैदानों में से एक है।

इस बीच इस्राइल में भारतीय दूतावास ने ईरान द्वारा किए गए हमलों के बाद रविवार को अपने नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए। इसमें लोगों को शांत रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी गई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और यह हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस्राइली अधिकारियों और भारतीय समुदाय के सदस्यों के संपर्क में है।इस्राइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला - फोटो : भारतीय दूतावास इस्राइल

हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इस्राइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इस्राइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। ईरान ने इस्राइल पर 330 मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए, जिसमें दो शीर्ष कमांडरों समेत कई लोग मारे गए। हमले को देखते हुए अमेरिका इस्राइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इस्राइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

# शमार जोसेफ ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए किया आईपीएल डेब्यू, इंटरनेशनल लेवल पर मचा चुके हैं धमाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने कोलकाता नाइट राइडर्स वर्सेस लखनऊ सुपर जायंट्स मुकाबले में आईपीएल डेब्यू किया है। रविवार को ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने मार्क वुड की जगह शमार जोसेफ को टीम में शामिल किया था। फ्रेंचाइजी ने जोसेफ को तीन करोड़ रुपये में खरीदा है। 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपने डेब्यू सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात विकेट हॉल हासिल करते हुए टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टीव स्मिथ का विकेट चटकाया था। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ जनवरी में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए थे। इंटरनेशनल करियर की दमदार शुरुआत करने के बावजूद शमार को आईपीएल में अपने मौके का इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि एलएसजी के पास अच्छे तेज गेंदबाज के विकल्प मौजूद हैं लेकिन मयंक यादव के चोटिल होने के बाद टीम ने उन्हें मौका देने का फैसला किया है।

केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान हिंट दिया था कि शमार जल्द ही मैच खेल सकते हैं। दीपक हुडा और मोहसिन खान की टीम में वापसी हुई है। देवदत्त पडिक्कल खराब फॉर्म के कारण बाहर हो गए हैं।

**आईपीएलः2024**

# पैट कमिंस ने छिड़का भारतीयों के जख्मों पर नमक, किसे बताया पसंदीदा याद, भारत में पसंदीदा खाना भी बताय




आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी कर रहे पैट कमिंस ने इंस्टाग्राम पर कुछ स्टोरीज शेयर की हैं। इनमें उन्होंने अपनी पसंदीदा याद भारत में 2023 विश्वकप की जीत को बताया है। वैसे इस बात ने भारतीय क्रिकेट फैन्स की जख्मों पर नमक जरूर छिड़का होगा। पैट कमिंस ने फैन्स के सवालों के जवाब देते हुए यह यादें शेयर की हैं। इसमें फैन्स ने अलग-अलग सवाल पूछे थे। आज भी बड़ी संख्या में भारतीय फैन्स वनडे वर्ल्डकप फाइनल में मिली हार को भूल नहीं पाए हैं। गौरतलब है कि अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हरा दिया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन बनाए थे और ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया था।

**एसआरएच ड्रेसिंग रूम में पसंदीदा खिलाड़ी कौन –** पैट कमिंस ने इसके अलावा इंस्टाग्राम स्टोरी पर और भी कई सवालों के जवाब दिए हैं। एक फैन ने उनसे एसआरएच के ड्राइंग रूम में पसंदीदा खिलाड़ी के बारे में पूछा था। इसके जवाब में उन्होंने ट्रेविस हेड की फोटो लगाई है। बता दें कि ट्रेविस हेड ने वर्ल्डकप फाइनल में अहम पारी खेली थी, जिसकी बदौलत कंगारू टीम ने यह मैच जीता था। कमिंस ने हैदराबाद में पसंदीदा जगह गोलकुंडा के किले को बताया है।

# एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में राधिका को सिल्वर मेडल, शिवानी पवार ने जीता ब्रांज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवान राधिका ने शनिवार को यहां महिलाओं की 68 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया, जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है। पिछले साल अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की गुलनूरा ताशतांबेकोवा को चित किया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह जापान की नोनोका ओजाकी से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गयीं। शिवानी पवार (50 किलो) क्वार्टर फाइनल में जिकि फेंग से हार गई लेकिन इस चीन की पहलवान के फाइनल में



पहुंचने के बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बना ली। उन्होंने मंगोलिया की ओट्गोनजार्गल डोल्गोज्राव को 9-7 से हराकर कांस्य पदक जीता। तमन्ना (55 किलो) को क्वालीफिकेशन दौर में जापान की मोए कियूका ने 9 -0 से हराया लेकिन कियूका के फाइनल में पहुंचने से वह पदक की दौड़ में शामिल हो गईं। वह हालांकि मौके का फायदा उठाने में नाकाम रही और रेपेचेज मुकाबले में चीन की मिन झांग से 0-4 से हार गयी। पुष्पा यादव (59 किलो) और प्रिया (76 किलो) भी पदक की दौड़ में थी क्योंकि उन्हें हराने वाली पहलवान फाइनल में पहुंच गई थीं। दोनों पहलवानों को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। कांस्य पदक के लिए प्लेऑफ में पुष्पा को कजाकिस्तान की डायना कयूमोवा ने 11-8 से हराया, जबकि प्रिया को कजाकिस्तान की एल्मिरा सिज्डीकोवा ने चित कर दिया।



# क्या शिवम दुबे को मिलना चाहिए टी20 वर्ल्ड कप टीम में मौका?

**सीएसके कोच फ्लेमिंग के बयान ने बढ़ाया भारतीय चयनकर्ताओं का सिरदर्द**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफेन फ्लेमिंग का कहना है कि टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने से पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट को खेलने की सही शैली की पहचान करनी होगी. चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में ऑलराउंडर शिवम दुबे को मौका मिलना चाहिए. दुबे पिछले दो आईपीएल सीज़न में एक शानदार हिटर के रूप में उभरे हैं. फ्लेमिंग ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा, मेरे लिए बात यह है कि वे (भारत) विश्व कप के दौरान किस प्रकार का गेम प्लान खेलना चाहते हैं? उन्होंने विदेशी परिस्थितियों में भारत के लिए खेलने की सही शैली की पहचान की है. सीएसके कोच ने कहा, फिर केवल खिलाड़ियों को चुनने और गेम प्लान खोजने की कोशिश करने के बजाय खिलाड़ियों को इसमें शामिल करें. मैं खेल की वह शैली देखूंगा जो मैं चाहता हूं, और फिर उन खिलाड़ियों को चुनूंगा जो फॉर्म में हैं और वह भूमिका निभा सकते हैं जो उस



डिज़ाइन को सर्वश्रेष्ठ रूप से जीत सके. कीवी दिग्गज ने कहा, भारतीय चयनकर्ता होना शायद विश्व क्रिकेट में सबसे मुश्किल कामों में से एक है, है न? एक तरफ, एक कीवी के रूप में मैं शो में मौजूद प्रतिभाओं की मात्रा और हर खेल में सामने आने वाले नए खिलाड़ियों को देखकर बहुत ईर्ष्यालु हूं. इसके बाद फ्लेमिंग ने दुबे को विश्व कप स्क्वाड में मौका देने के बारे में कहा, मुझे उसकी शक्ति पसंद है. मैं पक्षपाती हूं, है ना? लेकिन मुझे लगता है कि जब आपके पास उस तरह की थोड़ी अलग शक्ति होती है; मैं उसे टीम में रखूंगा. 2018 में अपने टी20 डेब्यू के बाद टीम से बाहर हो गए दुबे को सीएसके के साथ अपनी हालिया हरकतों के कारण राष्ट्रीय टीम में वापसी का रास्ता मिल गया है. 2022 में फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने के बाद से, दुबे ने 32 पारियों में 883 रन बनाए हैं. मौजूदा सीज़न में दुबे के नाम पांच पारियों में 176 रन हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है. फ्लेमिंग ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत सारा काम किया गया, उन्हें उस भूमिका में लाया गया और नियमों में बदलाव को हमारे फायदे के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की गई. पिछले साल उन्होंने मानसिक रूप से इस बात पर बहुत काम किया कि वह कैसा दिखेगा, और फिर यह अवसर के बारे में था. हमें उसकी क्षमता का एहसास करने में कितना समय लगेगा. पिंच हिटर के रूप में दुबे की क्षमता पर जोर देते हुए, पूर्व कीवी कप्तान ने कहा, स्पिन और सीम गेंदबाजी दोनों से वह जो शक्ति उत्पन्न कर सकता है वह काफी अद्वितीय है. जब वह इस तरह की फॉर्म में होता है तो बीच के ओवरों में वह हमारे लिए असली हथियार होता है.

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी, दो की मौत; मृतकों की अभी तक नहीं हुई पहचान

**इंफाल।** मणिपुर में शनिवार को फिर गोलीबारी हुई है। राज्य के इंफाल पूर्वी जिले में शनिवार को दो सशस्त्र समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी कांगपोकपी जिले की सीमा के करीब हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राज्य और केंद्रीय पुलिस बल को क्षेत्र में भेजा गया है। अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात कर दिया गया है। इलाकों में सुरक्षा बलों के पहुंचने के बाद सशस्त्र समूहों के कैडर शवों को छोड़कर इलाके से भाग गए। यह घटना टेंग्नौपाल जिले में ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात बंदूकधारियों के बीच गोलीबारी में तीन लोगों के घायल होने के एक दिन बाद हुई है।

### बीबीएफएस आवासीय अकादमी भोपाल में परीक्षण आयोजित करने के लिए तैयार

**भोपाल।** एनजोगो द्वारा संचालित बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) 21 अप्रैल 2024 को बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल में अपने आवासीय अकादमी कार्यक्रम के लिए परीक्षण आयोजित करेगा। ट्रायल में भाग लेने के लिए 1 जनवरी 2007 से 31 दिसंबर 2014 के बीच जन्मे खिलाड़ी पात्र हैं। रिपोर्टिंग समय 8ः00 ढ्ढस्न्र है। फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी किट और एक वैध सरकारी आईडी लानी होगी। सभी उपस्थित लोगों के लिए 100/- रुपये का पंजीकरण शुल्क लागू है।बीबीएफएस के सह-संस्थापक और फुटबॉल के दिग्गज बाईचुंग भूटिया ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, युवा खिलाड़ियों को सही अवसर पाने और पेशेवर फुटबॉलर बनने के लिए, उन्हें कम उम्र से ही एक अच्छी तरह से संरचित खेल पाठ्यक्रम में प्रवेश करना होगा। बीबीएफएस आवासीय अकादमी ट्रायल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए हमारे कार्यक्रम में शामिल होने और अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता हासिल करने के लिए प्रशिक्षण लेने का एक शानदार अवसर है। बिल्डिंग फ्यूचर चैंपियंस के आदर्श वाक्य के साथ, बीबीएफएस आवासीय अकादमी परीक्षणों का आगामी संस्करण एक बार फिर देश के सभी हिस्सों को कवर करेगा। चुनिंदा बीबीएफएस स्काउट्स विभिन्न शहरों की यात्रा करेंगे और प्रतिभाओं के एक बड़े समूह को शामिल करेंगे। फुटबॉल में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए ट्रायल एक महत्वपूर्ण कदम बन गया है। यह न केवल उन्हें खेल में अपने कौशल का मूल्यांकन करने के लिए एक मंच देता है बल्कि देश के सबसे बड़े और सबसे अधिक रेटिंग वाले फुटबॉल कार्यक्रम में शामिल होने का मौका भी देता है।

### फ्लाइंग स्क्वाड ने 1 हजार करोड़ मूल्य का 1,425 किलोग्राम सोना जब्त किया

**चेन्नई, एजेंसी।** चुनाव से पहले यहां एक बड़ी जब्ती हुई। चुनाव आयोग (ईसी) के फ्लाइंग स्क्वाड ने तमिलनाडु में एक ट्रक से लगभग 1,000 करोड़ रुपये मूल्य का 1,425 किलोग्राम सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईसी फ्लाइंग स्क्वाड के अधिकारियों ने कुंद्राथुर के पास वंडालूर-मिजिनूर आउटर रिंग रोड पर एक ट्रक और कार को रोका, जिससे भारी मात्रा में कीमती धातु जब्त की गई। ट्रक की जांच के दौरान डिब्बों में सोना होने का पता चला। ट्रक के पीछे चल रही कार में सवार लोगों ने अधिकारियों को बताया कि उनके पास सभी कागजात हैं और सोना श्रीपेरंबदूर की एक फर्म में ले जाया जा रहा है।हालांकि, ईसी फ्लाइंग स्क्वाड के अधिकारी पेश किए गए दस्तावेजों से संतुष्ट नहीं थे और ट्रक के साथ-साथ उन्होंने कार को भी रोक लिया।सूत्रों के अनुसार, दोनों वाहनों को श्रीपेरंबुदूर राजस्व कार्यालय ले जाया गया। कांचीपुरम जिला राजस्व अधिकारी और आयकर अधिकारी जब्त किए गए सोने की सही कीमत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। शुरुआत में लगभग 1,000 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया था।चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है।तमिलनाडु और पुडुचेरी में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, इसलिए चुनाव आयोग ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

# दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र में सर्वोच्च साहस का परिचय दे रहे भारतीय सेना के जांबाज, 24 घंटे कर रहे निगरानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सियाचिन, काराकोरम पर्वत श्रृंखला में करीब 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र। सालभर यहां बर्फ जमी रहती है और सर्दियों में तापमान माइनस 50 डिग्री तक गिर जाता है। ऊपर से बर्फीली और सर्द हवा। इन तमाम विपरीत हालातों के बावजूद इस निर्जन और बीहड़ इलाके में भारतीय सेना के जांबाज अदम्य शौर्य और साहस का परिचय देते हुए अत्याधुनिक साजोसामान से लैस होकर 24 घंटे निगहबानी कर रहे हैं। ऑपरेशन मेघदूत की वर्षगांठ पर शनिवार को इन जांबाजों का जोश देखते ही बनता था। आखिर ऐसा हो भी क्यों न? आज ही के दिन ठीक 40 साल पहले यानी 13 अप्रैल 1984 को इस क्षेत्र में पाक सेना को भारतीय सेना ने शिकस्त जो दी थी। उस वक्त पाकिस्तान की ओर से अबाबील ऑपरेशन चलाकर 17 अप्रैल तक सियाचिन पर कब्जा करने की योजना बनाई गई थी लेकिन भारतीय सेना ने इससे चार दिन पहले ही मोर्चा मारते हुए सियाचिन ग्लेशियर पर अपना झंडा लहरा दिया था। भारतीय सेना ने शनिवार को



40वें सियाचिन दिवस के अवसर पर कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अपने बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में ऑपरेशन शुरू करने वाले सैनिकों को सलाम करते हुए एक वीडियो के साथ इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया- वे बर्फ में घिरे हुए हैं, चुप रहेंगे। जब बिगुल बजेगा, तो वे उठेंगे और फिर से मार्च करेंगे। वीडियो में दिखाया गया कि कैसे दुर्गम इलाकों में भारतीय जांबाज बड़ी मुस्तैदी से डटे हुए हैं। सफेद चादर से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों पर भारतीय सेना के जवानों को चढ़ते हुए दिखाया गया है। इसमें सियाचिन ग्लेशियर के 40 साल के सफर को दिखाया गया है। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि सामरिक रूप से अति महत्वपूर्ण सियाचिन ग्लेशियर में भारतीय सेना ने अपनी मौजूदगी के 40 साल पूरे किए हैं और पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी ढांचा बढ़ने से उसकी ऑपरेशनल क्षमता में काफी सुधार आया है। भारी सामानों को ले जाने में सक्षम हेलीकाप्टरों और ड्रोनों का उपयोग, सभी सतहों के लिए अनुकूल वाहनों की तैनाती, मार्गों के विशाल नेटवर्क आदि उठाए गए कई अहम कदमों ने युद्धक्षेत्र सियाचिन में भारत का सैन्य कौशल और बढ़ाया है। प्रत्येक सैनिक के पास पॉकेट वेदर ट्रैकर्स जैसे गैजेट मौसम के बारे में समय पर अपडेट प्रदान करते हैं और उन्हें संभावित हिमस्खलन के बारे में चेताते हैं। उन्होंने कहा कि सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना का नियंत्रण न केवल अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प की गाथा है, बल्कि प्रौद्योगिकी उन्नति और साजो-सामान संबंधी सुधारों की एक असाधारण यात्रा भी है जिसने दुनिया के सबसे दुर्जेय इलाकों में से एक इस क्षेत्र को अदम्य जोश और नवाचार के प्रतीक में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि खासकर पिछले पांच सालों में उठाए गए कदमों ने सियाचिन में तैनात इन जवानों के जीवन स्तर और ऑपरेशनल क्षमताओं में सुधार लाने में लंबी छलांग लगाई है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित एटीवी पुल जैसे नवाचारों से सेना प्राकृतिक बाधाओं पर पार पाने में समर्थ हुई है तथा हवाई केबलवे में उच्च गुणवत्ता वाली डायनेमा रस्सियों के जरिये सबसे दूरस्थ चौकियों में भी सामानों की बेरोकटोक आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

## शिमला सीट पर कांग्रेस का दबदबा, केडी सुल्तानपुरी के नाम रिकॉर्ड

**शिमला, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए हिमाचल प्रदेश की चार में से दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस हाईकमान ने सबको चौंकाते हुए दोनों सिटिंग विधायकों को उम्मीदवार बनाया है। इनमें कैबिनेट मंत्री हैं तो दूसरे सिटिंग एमएलए हैं। मंडी लोकसभा सीट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह उम्मीदवार होंगे जबकि शिमला लोकसभा सीट पर मौजूदा विधायक विनोद सुल्तानपुरी को उतारा गया है। इस रिपोर्ट में जानें कौन हैं विनोद सुल्तानपुरी जिन्हें पार्टी ने दिया है मौका... 42 वर्षीय विनोद सुल्तानपुरी शिमला संसदीय क्षेत्र के सोलन जिला के कसौली से विधायक हैं। वह पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सुरेश कश्यप से होगा। विनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी के नाम शिमला लोकसभा सीट पर लगातार छह बार कांग्रेस सांसद बनने का रिकॉर्ड है। कांग्रेस ने विनोद सुल्तानपुरी को टिकट देकर शिमला लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबले को बेहद रोचक बना दिया है। साथ ही संदेश देने की कोशिश की है कि उसकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस की फिल्डिंग से साफ है कि शिमला सीट पर अब उसका भाजपा के साथ कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

शिमला आरक्षित लोकसभा सीट पर कांग्रेस का दबदबा रहा है। ज्यादातर यहां से कांग्रेस जीतती रही है। पिछले 10 वर्षों से यह सीट भाजपा के कब्जे में है। कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार घोषित बिनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी ने इस लोकसभा सीट पर ऐसा दुर्ग बनाया जिसे उनके चुनाव मैदान में रहते कोई भेद नहीं पाया। वह लगातार छह बार यहां से विजयी रहे। उनके लगातार जीत के रिकार्ड को कोई नहीं तोड़ पाया है।

## यदि नरेंद्र मोदी नहीं होते तो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाताः राज ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शनिवार को दावा किया कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। राज ठाकरे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मनसे नेताओं की एक सूची तैयार करेगी जिनसे महायुति गठबंधन के नेता चुनावी समन्वय के लिए संपर्क कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने इन प्रश्नों को टाल दिया कि क्या वह महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राकंपा के सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के पक्ष में रैलियों को संबोधित करेंगे।

राज ठाकरे ने आगामी लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने आज कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं अनुषंगी संगठनों के साथ बैठक की है और उन्हें महायुति समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि मनसे नेताओं को उचित सम्मान मिलेगा। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट हैं और राज्य में 19 अप्रैल एवं 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा। राज ठाकरे ने कहा, यदि नरेन्द्र मोदी (केंद्र की सत्ता में) नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद भी राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। यह लंबित मुद्दा बना रहता।

नवंबर, 2019 में एक ऐतिहासिक फैसले में उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राममंदिर के निर्माण की कानूनी बाधा दूर कर दी थी। इस साल 22 जनवरी को राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ। राज ठाकरे ने कहा कि राममंदिर के निर्माण का मामला 1992 से लंबित था जब बाबरी मस्जिद गिरायी गयी थी। भाजपा को मनसे के समर्थन पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा, कुछ ऐसी अच्छी बाते हैं, जिनकी सराहना करने की जरूरत है।

एक तरफ, एक अक्षम (नेतृत्व) है और दूसरी तरफ, मजबूत नेतृत्व है। इसलिए हमने नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने के बारे में सोचा। पीएम मोदी के प्रति उनके समर्थन में खामियां ढूढ़ने को लेकर अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) पर पलटवार करते हुए मनसे प्रमुख ने कहा कि उनकी आखों में पीलिया हो गया है। राज ठाकरे ने कहा कि मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने तथा राज्य में किलों की मरम्मत समेत महाराष्ट्र को लेकर उनकी कुछ मांगें हैं जिनके बारे में भाजपा को बताया जाएगा।

## पहले दोस्त की गर्लफ्रेंड छीनी फिर दिल्ली बुलाकर कर दी हत्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की द्वारका जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) ने हत्या के मामले का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुरेश गंगवार ने अपने दोस्त आशीष कुमार को उत्तर प्रदेश के बरेली से दिल्ली बुलाकर उसकी हत्या की थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आशीष उसकी प्रेमिका को आपत्तिजनक फोटो भेजकर ब्लैकमेल कर रहा था। इसलिए उसने आशीष को काम का लालच देकर बरेली से पहले दिल्ली बुलाया और फिर उसकी हत्या कर दी। आरोपी के पास से पुलिस ने चाकू के अलावा मोबाइल और कपड़े बरामद किए है।

पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 9 अप्रैल को द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन के पीछे जंगल में एक व्यक्ति का शव मिला था। शख्स की गला रेत का हत्या की गई थी और उसकी पहचान न हो पाए इसलिए चेहरे को पत्थर से कुचला गया था। पुलिस को उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो। एसीपी राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की टीम को मामले की जांच सौंपी गई। टीम ने लोगों से पूछताछ के बाद शव की पहचान 28 वर्षीय आशीष कुमार के रूप में की। प्राथमिक जांच में पुलिस को पता चला कि आशीष मौत होने से कुछ ही दिन पहले बरेली से दिल्ली आया था। पुलिस ने दिल्ली आने के बाद उसकी गतिविधियां और मोबाइल की लोकेशन, सीसीटीवी की जांच की तो पुलिस आरोपी सुरेश गंगवार तक जा




पहुंची। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। पूछताछ में आरोपी सुरेश गंगवार ने बताया कि आशीष उसका पक्का दोस्त था और दोनों असम में एक ही कंपनी में नौकरी करते थे। असम में रहने के दौरान आशीष की दो युवतियों से दोस्ती थी। एक प्रेमिका से बात करने के लिए वह सुरेश के फोन का इस्तेमाल करता था। सुरेश और आशीष असम में नौकरी छोड़ कर राजस्थान चले गए। लेकिन यहां कंपनी में विवाद के बाद दोनों ने राजस्थान में नौकरी छोड़ दी। सुरेश दिल्ली आ गया और आशीष बरेली चला गया। इस बीच आशीष की एक प्रेमिका ने उससे दूरी बना ली। यह युवती सुरेश से बात करने लगी। जो बात आशीष को पसंद नहीं आई और उसने प्रेमिका की कुछ अश्लील फोटो उसे भेजकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी होने पर सुरेश ने आशीष को फोटो डिलीट करने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद सुरेश ने आशीष की हत्या करने की योजना बनाई। उसने काम के बहाने उसे यूपी से दिल्ली बुलाया। दोनों की मुलाकात पैसिफिक मॉल पर हुई, वहां से फिर यह लोग मेट्रो स्टेशन पीछे जंगल में जाकर बैठकर बात करने लगे। इस बीच आरोपी ने पहले आशीष पर पत्थर से हमला किया। उसके बाद उसका गला रेत दिया।

## अमेरिकी एयरलाइंस का बाइडेन प्रशासन से आग्रह- चीन को न दी जाए अतिरिक्त उड़ानों की मंजूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एयरलाइंस ने बाइडेन प्रशासन से अमेरिका और चीन के बीच किसी भी और उड़ान को मंजूरी देना बंद करने के लिए कहा है क्योंकि उनकी मौजूदा हानिकारक प्रतिस्पर्धा-विरोधी नीतियां अमेरिकी एयरलाइंस और श्रमिकों को नुकसान पहुंचाती हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी एयरलाइंस ने पत्र में कहा कि चीन ने महामारी के दौरान बाजार पहुंच पर सख्त सीमाएं लागू कीं और परिचालन, ग्राहकों और अमेरिकी एयरलाइन चालक दल के उपचार को प्रभावित करने वाले चुनौतीपूर्ण नियम लागू किए।




सीएनएन के अनुसार, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और परिवहन सचिव पीट बटिगिएग को संबोधित करते हुए गुरुवार को प्रकाशित एक पत्र के अनुसार, प्रतिस्पर्धी नुकसान चीन की सेवा करने वाली अमेरिकी यात्री एयरलाइनों द्वारा नियोजित लगभग 315,000 कर्मचारियों के लिए हानिकारक है। पत्र में उद्योग वकालत संगठन एयरलाइंस फॉर अमेरिका के हस्ताक्षर थे जिसमें पायलट एसोसिएशन. जो इसके सदस्यों अमेरिकन एयरलाइंस (एएएल), डेल्टा (डीएएल), और यूनाइटेड (यूएएल) के साथ-साथ विमानन कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न यूनियनों के नाम शामिल है। इसमें कहा गया है, अगर चीनी विमानन बाजार की वृद्धि को अनियंत्रित और बाजार में पहुंच की समानता की चिंता के बिना जारी रहने दिया गया, तो अमेरिकी श्रमिकों और व्यवसायों की कीमत पर उड़ानें चीनी वाहकों को छोड़ी जाती रहेंगी। सीएनएन के अनुसार, फरवरी में, अमेरिका ने चीनी एयरलाइनों को संयुक्त राज्य अमेरिका में अपनी सीधी यात्री उड़ानों का विस्तार करने की अनुमति देने के अपने फैसले की घोषणा की, जिसका लक्ष्य धीरे-धीरे कोविड -19 महामारी से प्रभावित विमानन सेवाओं को बहाल करना था। अमेरिकी अधिकारियों ने चीनी वाहकों को अमेरिका से 50 साप्ताहिक राउंडट्रिप संचालित करने की मंजूरी दे दी, जो 31 मार्च से शुरू होने वाली 35 उड़ानों की पिछली सीमा से अधिक है। लेकिन बढ़ी हुई संख्या अभी भी अनुमति दी गई 150 से अधिक साप्ताहिक राउंडट्रिप का केवल एक अंश है। पत्र में कहा गया है कि चीन के साथ प्रतिस्पर्धा-विरोधी नुकसान 2022 में और खराब हो गया, जब एशियाई देश की एयरलाइंस ने रूसी हवाई क्षेत्र का उपयोग जारी रखा, जबकि उसी वर्ष फरवरी में यूक्रेन पर मास्को के आक्रमण के परिणामस्वरूप अमेरिकी वाहक ने इसका उपयोग करना बंद कर दिया।

## भारत-पाक सीमाओं पर सालों पुरानी परंपरा टूटी ! त्यौहारों पर सैनिकों में मिठाईयों का आदान-प्रदान बंद

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान की सीमाओं पर एक सालों पुरानी परंपरा बंद हो गई है। दोनों देशों के बीच तनाव के चलते अब दोनों देशों के सैनिकों के बीच मिठाईयों का आदान-प्रदान भी बंद हो गया। इस बार ईद के मौके पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात दोनों देशों के सैनिकों ने एक दूसरे को प्रतीकात्मक सद्भावना की प्रतीक मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया। भारत की तरफ से सीमा सुरक्षा बल और दूसरी तरफ से पाकिस्तान रेंजर्स के जवानों की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनाती की जाती है। पिछले कई वर्षों से परंपरा रही है कि दोनों बल धार्मिक त्योहारों और राष्ट्रीय उत्सवों के अवसर एक दूसरे को सद्भावना प्रकट करते हैं।



साल 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद से पाकिस्तान चिढ़ा हुआ है। पाकिस्तान की हरकतों की वजह से दोनों देशों के संबंध लगातार खराब हुए हैं। इसका असर पिछले महीने फिर देखा गया जब हिंदू पर्व होली के अवसर पर पाकिस्तानी रेंजर्स और बीएसएफ के बीच मिठाई नहीं बांटी गई। ऐसी ही स्थिति इस सप्ताह ईद-उल-फितर के मौके पर भी हुई, जब सीमा पर तैनात दोनों देशों के बलों ने एक दूसरे के साथ मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया। पाकिस्तान अखबार ट्रिब्यून ने एक पाकिस्तान रेंजर्स के सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। हालांकि, इसके पहले बीते साल नवम्बर में दिवाली के मौके पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे को मिठाई दी थी।

मोदी सरकार ने अगस्त 2019 कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया था।

# डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडेन को घेरा, कहा- मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी हमला नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
ईरान ने शनिवार देर रात इजरायल पर अटैक कर दिया है। उनकी तरफ से 200 से ज्यादा मिसाइलें दागी गई हैं। हालांकि, इजरायली सेना ने दावा किया कि हमले बड़े स्तर पर नहीं हुए क्योंकि उन्होंने कई मिसाईलों को हवा में नष्ट कर दिया। अब दोनों देशों की लड़ाई ने एक बार फिर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लेया। अमेरिका ने इजरायली नागरिकों को सुरक्षा देने की बात कही है और ईरान द्वारा किए गए हमले पर निंदा व्यक्त की। इस हमले पर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भी रिएक्शन सामने आया है और उन्होंने जो बिडेन की आलोचना करते हुए कहा कि अगर मैं राष्ट्रपति होता तो इजरायल पर हमला नहीं होता।

हमले पर रिएक्शन देते हुए ट्रंप ने कहा, अगर मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी हमला नहीं करता। उनके पास पैसे नहीं थे, लेकिन अब उनके पास 221 अरब डॉलर हैं। और इराक, जो ईरान की सहायक कंपनी बन गया है, के पास 300 अरब डॉलर हैं। हम बहुत खतरनाक दौर में हैं क्योंकि हमारे पास एक बेहद कमजोर राष्ट्रपति है जो दो वाक्यों को एक साथ नहीं रख सकता है।

इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व युद्ध होने का खतरा है। ट्रंप ने शुक्रवार को हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था, इजरायल के साथ जो चल रहा है उसका अंत विश्व युद्ध के रूप में हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि वर्तमान समय और पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच बहुत कुछ हो सकता है, विशेष रूप से कमजोर अमेरिकी नेताओं के नेतृत्व में। ईरान के हमले पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वह इस जंग में इजरायल के साथ खड़ा है।





## पाकिस्तान महंगाई में है नंबर वन, 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर के साथ पूरे एशिया में रहने की लागत सबसे अधिक है और इसकी अर्थव्यवस्था क्षेत्र में 1.9 प्रतिशत की चौथी सबसे कम गति से बढ़ सकती है। रिपोर्ट गुरुवार को मनीला में जारी की गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि एशियाई विकास आउटलुक ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए भी एक निराशाजनक तस्वीर पेश की है, जिसमें अगले वित्तीय वर्ष के लिए 15 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर का अनुमान लगाया गया है जो कि 46 देशों में फिर से सबसे अधिक है और 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर है। मनीला स्थित ऋष्ण एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में पाकिस्तान में मुद्रास्फीति की दर 25 प्रतिशत होने की उम्मीद है - जो पूरे एशिया में सबसे अधिक है। यह पाकिस्तान को एशिया का सबसे महंगा देश बनाता है। पहले, पाकिस्तान में रहने की लागत दक्षिण एशिया में सबसे अधिक हुआ करती थी। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) और संघीय सरकार ने इस वित्तीय वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का लक्ष्य 21 प्रतिशत निर्धारित किया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129